ज्ञानम सामयिकी

मई 2021

Gyanm



A Monthly Magazine by Gyanm Publications

₹70

VISIT…

Gyanm

ਹੁਣੇ ਨਹੀਂ, ਤੇ ਕਦੇ ਨਹੀਂ

ਆਖਰੀ ਮੌਕਾ ਤਿਆਰੀ ਕਰਣ ਦਾ

A MUST COURSE
TO SUCCEED IN

ਪੰਜਾਬ ਪਟਵਾਰੀ

ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ

RECORDED COURSE

With 24*7 Faculty Support

Now
in Just
₹3999/-
Limited Period Offer

Don't Miss the Opportunity..!

Gyanm

Exclusive Live &
Offline Batch for

PSPCL
CLERK
&
REVENUE
ACCOUNTANT

From
April 5th, 2021

FOR GRADUATES

Register Today | 99146-33222, 9646-888377

PUNJAB
PREVIOUS
PAPERS

UPDATED
BOOK
LAUNCHED

#ਜਾਣੋ ਪੰਜਾਬ ਦੇ
ਪਿਛਲੇ ਪੇਪਰਾਂ ਨੂੰ



BUY FROM AMAZON NOW ! LINK IN DESCRIPTION
OR ORDER @ 9646-888-377

DOWNLOAD THE
GYANM APP TODAY !

GET IT ON Google Play

Download on App Store

ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

ज्ञानम्
ज्ञानम् सामयिकी

मई - 2021

वर्ष - 5 अंक - 07

ज्ञानम् एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट प्राइवेट लिमिटेड, दूसरी मंज़िल, एससीओ: 13-14-15, सैक्टर 34-ए, चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित

विषय सूची

करैंट अफेयर्स फ़रवरी– मार्च 2021	3-42
बुलेट न्यूज़ अक्टूबर 2020 – जनवरी 2021	43-65
GK टेस्ट पेपर - 1 एवं 2	66-74
SSC – CGL TIER - I Model Test Paper	75-90
नवीनतम ज्ञान बिंदु	91-111

स्मरणीय तथ्य

रेपो दर	4.00%
रिवर्स रेपो दर	3.35%
सीमांत स्थायी सुविधा दर	4.25%
बैंक दर	4.25%
सांविधिक तरलता अनुपात-SLR	18.00%
नकद आरक्षित अनुपात - CRR	3.00%
आधार दर	8.15 to 9.40%

भारत का रैंक

ई-कॉमर्स इंडेक्स 2020	71
वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2021	139
बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक 2021	40
आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक	121
वैज्ञानिक लेख प्रकाशित	3
ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स	7
लोकतंत्र सूचकांक 2020	53
भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI)	86
नवाचार सूचकांक	50
व्यापार करने में आसानी	63
मानव स्वतंत्रता सूचकांक	111
मानव विकास सूचकांक	131
स्पैम कॉल प्राप्त	9
ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020	94
शिक्षक स्थिति सूचकांक (GTSI)	6
एशिया पावर इंडेक्स 2020	4
वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक	106
मानव पूंजी सूचकांक	116
ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स	48
विश्व जोखिम सूचकांक (WRI)	89

राष्ट्रीय समाचार

मार्च

पीएम मोदी का बांग्लादेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26-27 मार्च को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर राजधानी ढाका गए. उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया. यह यात्रा तीन युगांतरकारी घटनाओं -मुजीब बोरशो- शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी; भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष; और बांग्लादेश की स्वतंत्रता के 50 वर्ष के स्मरणोत्सव के संबंध में थी.

बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना बांग्लादेश के जनक एवं प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं. मोहम्मद अब्दुल हमीद बांग्लादेश के वर्तमान राष्ट्रपति हैं.

अमेरिकी रक्षा सचिव का भारत दौरा

अमेरिकी रक्षा सचिव (भारतीय रक्षा मंत्री के समकक्ष) लॉयड जे ऑस्टिन III तीन दिवसीय यात्रा पर 19 मार्च को भारत पहुंचे. बाइडन प्रशासन के किसी मंत्री का ये पहला भारत का दौरा है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की. बैठक के दौरान दोनों ने सुरक्षा और रक्षा के विभिन्न पहलुओं में आपसी हित, रणनीतिक साझेदारी और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की. दोनों देशों ने स्वतंत्र और मुक्त क्षेत्रीय व्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रति अपनी कटिबद्धता दोहराई.

फिनलैंड और भारत की वर्चुअल समिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड के प्रधानमंत्री सना मारिन के बीच 16 मार्च को आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया. इस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के भावी मसौदे की रणनीति तैयार की और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया. भारत में फिनलैंड की लगभग 100 कंपनियां टेलीकॉम, लिफ्ट, मशीनरी और (अक्षय ऊर्जा सहित) ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं. फिनलैंड में मुख्य रूप से आईटी, वाहनों के कलपुर्ज़े बनाने और आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी) क्षेत्र में लगभग 30 भारतीय कंपनियां सक्रिय हैं.

समुद्री स्थानिक योजना पर सहमत हुए भारत, नॉर्वे

भारत और नॉर्वे अगले 5 वर्षों के लिए समुद्र में समुद्री स्थानिक योजना के क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमत हो गए हैं. दोनों देश तटीय क्षेत्रों में सामजिक- आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु समुद्री संसाधनों जैसे ऊर्जा, परिवहन, मत्स्य पालन, जलीय कृषि और पर्यटन के सततशील प्रयोग के लिए मदद प्रदान करेंगे. समुद्री स्थानिक योजना पहल पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा भारत में राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र के माध्यम से लागू की जाएगी.

स्वीडिश प्रधानमंत्री के साथ शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 मार्च को अपने स्वीडिश समकक्ष स्टीफन लोफवेन के साथ एक आभासी शिखर सम्मेलन में भाग लिया. शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने समूचे द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की और COVID के बाद के समय में सहयोग को और मज़बूत करने सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श किया.

भारत में लगभग 250 स्वीडिश कंपनियां स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, ऑटो उद्योग, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, रक्षा, भारी मशीनरी और उपकरणों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं. स्वीडन में भी लगभग 75 भारतीय कंपनियां सक्रिय हैं.

भारत ने संभाली ब्रिक्स की अध्यक्षता

भारत ने 24-26 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय शेरपा बैठक के साथ 2021 के लिए अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता शुरू की. बैठक की अध्यक्षता सचिव (CPV और OIA) संजय भट्टाचार्य ने की. इस वर्ष का विषय है- "BRICS@15: Intra BRICS Cooperation for Continuity, Consolidation and Consensus" भारत से पहले रूस ने ब्रिक्स की अध्यक्षता की थी.

आज़ादी के 'अमृत महोत्सव' का शुभारंभ

भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने मेगा इवेंट 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत 12 मार्च को अहमदाबाद (गुजरात) के साबरमती आश्रम से जिला नवसारी (गुजरात) में दांडी तक पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सभी मंडलीय सांस्कृतिक केंद्रों, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, युवा मामले मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय को इस अवसर का जश्न मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाने को कहा गया है. भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न आयोजनों की रूपरेखा बनाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति का भी गठन किया गया है.

मैरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन -2021

2 मार्च से 4 मार्च तक तीन दिवसीय मैरीटाइम इंडिया समिट -2021 का वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर आयोजन किया गया. इस शिखर सम्मेलन में अगले दशक तक भारत के समुद्री क्षेत्र की रूपरेखा पर चर्चा हुई, वैश्विक समुद्री क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने की संभावनाओं का पता लगाया गया और प्रत्येक भारतीय समुद्र तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में निवेश के व्यापक अवसर प्रस्तुत किये गए. डेनमार्क इस शिखर सम्मेलन का भागीदार देश था.

नेपाली स्थलों के नवीनीकरण को मदद देगा भारत

भारत ने नेपाल में तीन और सांस्कृतिक विरासती स्थलों के पुनर्निर्माण के लिए 15.50 करोड़ रु की मदद देने का निर्णय लिया है. ध्यातव्य है कि 28 विरासती स्थलों में से छह स्थलों पर काम पहले ही पूरा हो चुका है. इस पुनर्स्थापना और पुनर्निर्माण समझौता ज्ञापन में शामिल स्थल हैं: ललितपुर में जेष्ठ वर्ण महाविहार, सिंधुपालचौक जिले में सुलग्यांग गुंबा और श्रमथंग गुंबा.

UNDP ने की 'सही दिशा' की शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने भारत के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की आजीविका और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए 'सही दिशा' नामक अभियान की शुरुआत की है. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद देने पर लक्षित इस अभियान के तहत उद्यमों को शुरू करने में आने वाली दिक्कतों को रेखांकित किया जाएगा. दिशा फाउंडेशन IKEA फाउंडेशन और UNDP के बीच सहयोग का पांच वर्षीय कार्यक्रम है. इसकी मदद से ग्रामीण भारत में 10 लाख महिलाओं को परामर्श और कौशल सेवाओं के माध्यम से आजीविका और नौकरियों तक पहुंच पाने में सक्षम किया गया है.

गूगल का 'वुमेन विल' देगा महिलाओं को प्रशिक्षण

भारत में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करने के लक्ष्य से गूगल ने भारत और दुनिया भर में गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक उद्यमों को अनुदान के तौर पर 2. 5 करोड़ डॉलर (करीब 183 करोड़ रुपए) देने की घोषणा की है. इसके अलावा इसने भारत में नया वेब प्लेटफॉर्म 'Women Will' भी लॉन्च किया है. इस मंच के ज़रिये भारत में 10 लाख ग्रामीण महिलाओं को त्वरक कार्यक्रमों, कारोबारी ट्यूटोरियल और मार्गदर्शन की मदद से उद्यमी बनने में मदद मिलेगी. 6 साल में 80,000 से अधिक 'इंटरनेट साथियों' ने पूरे भारत में 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लाभ पहुंचाया है. कंपनी ने डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के ज़रिये एक लाख महिला कृषि श्रमिकों को मदद पहुंचाने के लिए नैसकॉम फाउंडेशन को 500,000 डॉलर का अनुदान देने की घोषणा भी की है.

2023: अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट) वर्ष

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को भारत द्वारा प्रायोजित और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित प्रस्ताव अपना कर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है. इसका उद्देश्य मोटे अनाज के स्वास्थ्य लाभों और बदलती हुई परिस्थितियों में इसकी उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. छोटे दाने वाली इन फसलों के लिए कम उपजाऊ जमीन भी काफी लाभप्रद साबित होती है.

मोटे अनाज में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिजों का भंडार पाया जाता है. इनमें ज्वार (सोरघम), रागी (फिंगर मिलेट), कोर्रा (फॉक्सटेल मिलेट), अर्क (कोदो मिलेट), साम (लिटेल मिलेट), बाजरा (पर्ल मिलेट), चेना / बर्र (प्रोसो मिलेट) और सानवा (बरनार्ड मिलेट) शामिल हैं.

महिलाओं ने संचालित किया पहला कार्गो शिप

अपने डायमंड जुबली समारोह के भाग के तौर पर शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मालवाहक जहाज़ एमटी स्वर्ण कृष्णा पर 'ऑल वुमन ऑफिसर्स' को झंडी दिखाकर रवाना किया. वैश्विक समुद्रिक इतिहास में पूर्णतया महिला अधिकारियों द्वारा संचालित मालवाहक समुद्री जहाज़ रवाना किये जाने का यह पहला उदाहरण है.

लोकसभा और राज्यसभा टीवी का हुआ विलय

सरकार ने राज्यसभा टीवी और लोकसभा टीवी चैनलों का विलय करने का फैसला किया है. नया चैनल अब 'संसद टीवी' के नाम से जाना जाएगा. सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रवि कपूर को नए चैनल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है. ये दोनों चैनल सरकार के स्वामित्व में थे. 2004 में ये दो समर्पित उपग्रह चैनल संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने के लिए स्थापित किए गए थे.

भारत ने ताइवान को दिया अनुदान

भारत ने पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ताइवान के नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ चाइनीज मेडिसिन को 15 लाख रूपये का दान दिया है. यह पहली बार है जब भारत सरकार ने ताइवान की किसी सरकारी संस्था को दान दिया है.

मानव प्रदर्शन में भारत सर्वश्रेष्ठ

दुनिया की प्रमुख वाणिज्यिक रियल एस्टेट और निवेश प्रबंधन कंपनी जेएलएल द्वारा जारी एशिया पैसिफिक क्षेत्र मानव प्रदर्शन संकेतक (HPI) में भारत को अग्रणी बताया गया है. भारत में उच्च प्रदर्शन करने वाले 81 प्रतिशत कर्मी लचीले कार्य समय और घर-से-काम सहित लचीली कार्य परिपाटियाँ अपनाते हैं. एशिया प्रशांत HPI के निष्कर्ष पांच देशों में 1,500 कर्मचारियों के अध्ययन पर आधारित हैं. HPI का आंकलन मानव प्रदर्शन को उच्चतर स्तर तक ले जाने में स्थान, प्रौद्योगिकी और संस्कृति जैसे कारकों के आधार पर किया जाता है.

HPI -Human Performance Indicator

ई-कॉमर्स इंडेक्स में भारत 71वें स्थान पर

UNCTAD के बिजनेस-टू-कंज़्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स 2020 के अनुसार स्विट्जरलैंड ई-कॉमर्स अपनाने के मामले में सबसे अधिक तत्तपर राष्ट्र है. 2019 में स्विट्जरलैंड की 97% जनता ने ऑनलाइन खरीदारी के लिए इंटरनेट का उपयोग किया. इसके बाद नीदरलैंड और डेनमार्क दूसरे और तीसरे स्थान पर आते हैं. वहीं भारत को 71वां स्थान मिला है.

यह सूचकांक 152 देशों में ऑनलाइन खरीदारी के मामले में लोगों की तत्परता के आंकलन पर आधारित है. 2018 में वैश्विक ऑनलाइन बाजार का आकार अनुमानित 4.4 खरब डॉलर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7% अधिक है. सूचकांक में प्रतिभागी देशों का आंकलन सुरक्षित इंटरनेट सर्वर तक पहुंच, डाक सेवाओं और बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता, और इंटरनेट का प्रयोग करने वाली और किसी वित्तीय संस्थान या मोबाइल मनी सेवा प्रदाता की खाताधारक आबादी के आधार पर किया जाता है.

वैचारिक मंच ने घटाई भारत की स्वतंत्रता रैंकिंग

वाशिंगटन स्थित विख्यात वैचारिक मंच फ्रीडम हाउस ने भारत में व्याप्त स्वतंत्रता की स्थिति को "मुक्त" से घटाकर "आंशिक रूप से मुक्त" श्रेणी में डाल दिया है. इसका कहना है कि साल 2014 से भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद से भारत में नागरिक स्वतंत्रताओं का उल्लंघन हो रहा है. इस रिपोर्ट में विशेष रूप से राजद्रोह क़ानून के इस्तेमाल, मुस्लिमों पर हुए हमलों और लॉकडाउन सहित सरकार द्वारा कोरोनावायरस से निपटने की रणनीति का ज़िक्र किया गया है.

रिपोर्ट में भारत का स्कोर 71 से घटकर 67 रह गया है.

सर्वाधिक मुक्त देशों (फिनलैंड, नॉर्वे, स्वीडन) को अधिकतम 100 का स्कोर दिया गया है. 211 देशों में भारत की रैंकिंग 83वें स्थान से फिसलकर 88वें स्थान पर आ गई है. सबसे निचले पायदान पर तिब्बत और सीरिया मौजूद हैं, जिन्होनें मात्र 1-1 का स्कोर हासिल किया है.

वैश्विक प्रसन्नता रिपोर्ट 2021

19 मार्च को यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क द्वारा जारी संयुक्त राष्ट्र वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट 2021 में दुनिया भर से 149 देशों को उनके नागरिकों की प्रसन्नता के स्तर के आधार पर रैंकिंग दी गई. नागरिकों द्वारा अपने वैक्तिक मूल्यांकन के आधार पर संकलित यह रिपोर्ट COVID-19 के प्रभावों और दुनिया भर के लोगों पर इसका कैसा प्रभाव पड़ा है, इस बात पर केंद्रित है. इस आंकलन में शामिल कारकों में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, जीवन प्रत्याशा के स्वस्थ वर्ष, स्वतंत्रता और सरकार और व्यापार में कथित भ्रष्टाचार शामिल हैं.

इस रिपोर्ट में भारत को 139वीं रैंक पर रखा गया है जबकि फिनलैंड को दुनिया के सर्वाधिक प्रसन्न देश का दर्जा दिया गया है. फ़िनलैंड के बाद आइसलैंड और डेनमार्क का स्थान है. हैरानी की बात यह है कि हमारे पड़ोसियों बांग्लादेश और पाकिस्तान ने क्रमशः 101वें और 105वें स्थान हासिल कर हमसे बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है. युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में लोग अपने जीवन से सर्वाधिक नाखुश हैं, जिसके बाद ज़िम्बाब्वे (148वें) और रवांडा (147वें) आते हैं.

IP इंडेक्स में भारत बना फिसड्डी

यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर (GIPC) ने 53 अर्थव्यवस्थाओं में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का मूल्यांकन कर अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2021 जारी किया है. इस सूचकांक में 95.31% के समग्र स्कोर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर है, जिसके बाद इंग्लैंड (93.90%) और जर्मनी (92.27%) आते हैं. 38.40% के स्कोर के साथ भारत को 40वें स्थान पर रखा गया है. 14.10% के स्कोर के साथ वेनेज़ुएला 53 देशों पर आधारित इस सूचकांक में सबसे नीचे है, जिससे पहले पाकिस्तान (26.43%) आता है.

यह सूचकांक बौद्धिक संपदा से संबंधित 50 संकेतकों पर आधारित है, जिन्हें 9 श्रेणियों में बांटा जाता है: पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिज़ाइन अधिकार, व्यापार रहस्य और बाज़ार पहुंच, आईपी परिसंपत्तियों का व्यवसायीकरण, प्रवर्तन, व्यवस्थित दक्षता और अंतर्राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संधियों का समर्थन.

भारत आर्थिक स्वतंत्रता में बहुत पीछे

अमेरिकी कंज़र्वेटिव वैचारिक मंच हेरिटेज फाउंडेशन ने जुलाई 2019 से जून 2020 तक की अवधि के लिए 184 देशों के आंकलन पर आधारित "आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक" जारी किया. इस सूचकांक में देशों को चार क्षेत्रों (कानून का शासन, सरकार का आकार, नियामक दक्षता और खुले बाज़ार) में उपलब्ध स्वतंत्रता की सीमा के आधार पर रैंक किया जाता है. सिंगापुर लगातार दूसरे वर्ष इस वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर रहा, जिसके बाद न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया आते हैं. सूचकांक में सबसे नीचे उत्तर कोरिया है, जिससे पहले वेनेज़ुएला और क्यूबा आते हैं. भारत सूचकांक में 121वें स्थान पर रहा, जो कि छोटे पड़ोसी बांग्लादेश (120वां) से भी एक पायदान नीचे है.

नई दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी

स्विस संगठन IQAir ने 2020 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में लगातार तीसरे वर्ष भी नई दिल्ली को दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया है. नई दिल्ली को विश्व स्तर पर 10वां सबसे प्रदूषित शहर क़रार दिया गया है. दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषित शहर चीन का शिनजियांग है, जिसके बाद दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में नौ भारतीय शहर आते हैं. IQAir की रिपोर्ट में वायु की गुणवत्ता को ज़मीनी निगरानी स्टेशनों से मापे जाने वाले, फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले हवाई कणों PMP 2.5 की घनता के आधार पर मापा जाता है.

फ़रवरी

भारत ने की सार्क बैठक की मेज़बानी

मौजूदा COVID-19 संकट के बारे में चर्चा करने और इससे निपटने की सर्वोत्तम परिपाटियों के आदान-प्रदान के लिए भारत ने 18 फरवरी को दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के देशों के साथ आभासी मोड में स्वास्थ्य सचिव-स्तरीय बैठक की मेज़बानी की.

सार्क (SAARC) में 8 दक्षिण एशियाई राष्ट्र जैसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और भारत शामिल हैं. नेपाल ने नवंबर 2014 में सार्क नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी. यह आखिरी बार था जब इन देशों के नेताओं ने एक मंच साझा किया था.

SAARC- The South Asian Association of Regional Cooperation

वैश्विक सतत विकास शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 फरवरी को वैश्विक सतत विकास शिखर सम्मेलन-2021 का उद्घाटन किया. इस शिखर सम्मेलन का विषय था - 'हमारे साझा भविष्य का पुनर्परिभाषण: सभी के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण'. यह शिखर सम्मेलन नई दिल्ली स्थित अनुसंधान संगठन द एनर्जी एंड रिसोर्सेज़ इंस्टीट्यूट (TERI) द्वारा आयोजित किये जाने वाले मुख्य कार्यक्रम का 20वां संस्करण था.

CECPA पर हुए हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 17 फरवरी को भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (CECPA) पर हस्ताक्षर करने को मंज़ूरी दे दी. CECPA दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने और उसे बेहतर बनाने के लिए एक संस्थागत तंत्र प्रदान करेगा. यह किसी अफ्रीकी देश के साथ भारत द्वारा किया गया पहला व्यापार समझौता है.

CECPA- Comprehensive Economic Cooperation and Partnership Agreement

भारत बनाएगा काबुल में शहतूत बाँध परियोजना

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी के बीच 9 फरवरी को आभासी शिखर सम्मेलन हुआ. दोनों पक्षों ने काबुल नदी पर शहतूत बांध परियोजना के निर्माण से जुड़े समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. यह बाँध काबुल शहर की सुरक्षित पेयजल की ज़रूरतों को पूरा करेगा और इससे आस-पास के क्षेत्रों में सिंचाई के पानी और बिजली की आपूर्ति भी होगी. यह परियोजना भारत और अफगानिस्तान के बीच नई विकास साझेदारी का हिस्सा है.

SII और UNICEF में समझौता

पेरिस स्थित UNICEF ने एस्ट्रानेजेका/ऑक्सफोर्ड और नोवावैक्स वैक्सीन की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII)) के साथ एक समझौता किया है. UNICEF (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) ने लगभग 100 देशों के लिए टीकों की 1.1 अरब खुराकें खरीदने की योजना बनाई है. प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राज़ेनेका का उत्पादन कोविशिल्ड के नाम से और अमेरिका की नोवावैक्स कंपनी की वैक्सीन का उत्पादन नोवावैक्स के नाम से किया जाएगा.

UNICEF की योजना के अनुसार कोविड -19 टीकों तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली कोवैक्स पहल के तहत 145 देशों में प्रमुख कार्मिकों और अन्य संवेदनशील व्यक्तियों को इस वर्ष की पहली छमाही में कोविड -19 टीके लगाए जाएंगे.

'आत्मनिर्भरता' ऑक्सफोर्ड का सबसे लोकप्रिय हिन्दी शब्द

ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस ने 'आत्मनिर्भरता' को वर्ष 2020 के सर्वाधिक लोकप्रिय शब्द के तौर पर (वर्ड ऑफ द ईयर) चुना है. इस शब्द का चयन भाषा विशेषज्ञों के एक पैनल ने किया. भारत में ही COVID-19 वैक्सीन का सफल निर्माण होना 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है.

इंडिया गेट की स्थापना के पूरे हुए 100 साल

नई दिल्ली के प्रतिष्ठित स्मारक "इंडिया गेट" ने 10 फरवरी को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर लिए. ऐतिहासिक रिकॉर्डों के अनुसार दिल्ली में ऑल इंडिया वॉर मेमोरियल आर्क या जिसे आज इंडिया गेट कहते हैं, की आधारशिला 10 फरवरी, 1921 को ब्रिटेन के ड्यूक आफ़ कनॉट प्राइस आर्थर ने अपनी भारत यात्रा के दौरान रखी थी. 42 मीटर ऊंचे गेट का निर्माण अगले दस साल में पूरा किया गया.

यह स्मारक प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) और तीसरे एंग्लो-अफगान युद्ध (1919) में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में बनाया गया था. इसकी सतह पर 13,516 सैनिकों के नाम अंकित हैं.

यह स्मारक गेट नई दिल्ली के मुख्य वास्तुकार और अनेक युद्ध स्मारकों के प्रमुख डिजाइनर रहे सर एडविन लुटियन द्वारा डिज़ाइन किया गया था. स्मारक के नीचे बनी अमर जवान ज्योति का निर्माण 1972 में भारत-पाक युद्ध (1971) में शहीद हुए सैनिकों की याद में किया गया था.

भारत में चली दुनिया की सबसे लंबी मालगाड़ी

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे (SECR) ज़ोन ने लगभग 3.5 किमी लंबाई की एक इकाई के रूप में मालगाड़ियों के पाँच रेक में 300 वैगनों को जोड़कर दुनिया की सबसे लंबी मालगाड़ी 'वासुकी' का सफलतापूर्वक संचालन करके एक नया रिकॉर्ड बनाया. इस मालगाड़ी ने छत्तीसगढ़ के भिलाई और कोरबा के रेलवे स्टेशनों के बीच 224 किमी की दूरी तय करने में लगभग सात घंटे का समय लिया.

8वां भारत अंतर्राष्ट्रीय रेशम मेला

31 जनवरी से 4 फरवरी तक भारतीय अंतर्राष्ट्रीय रेशम मेले का आठवां संस्करण COVID-19 महामारी के कारण भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित किया गया. इस मेले को भारत का सबसे बड़ा रेशम मेला माना जाता है. भारत में रेशम उत्पादन का एक लंबा इतिहास है और चीन के बाद यह रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है.

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो रेशम की सभी चार प्रमुख किस्मों -- शहतूत, एरी, तसर, और मुगा का उत्पादन करता है. भारत में पोचमपल्ली इकत, चंद्रपॉल सिल्क, मैसूर सिल्क, कांचीपुरम सिल्क, मुगा सिल्क, सलेम सिल्क, अरनी सिल्क, चम्पा सिल्क, भागलपुर सिल्क, बनारस ब्रोकेड और साड़ी आदि जैसे लगभग 11 उत्पादों को भौगोलिक संकेत (GI) उपलब्ध हैं.

वैज्ञानिक लेखों के प्रकाशन में भारत तीसरा

अमेरिकी एजेंसी नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) के आंकड़ों के अनुसार वैज्ञानिक लेखों के प्रकाशन के मामले में विश्व स्तर पर भारत वर्तमान में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है. वर्ष 2018 में प्रकाशित 1,35,788 वैज्ञानिक लेखों के साथ भारत ने वैज्ञानिक प्रकाशनों के लिहाज़ से 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है, जबकि इसी मामले में वैश्विक औसत दर 4.9 प्रतिशत है.

जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 7वें स्थान पर

बॉन स्थित पर्यावरण थिंक टैंक जर्मनवॉच द्वारा प्रकाशित ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2021 ने भारत को उन देशों के मामले में सातवें स्थान पर रखा है, जो वर्ष 2019 में तूफान, बाढ़ और हीटवेव जैसी चरम मौसम की घटनाओं से सबसे अधिक पीड़ित थे. ग्लोबल वार्मिंग की वजह से चक्रवातों की आवृत्ति में वृद्धि, ग्लेशियरों के पिघलने की गति में तेज़ी, और हीटवेव होती है. मार्च 2019 में चक्रवात इडाई के कारण हुई तबाही के कारण मोजाम्बिक और जिम्बाब्वे दो सबसे अधिक प्रभावित देश रहे.

लोकतंत्र सूचकांक में भारत 2 पायदान फिसला

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (लंदन) द्वारा जारी '2020 लोकतंत्र सूचकांक' नामक वैश्विक रैंकिंग में भारत दो स्थान फिसलकर 53वें स्थान पर आ गया है. यह गिरावट अधिकारियों द्वारा "लोकतांत्रिक मूल्यों से पलायन" और नागरिकों के अधिकारों पर की गई "कार्रवाई" के कारण आयी. 2019 में भारत का कुल स्कोर 6.9 से गिरकर 6.61 हो गया. यह सूचकांक विश्व भर के 167 देशों में लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति की झलक दिखाता है, जिसमें कहा गया है कि कोरोनोवायरस महामारी से निपटने में अधिकारियों ने 2020 में नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन किया है. सूचकांक में नॉर्वे शीर्ष पर रहा, जिसके बाद आइसलैंड और स्वीडन आते हैं. उत्तर कोरिया इस सूचकांक में सबसे निचले पायदान पर रहा.

भ्रष्टाचार सूचकांक में 6 कदम फिसला भारत

बर्लिन स्थित एनजीओ ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी 180 देशों के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) 2020 में भारत पिछले साल के रैंक से छह स्थान फिसलकर 86वें नंबर पर पहुंच गया है. 2020 में भारत का CPI स्कोर 40 रहा. भारत बुर्किना फासो, मोरक्को, पूर्वी तिमोर, त्रिनिदाद और टोबैगो और तुर्की के साथ संयुक्त रूप से इस स्थान पर है. न्यूज़ीलैंड और डेनमार्क ने संयुक्त रूप से 88 का स्कोर हासिल कर पहला स्थान हासिल किया है. 12 का स्कोर हासिल कर सोमालिया और दक्षिण सूडान 179वें यानी सबसे निचले स्थान पर हैं.

भारत नवाचार में 50वें स्थान पर

नवीनतम ब्लूमबर्ग नवाचार सूचकांक के अनुसार दक्षिण कोरिया सर्वाधिक नवाचारी देश है. इस सूचकांक में सिंगापुर दूसरे और स्विटजरलैंड तीसरे स्थान पर हैं. इस सूचकांक में सात समान भारिता वाले मापदंडों (अनुसंधान और विकास की तीव्रता, विनिर्माण क्षमता, उत्पादकता, उच्च तकनीक का घनत्व, तृतीयक दक्षता, शोधकर्मियों की सांद्रता और पेटेंट गतिविधियां) के आधार पर विभिन्न देशों का आकलन किया जाता है. 111 देशों के अध्ययन में भारत को 50वें स्थान पर रखा गया है. ब्लूमबर्ग न्यूयॉर्क स्थित वैश्विक वित्तीय और मीडिया समूह है.

भारत और नेपाल की सांझी सड़क का उद्घाटन

भारत और नेपाल ने संयुक्त रूप से नेपाल के कई क्षेत्रों को भारतीय सीमाओं से जोड़ने वाली एक नवनिर्मित 108 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया है. यह सड़क भारतीय सीमा लक्ष्मीपुर-बलारा को नेपाल के सरलाही ज़िले के गढ़ैया से जोड़ती है.

भारत और नेपाल ने 32.63 करोड़ रुपये की लागत से हिमालयी राष्ट्र में 6 माध्यमिक विद्यालयों के पुनर्निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.

ख़बर राज्यों से

मार्च

लक्षद्वीप और बडगाम टीबी से मुक्त

24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सरकार ने लक्षद्वीप और जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले को पहला टीबी-मुक्त क्षेत्र घोषित किया. हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रथम स्थान दिया गया है. भारत 2025 तक टीबी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है. वर्तमान में दुनिया भर में टीबी के कुल मामलों से 30 प्रतिशत मामले भारत में पाए जाते हैं. संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत स्वास्थ्यगत लक्ष्यों में भी वर्ष 2030 तक टीबी को समाप्त करने की बात कही गई है.

ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स में बेंगलुरु सर्वोत्तम

केंद्रीय आवास और शहरी मामले मंत्रालय द्वारा 4 मार्च को जारी 'ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स' के अनुसार इस सूचकांक में शामिल 111 शहरों में से रहने के मामले में बेंगलूरु सर्वोत्तम शहर है, इसके बाद पुणे और अहमदाबाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. कम आबादी वाले शहरों की सूची में शिमला को सर्वोच्च स्थान दिया गया. यह सूचकांक चार श्रेणियों - जीवन की गुणवत्ता, शहर की आर्थिक क्षमताओं, सततशीलता और लचीलापन के कुल 15 मानदंडों के आधार पर संकलित किया गया था.

वन धन विकास योजना में मणिपुर सर्वश्रेष्ठ

स्थानीय आदिवासियों के लिए अधिकाधिक रोज़गार सृजित करने पर लक्षित सरकार की वन धन विकास योजना के तहत मणिपुर को सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है. वन धन कार्यक्रम का उद्देश्य वनों में रह रही जनजातियों हेतु सततशील आजीविका निर्माण को बढ़ावा देने के लिए वन धन केंद्रों की स्थापना कर लघु वन उपज की ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और विपणन करना है. यह योजना राज्य सरकार द्वारा ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया TRIFED के मार्गदर्शन में कार्यान्वित की जा रही है.

सर्वोत्तम हैं इंदौर और नई दिल्ली नगरपालिकाएं

आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने 111 भारतीय शहरों की नगरपालिकाओं पर नगरपालिका आधारित प्रदर्शन सूचकांक (MPI) 2020 की अंतिम रैंकिंग जारी की है. इस रैंकिंग में नगरपालिकाओं को आबादी के आधार पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है: 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या और 10 लाख से कम जनसंख्या वाले शहर.

10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर नगरपालिका सबसे ऊपर रही, जिसके बाद सूरत और भोपाल आते हैं. 10 लाख से कम जनसंख्या वाली श्रेणी में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) सर्वोत्तम के तौर पर उभरी, जिसके बाद तिरुपति और गांधीनगर आते हैं. इस सूचकांक से नगरपालिकाओं को अपना नियोजन और प्रबंधन बेहतर बनाने, शहरी प्रशासन में कमियों को दूर करने और शहरों को रहने हेतु बेहतर जगह बनाने में मदद मिलेगी.

भारत का पहला वन चिकित्सा केंद्र

रानीखेत (उत्तराखंड) में देश के पहले वन चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया गया है. यह केंद्र उत्तराखंड वन विभाग के रिसर्च विंग द्वारा वनों के उपचार संबंधी गुणों और समग्र स्वास्थ्य पर इनके लाभकारी प्रभावों के बारे में हुए शोध के आधार पर विकसित किया गया है. लगभग 13 एकड़ के क्षेत्र में फैला यह केंद्र मुख्यता देवदार से भरपूर जंगल में स्थापित किया गया है. विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि देवदार जैसे शंकुधारी पेड़ अपने आप को विभिन्न रोगाणुओं और रोगजनकों से बचाने के लिए कुछ तेल यौगिकों का उत्सर्जन करते हैं, जिन्हें फाइटॉनसाइड्स (phytoncides) कहा जाता है.

बदले में ये यौगिक हमारे रक्त में प्राकृतिक मारक कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने में मदद करते हैं, जिनसे संक्रमण और कैंसर से लड़ने और समग्र प्रतिरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है.

पहले समर्पित एक्सप्रेस कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ

देश का पहला समर्पित एक्सप्रेस कार्गो टर्मिनल केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (बेंगलुरु) में लॉन्च किया गया है. यह टर्मिनल विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय कुरियर की निर्यात और आयात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है. इस नई सुविधा से बेंगलुरु हवाई अड्डा प्रति वर्ष 150,000 मीट्रिक टन अतिरिक्त कार्गो हैंडल करने में सक्षम हो जाएगा, जिसकी बदौलत हवाई अड्डे की कुल वार्षिक कार्गो हैंडलिंग क्षमता मौजूदा 570,000 मीट्रिक टन से बढ़कर 720,000 मीट्रिक टन हो जाएगी. 2,00,000 वर्ग फीट में फैले इस टर्मिनल में डीएचएल एक्सप्रेस और फेडएक्स समेत विश्व की प्रमुख कुरियर कंपनियां मौजूद रहेंगी.

मैत्री सेतु से पूर्वोत्तर जुड़ा समुद्री मार्गों से

प्रधानमंत्री मोदी ने 9 मार्च को दक्षिण त्रिपुरा राज्य के सबरूम को बांग्लादेश के रामगढ़ को जोड़ने वाली फेनी नदी पर मैत्री सेतु (मैत्री पुल) का उद्घाटन किया. यह सेतु लोगों को स्तर पर संबंधों को बढ़ावा देने के साथ-साथ दोनों क्षेत्रों के बीच पर्यटन और व्यापार के नए अवसर पैदा करने में मदद करेगा. इस पुल से उत्तर पूर्व क्षेत्र की अब तक परिवहन के लिए सिर्फ सड़कों पर चली आ रही निर्भरता कम हो जाएगी क्योंकि अब यह क्षेत्र सीधे बांग्लादेश में चटगांव बंदरगाह और अंतर्देशीय जल मार्गों से जुड़ा रहेगा.

12 स्थलों को बनाया जाएगा "स्वच्छ पर्यटन स्थल"

केंद्र सरकार ने नवगठित जल शक्ति मंत्रालय की स्वच्छ पर्यटन स्थल पहल के तहत देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नौ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फैले कुल 12 पर्यटन स्थलों का चयन किया है. इन प्रसिद्ध स्थलों को न केवल घरेलू पर्यटकों, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करने के लिए "स्वच्छ पर्यटन स्थल" बनाया जाएगा. इस पहल के तहत चुने गए बारह स्थल हैं:

1. सांची स्तूप, मध्य प्रदेश
2. गोलकोंडा किला, हैदराबाद, तेलंगाना
3. डल झील, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर
4. अजंता की गुफाएं, महाराष्ट्र
5. आगरा किला, आगरा, उत्तर प्रदेश
6. कालीघाट मंदिर, पश्चिम बंगाल
7. कुंभलगढ़ किला, राजस्थान
8. जैसलमेर का किला, राजस्थान
9. रामदेवरा मंदिर, जैसलमेर, राजस्थान
10. रॉक गार्डन, चंडीगढ़
11. बांके बिहारी मंदिर, मथुरा, उत्तर प्रदेश
12. सूर्य मंदिर, कोणार्क, ओडिशा

प्रसाद योजना के लिए चुना गया लेह

लद्दाख में बौद्ध धर्म के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल लेह को तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिकता संवर्धन अभियान यानी 'प्रसाद योजना' (PRASAD) के राष्ट्रीय मिशन के तहत चुना गया है. इस योजना के अंतर्गत लेह शहर में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे का समग्र विकास किया जायेगा. इससे आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, विश्व स्तर के पर्यटक बुनियादी ढांचे और स्थानीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है.

PRASAD एक केंद्र सरकार की योजना है, जिसका उद्देश्य पूर्ण और सुखद धार्मिक पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध, प्राथमिकता वाले और स्थायी तरीके से एकीकृत विकास करना है.

PRASAD - तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन ड्राइव (Pilgrimage Rejuvenation and Spritual Augmentation Drive)

- *भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने झारखंड के हजारीबाग जिले में एक बौद्ध मठ की खोज की है. लगभग 900 साल पुराना मठ झारखंड के एक गाँव में एक टीले के नीचे दब गया था.*

फ़रवरी

भारत का पहला डिजिटल विश्वविद्यालय

तिरुवनंतपुरम (केरल) के पास मंगलापुरम में दो दशक पुराने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और प्रबंधन, केरल (IIITM-K) को टेक्नोसिटी में अपग्रेड करके देश का पहला डिजिटल विश्वविद्यालय बनाया गया है. नए संस्थान को केरल यूनिवर्सिटी ऑफ डिजिटल साइंसेज, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के नाम से जाना जाएगा.

भारत की पहली 'कार्बन वॉच'

चंडीगढ़ के पर्यावरण और वन विभाग द्वारा कार्बन पदचिह्नों (carbon footprint) का आकलन करने हेतु भारत की पहली 'कार्बन वॉच' नामक एक मोबाइल ऐप विकसित की गयी. यह मानवीय गतिविधि द्वारा वातावरण में जारी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की मात्रा का आकलन करता है और व्यक्तिगत स्तर पर इसे कम करने के तरीके भी सुझाता है. कार्बन फुटप्रिंट एक व्यक्ति, निगम, भवन आदि की सभी गतिविधियों से जुड़ी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की मात्रा होती है. इसमें वायुमंडल में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से छोड़ी जाने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस शामिल है.

gyanm.college Follow

1,446 posts 15.1k followers 55 following

Gyanm
🔥 Helping students realize their dreams for more than 10 years
🏆 Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!
Gyanm App👇
bit.ly/38WjkHt

Government Jobs Made Easy

Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

भारत की पहली भूतापीय विद्युत परियोजना

भारत की पहली भू- तापीय विद्युत (geothermal energy) परियोजना पूर्वी लद्दाख के पुगा गाँव में स्थापित की जाएगी. वैज्ञानिकों ने पूगा की पहचान देश में भू-तापीय ऊर्जा के हॉटस्पॉट के रूप में की है. विद्युत परियोजना, जिसे जियोथर्मल फील्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के रूप में जाना जाता है, को 2022 के अंत तक चालू करने की योजना है. पहले चरण में पायलट परियोजना 500 मीटर की गहराई के भीतर तक खोज करेगी और यह 10 पड़ोसी गांवों को 24 घंटे मुफ्त बिजली की आपूर्ति करेगी, जो बिजली आपूर्ति के लिए उत्तरी ग्रिड से नहीं जुड़े हैं. बिजली परियोजना को लागू करने के लिए ONGC एनर्जी, LAHDC, लेह और यूटी लद्दाख के बिजली विभाग के बीच एक त्रिपक्षीय MOU पर हस्ताक्षर किए गए थे.

भू-तापीय ऊर्जा (पृथ्वी की आंतरिक तापीय ऊर्जा) के उपयोग से बिजली उत्पन्न करने के लिए भू-तापीय ऊर्जा संयंत्रों का उपयोग किया जाता है. यह अनिवार्य रूप से कोयले या परमाणु ऊर्जा संयंत्र के रूप में उसी तरह से काम करते हैं, मुख्य अंतर उष्मा स्रोत है (जिसे पृथ्वी में संग्रहित ताप से निकाला जाता है). भू-तापीय ऊर्जा (जियोथर्मल पॉवर) के साथ पृथ्वी की गर्मी एक कोयला संयंत्र के बायलर या परमाणु संयंत्र के रिएक्टर की जगह लेती है.

भारत का पहला केंद्रीकृत AC रेलवे टर्मिनल

भारत का पहला केंद्रीकृत AC रेलवे टर्मिनल बेंगलुरु में फरवरी के अंत तक चालू किया जायेगा. बप्पनहल्ली में स्थित सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल केंद्रीकृत वातानुकूलित प्रणाली से लैस देश का पहला रेलवे टर्मिनल होगा, जहां रेल यात्रियों को हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिल सकेगा. इस टर्मिनल से दैनिक आधार पर लगभग 50 ट्रेनें संचालित की जा सकती हैं.

हिमाचल बना ई-कैबिनेट लागू करने वाला पहला राज्य

हिमाचल प्रदेश अपने यहां कैबिनेट की कार्यवाही कागज-रहित बनाकर ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है. अब कैबिनेट ज्ञापन से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया, जिसमें ज्ञापन की शुरुआत, संबंधित सचिव, मुख्य सचिव और संबंधित मंत्री द्वारा स्वीकृति और अंतत: मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञापन को कैबिनेट के समक्ष रखा जाना इत्यादि शामिल है, को ऑनलाइन कर दिया गया है. ई-कैबिनेट एप्लिकेशन एंड्रॉइड डिवाइस पर मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध है.

भारत का सबसे बड़ा मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

गुजरात सरकार ने अहमदाबाद के विरोचनगर में भारत के सबसे बड़े मल्टी- मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण के लिए भारत के सबसे बड़े बंदरगाहों के ऑपरेटर अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) के साथ एक समझौता किया. साणंद ऑटोमोबाइल हब के पास 1,450 एकड़ में फैले इस पार्क में लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा. पार्क में स्थापित होने वाले एयर कार्गो टर्मिनल में 4.6 किमी लंबा रनवे बनेगा, जो बड़े कार्गो विमानों को संभालने (टेकऑफ और लैंड करने) में सक्षम होगा.

भारत का सबसे लंबा सड़क आर्च ब्रिज

22 जनवरी को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहबर में भारत के सबसे लंबे सड़क आर्च ब्रिज "वहरू ब्रिज" का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया. वहरू नदी के ऊपर 169.35 मीटर लंबा यह सिंगल आर्क ब्रिज भोलागंज और सोह्बर को नोंगजरी से जोड़ता है.

श्रावस्ती है सर्वाधिक महत्त्वाकांक्षी ज़िला

सरकार के मुख्य वैचारिक मंच नीति आयोग की ताज़ा सूची के अनुसार दिसंबर 2020 में उत्तर प्रदेश का श्रावस्ती जिला महत्त्वाकांक्षी ज़िलों की सूची में प्रथम रहा. यह सूची छह पैमानों पर हुए सुधार के आधार पर संकलित की गई है - स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, खेतीबाड़ी एवं जल स्रोत, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत अवरंचना.

जनवरी 2018 में शुरू किये गए महत्त्वाकांक्षी ज़िला कार्यक्रम का मक़सद मुख्य सामाजिक क्षेत्रों में तुलनात्मक तौर पर कम प्रगति और विकास हासिल करने वाले ज़िलों का कायाकल्प करना है.

घर- घर राशन पहुंचाएगी आंध्र सरकार

आंध्र प्रदेश ने राज्य भर में राशन कार्ड धारकों को चावल के वितरण की शुरुआत की है. गाँव और वॉलेंटियर सिस्टम का उपयोग करके चावल कार्डधारकों के दरवाजे तक वितरित किया जाएगा और उनकी उंगलियों के निशान लेकर सटीक वजन के साथ दोबारा इस्तेमाल के योग्य (रीयूजएबल) बैग में राशन की आपूर्ति की जाएगी.

राशन की आपूर्ति के लिए 539 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 9,260 मोबाइल वाहन खरीदे गए हैं. बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार गारंटी योजना के तहत सरकार द्वारा ये वाहन विभिन्न निगमों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को 60 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए हैं.

छात्राओं को मुफ्त दूध देगा सिक्किम

सिक्किम राज्य ने राजधानी गंगटोक में सिक्किमी छात्राओं के लिए उपहार के तौर पर 'मुफ्त दूध' पहल की शुरूआत की. इससे करीब 1500 छात्राओं को फायदा होगा. उन्हें प्रतिदिन 200 मिलीलीटर दूध उपलब्ध कराया जाएगा. इस परियोजना का उद्देश्य युवा पीढ़ी की कुपोषण और स्वास्थ्य से जुडी अन्य समस्याओं का उन्मूलन करना है.

हैदराबाद बना "ट्री सिटी ऑफ़ वर्ल्ड"

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और आर्बर डे फाउंडेशन ने शहरी वनों को उगाने और बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए हैदराबाद को "2020 ट्री सिटी ऑफ़ वर्ल्ड" के रूप में मान्यता दी है. यह मान्यता शहर के वृक्षारोपण, पेड़-पौधों के विकास हेतु निरंतर और संस्थागत प्रयासों के लिए, शहरी और अर्ध-शहरी वानिकी कार्यों, परियोजनाओं के अलावा रणनीतिक योजना और स्वस्थ शहर के निर्माण की प्रतिबद्धता के विकास की एक साक्ष्य है. विश्व में ऐसे 119 शहरों का चयन किया गया है. FAO - Food and Agriculture Organization

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को मिली मंज़ूरी

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने 13,000 करोड़ रुपए की लागत वाले प्रस्तावित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को मंज़ूरी दे दी है. इसके बनने के बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय 6.5 घंटे से काम होकर 2.5 घंटे रह जाएगा. नए एक्सप्रेसवे में 10 एलिवेटेड रोड होंगे. यह देश का पहला राजमार्ग होगा जिसमें वन्यजीव संरक्षण के लिए 12 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर भी होगा.

उत्तराखंड में फिर हुई तबाही

7 फरवरी को सुबह उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ के तपोवन क्षेत्र में नंदा देवी ग्लेशियर का एक हिस्सा टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिर गया, जिससे नदी में भीषण बाढ़ आ गई. इस जल प्रलय ने ऋषिगंगा जल विद्युत परियोजना को नष्ट कर दिया. अलकनंदा नदी की सहायक नदी धौलीगंगा पर तपोवन में NTPC की डाउनस्ट्रीम पनबिजली परियोजना को भी बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया. इसके अलावा यहां काम कर रहे 150 से ज्यादा लोग लापता बताए गए हैं. NTPC- National Thermal Power Corporation

लखवार बिजली परियोजना को मंजूरी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने देहरादून ज़िले (उत्तराखंड) में यमुना नदी पर 5747.17 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली लखवार बिजली परियोजना को मंजूरी दे दी है. यह परियोजना प्रति वर्ष 57.25 करोड़ यूनिट तक बिजली का उत्पादन करने के साथ- साथ छह राज्यों (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान) को सिंचाई हेतु और पीने के लिए शुद्ध जल भी प्रदान करेगी.

47वां खजुराहो नृत्य महोत्सव

सप्ताह भर (20 से 26 फरवरी तक) चलने वाले 47वें खजुराहो नृत्य महोत्सव का आयोजन खजुराहो (मध्य प्रदेश) में किया गया. भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा पर आधारित यह महोत्सव 44 वर्षों के अंतराल के बाद खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह के मंदिर परिसर में आयोजित किया गया था.

STARS के लिए 50 करोड़ डॉलर का ऋण स्वीकृत

विश्व बैंक ने छह भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और संचालन में सुधार लाने के उद्देश्य से STARS नामक कार्यक्रम के लिए 50 करोड़ डॉलर का ऋण स्वीकृत किया है. 15 लाख स्कूलों के 25 करोड़ छात्र (छह वर्ष और 17 वर्ष के बीच) और एक करोड़ से अधिक शिक्षक इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे. STARS - Strengthening Teaching-Learning and Results for States Program

चिराग परियोजना हेतु विश्व बैंक ऋण

विश्व बैंक ने छत्तीसगढ़ के दूरदराज के क्षेत्रों में आदिवासी परिवारों के लिए सततशील उत्पादन प्रणाली विकसित करने हेतु CHIRAG (छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास) परियोजना हेतु 10 करोड़ डॉलर की ऋण सहायता को मंजूरी दी.

AIIB देगा असम को ऋण

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB), बीजिंग ने असम राज्य में विद्युत पारेषण तंत्र की विश्वसनीयता, क्षमता और सुरक्षा में सुधार के लिए 30.40 करोड डॉलर के असम इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम एनहांसमेंट प्रोजेक्ट के लिए एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए.

उत्तर प्रदेश 22 फरवरी को राज्य विधानसभा में कागज रहित बजट पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. राज्य विधानमंडल के सभी सदस्यों को बजट पर प्रकाश डालने के लिए आईपैड प्रदान किए गए.

नागालैंड सरकार और केंद्र ने नागालैंड में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विश्व बैंक के साथ 6.8 करोड़ डॉलर की परियोजना पर हस्ताक्षर किए.

योजनाएं एवं नीतियां

मार्च

'कैच द रेन' अभियान की हुई शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 मार्च को जल शक्ति अभियान: कैच द रेन अभियान की शुरुआत की. "जहां भी गिरे और जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें" विषय वाला यह अभियान ग्रामीण और शहरी, दोनों तरह के क्षेत्रों में चलाया जाएगा. यह अभियान देश में मानसून-पूर्व अवधि और मानसून अवधि को शामिल कर 30 नवंबर तक जारी रहेगा.

जल संरक्षण की समस्या से निपटने पर लक्षित यह अभियान लोगों की भागीदारी के जरिए जमीनी स्तर पर जल संरक्षण लिए देश के सभी 734 जिलों में जन आंदोलन के तौर पर चलाया जाएगा. इस अभियान में पांच पहलुओं (जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, पारंपरिक और अन्य जल निकायों का नवीकरण, पानी का पुन: उपयोग और जल संरचनाओं का पुनर्भरण, वाटरशेड विकास और गहन वनीकरण) पर ध्यान केंद्रित होगा.

जल शक्ति अभियान जल शक्ति मंत्रालय का प्रमुख जल संरक्षण अभियान है. भारत में दुनिया भर की आबादी का 18% और वैश्विक पशुधन का 15% भाग बसता है, जबकि दुनिया भर के कुल मीठे पानी के संसाधनों का मात्र 4% भाग ही भारत में है. भारत में जल की भारी किल्लत वाले सर्वाधिक ब्लॉक तमिलनाडु (541) में हैं, जिसके बाद राजस्थान (218), उत्तर प्रदेश (139) और तेलंगाना (137) आते हैं.

NHAI करेगा विश्व स्तरीय सुविधाओं का विकास

राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने अगले पांच वर्षों में 22 राज्यों में 600 से अधिक स्थानों पर विश्व स्तरीय सुविधायें विकसित करने का निर्णय लिया है. इनमें से 130 सुविधा केंद्र अगले वित्तीय वर्ष में ही तैयार हो जाएंगे. योजना के मुताबिक ये सुविधा केंद्र मौजूदा और भावी राजमार्गों और एक्सप्रेस- वे पर प्रत्येक 30 से 50 किमी की दूरी पर बनाए जाएंगे. इनमें फ्यूल स्टेशन, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, फूड कोर्ट, रिटेल शॉप, बैंक एटीएम, नहाने की सुविधा वाले शौचालय, बच्चों के खेलने की जगह, मेडिकल क्लिनिक, गाँव के हाट और स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री आदि जैसी कई सुविधाएँ शामिल होंगी. NHAI- National Highways Authority of India

ग्राम उजाला से मिलेंगे सबसे सस्ते LED बल्ब

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 10 रुपये की सबसे कम कीमत पर एलईडी बल्बों की आपूर्ति करने की महत्त्वाकांक्षी योजना शुरू की है. इस नई योजना के तहत कार्बन क्रेडिट से अर्जित राजस्व 60 रुपये प्रति एलईडी बल्ब का योगदान देगा, जबकि शेष 10 रु की राशि का भुगतान ग्रामीण उपभोक्ता द्वारा किया जाएगा. यह योजना पूरी तरह से कार्बन क्रेडिट से वित्तपोषित की जाएगी, जोकि भारत में इस तरह का पहला कार्यक्रम होगा.

बल्बों की आपूर्ति सरकार द्वारा संचालित एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की सहायक कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (CESL) द्वारा लीवरेजिंग स्केल द्वारा की जाएगी. बिहार के आरा से शुरू की गई योजना के पहले चरण के दौरान 1.5 करोड़ LED बल्ब आरा (बिहार), वाराणसी (उत्तर प्रदेश), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र), और पश्चिमी गुजरात के गांवों में बांटे जाएंगे.

"मेरा राशन मोबाइल ऐप" का शुभारंभ

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने 'मेरा राशन' मोबाइल ऐप की शुरुआत की है. इस ऐप से विशेष रूप से उन राशन कार्ड धारकों को लाभ होगा, जो रोज़गार की तलाश में अपना राज्य छोड़कर नए क्षेत्रों में काम करने के लिए जाते हैं.

वर्तमान में "वन नेशन-वन राशन कार्ड" (ONORC) के अंतर्गत 32 राज्य और संघ राज्य क्षेत्र आते हैं और शेष चार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अगले कुछ महीनों में इस योजना में शामिल किए जाने की उम्मीद है. इस प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) से जुड़े लगभग 69 करोड़ व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं.

भारतीय रेल एकीकृत रेल मदद हेल्पलाइन '139'

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रा के दौरान त्वरित शिकायत निवारण और पूछताछ की सभी रेलवे हेल्पलाइनों को एक एकल नंबर '139' में विलय कर दिया है, जो अब मुख्य 'रेल मदद' हेल्पलाइन है. एकीकृत रेल मदद हेल्पलाइन '139' कुल बारह भाषाओं में उपलब्ध रहेगी. रेल यात्री IVRS (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम) का विकल्प चुन सकते हैं, या * (तारांकन) चिन्ह दबाकर सीधे कॉल सेंटर के कार्यकारी से जुड़ सकते हैं.

महिला, बाल मंत्रालय की योजनाओं का पुनर्गठन

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बेहतर कार्यान्वयन के लिए अपने सभी प्रमुख कार्यक्रमों को तीन समग्र योजनाओं- मिशन शक्ति, मिशन पोषण 2.0 और मिशन वात्सल्य के तहत चलाने का निर्णय लिया है.

मिशन शक्ति में बेटी बचाओ बेटी पढाओ, महिला हेल्पलाइन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी महिला सशक्तीकरण और संरक्षण की योजनाएं और नीतियां शामिल होंगी. पोषण अभियान, पूरक पोषण कार्यक्रम और आंगनवाड़ी सेवाओं को मिलाकर मिशन पोषण 2.0 का गठन किया जाएगा. मिशन वात्सल्य पूरे देश में बाल कल्याण सेवाओं और बाल संरक्षण सेवाओं पर नज़र रखेगा.

सुगम्य भारत ऐप हुआ लॉन्च

सरकार ने आईसीटी पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर पहुंच में बढ़ावा करने और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए सुगम्य भारत ऐप लॉन्च किया है. इस मोबाइल एप्प में पांच मुख्य विशेषताएं शामिल हैं. इन विशेषताओं में से 4 प्रत्यक्ष रूप से पहुंच बढ़ाने से संबंधित हैं. इनमें निर्मित पर्यावरण, परिवहन क्षेत्र और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पारिस्थितिकी तंत्र के व्यापक स्तंभों में दुर्गमता की शिकायतों का पंजीकरण, उदाहरणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और लोगों द्वारा जन-भागीदारी के रूप में साझा किए गए अनुकरणीय सर्वोत्तम व्यवहार, विभागीय अपडेट और पहुंच से संबंधित दिशानिर्देश और परिपत्र शामिल हैं. पांचवीं विशेषता एक विशेष सुविधा है जो COVID संबंधित मुद्दों पर केंद्रित है और दिव्यांगजन के लिए बनाई गई है.

सरकार देगी डिजिटल गेमों को बढ़ावा

सरकार ने आईआई टी बॉम्बे के सहयोग से गेमिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित एक उत्कृष्टता केंद्र बनाने का फैसला किया है जहां VFX और एनीमेशन विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ साथ अन्य पाठ्यक्रम भी चलाये जाएंगे. इन पाठ्यक्रमों में भारतीय लोकाचार के आधारभूत मूल्यों के आधार पर गेम और ऐप बनाने का प्रयास किया जाएगा. ऐसा करने से हिंसक सामग्री से भरपूर अवांछनीय विदेशी गेमों का विकल्प विकसित करने में भी मदद मिलेगी.

CA, CS, ICWA अब स्नातकोत्तर के बराबर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के ताज़ा निर्णय के अनुसार चार्टर्ड एकाउंटेंट (CA), कंपनी सचिव (CS) या कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट (ICWA) परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाली अभ्यर्थी अब स्नातकोत्तर डिग्री धारकों के समकक्ष माने जाएंगे. इस कदम से दुनिया भर में इन संस्थानों के सदस्यों को वाणिज्य और संबद्ध विषयों में में पीएचडी करने का अवसर मिलेगा, जिससे कंपनी सचिव / सीए पेशेवर लाभ उठा सकेंगे.

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया (ICSI) और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया क्रमशः CA, CS और ICWA प्रमाण पत्र प्रदान करते हैं. अब से इन्हें स्नातकोत्तर डिग्री के समकक्ष माना जाएगा.

डेटा एक्सचेंज करेंगे MCA और CBIC

कॉरपोरेट मामले मंत्रालय और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने दोनों संगठनों के बीच डेटा के आदान-प्रदान के लिए 25 फरवरी को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. यह समझौता प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोनों संगठनों के क्षमताओं का दोहन करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है. एक-दूसरे के साथ डेटाबेस, (जिसमें आयात-निर्यात लेनदेन और देश में पंजीकृत कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरण शामिल है) साझा करने से विनियामक प्रावधानों का बेहतर प्रवर्तन संभव हो सकेगा.

सोशल मीडिया के लिए बने सख्त नियम

सरकार ने सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने के उद्देश्य से नई नीतियों की घोषणा की है. सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 शीर्षक के तहत इन नए मानदंडों के माध्यम से सरकार सामाजिक प्लेटफार्मों को ऐसे किसी भी संदेश की शुरुआत करने वाले का खुलासा करने को कह सकती है, जिनके बारे में अधिकारियों का विचार है कि वे देश की सुरक्षा और संप्रभुता के विरोध में और हानिकारक हैं. इसके अलावा ऐसे सभी संदेशों को आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69 A के तहत 36 घंटों के भीतर हटाने के लिए कहा जा सकता है.

इसके अलावा इन प्रावधानों के अनुसार स्ट्रीमिंग सेवाओं जैसे नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन और गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब आदि को आयु के अनुसार सामग्री को स्व-विनियमित और वर्गीकृत करना चाहिए. नए नियम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत तैयार किये गए हैं, जिन्हें तीन महीने के भीतर लागू किया जाएगा. सरकार ने उपयोगकर्ताओं का स्वैच्छिक सत्यापन करने के बारे में प्रस्ताव दिया है और फर्मों को भारत में अपना अनुपालन अधिकारी, शिकायत अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है.

फ़रवरी

भारत का पहला राष्ट्रीय खिलौना मेला

पहला राष्ट्रीय खिलौना मेला 27 फरवरी से 2 मार्च तक आभासी मोड में आयोजित किया गया. 1,000 से अधिक वर्चुअल स्टॉलों के साथ इस मेले का उद्देश्य खिलौना विनिर्माण को बढ़ावा देना और वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी में सुधार करना है. इससे अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों का भी खिलौनों के प्रति रवैया बदलने में मदद मिलेगी. IIT गांधीनगर स्थित सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग (CCL) ने मेले में अपनी अनूठी 75 खिलौना कृतियों को भी प्रदर्शित किया.

8 खिलौना मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टरों को मंज़ूरी

सरकार ने देश के पारंपरिक खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 2,300 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 8 खिलौना विनिर्माण समूहों को मंजूरी दी है. इन क्लस्टर्स में लकड़ी, लाख, ताड़ के पत्ते, बांस और कपड़ों के खिलौने बनेंगे. ये 8 क्लस्टर मध्य प्रदेश (3), राजस्थान (2), कर्नाटक (1), उत्तर प्रदेश (1), तमिलनाडु (1) में स्थित होंगे.

राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन का शुभारंभ

शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नागरिक-केंद्रित शासन बनाने की दिशा में शहरी डोमेन और प्रौद्योगिकी से क्षमता का दोहन करने हेतु एक ऑनलाइन मंच प्रदान करने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन" का शुभारंभ किया.

यह मिशन वर्ष 2022 तक 2022 शहरों में और 2024 तक देश के सभी शहरों और कस्बों में शहरी प्रशासन और सेवा वितरण के लिए नागरिक केंद्रित और पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा. एक स्मार्ट कोड प्लेटफॉर्म सभी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों को शहरी प्रशासन के लिए विभिन्न समाधानों और अनुप्रयोगों के लिए ओपन-सोर्स कोड के भंडार में योगदान करने में सक्षम करेगा.

गो इलेक्ट्रिक अभियान का शुभारंभ

सरकार ने देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी वाहनों और इलेक्ट्रिक कुकिंग उपकरणों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए 'गो इलेक्ट्रिक' अभियान की शुरुआत की. इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल, लागत प्रभावी और स्वदेशी इलेक्ट्रिक उत्पादों को बढ़ावा देना है. पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के आयात की लागत उच्च होने के अलावा परिवहन वाहनों से कार्बन उत्सर्जन एक बड़ी चुनौती है.

PM आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना

वित्त मंत्री ने अगले 6 वर्षों में लगभग 64,180 करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक (tertiary) स्तर की स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की क्षमता विकसित करने, मौजूदा स्वास्थ्य प्रणालियों को मज़बूत करने और भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण के लिए प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना शुरू करने की घोषणा की है. यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त होगी और इसके तहत 17,000 ग्रामीण और 11,000 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी.

मिशन इन्द्रधनुष 3.0 का शुभारंभ

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने देश भर में टीकाकरण कवरेज का विस्तार करने के लिए प्रखर टीकाकरण अभियान इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष 3.0 (IMI 3.0) का शुभारंभ किया. IMI 3.0 का उद्देश्य उन बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करना है जिनका COVID-19 महामारी के दौरान नियमित टीकाकरण नहीं हो सका था. इस अभियान का लक्ष्य भारत के सभी जिलों में 90% पूर्ण टीकाकरण कवरेज प्राप्त करना है. अब तक मिशन इन्द्रधनुष के अंतर्गत 690 जिलों को कवर किया गया है और 37.64 मिलियन बच्चों एवं 9.46 मिलियन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है.

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय

शिक्षा मंत्रालय ने 'समग्र शिक्षा अभियान' के तहत वित्तपोषित आवासीय विद्यालयों / छात्रावासों का नाम 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय / छात्रावास' रखने का निर्णय लिया है. ऐसा विश्वास है कि इन विद्यालयों के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम जुड़ना बच्चों के लिए प्रेरणा का काम करेगा. इसके अलावा यह शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशासन को भी उत्कृष्टता के उच्च मानकों की प्राप्ति करने की प्रेरणा देगा.

सन्देश – भारत का नया इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ने व्हाट्सएप के भारतीय वर्जन 'संदेश' (Sandes) को लॉन्च किया है. इसका उपयोग मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी के जरिए सभी प्रकार के संचार के लिए किया जा सकता है. यह ऐप भारत में विकसित सॉफ़्टवेयर के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की रणनीति का एक हिस्सा भी है ताकि स्वदेशी रूप से विकसित उत्पादों का एक पारिस्थितिकी तंत्र जा सके. यह एप्प शुरुआत में सरकारी अधिकारियों के लिए लॉन्च किया गया था, अब इसे आम जनता के लिए भी लॉन्च किया गया है. इसमें ब्रॉडकास्ट मैसेज, ग्रुप बनाना, मैसेज फॉर्वार्डिंग और इमोजी जैसी विशेषताएं भी शामिल हैं.

NIC – The National Informatics Centre

"ई-छावनी" पोर्टल

सरकार ने देश भर में 62 छावनी बोर्डों में रह रहे 20 लाख से अधिक नागरिकों को नागरिकी सेवाएं प्रदान करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल "ई-छावनी" की शुरुआत की है. इस पोर्टल के केंद्रीय मंच के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन नागरिकी सेवाएं प्रदान की जाएंगी. छावनी बोर्डों में रहने वाले नागरिक अपनी शिकायतें इस पोर्टल पर दर्ज कराकर घर बैठे ही उनका समाधान पा सकते हैं.

आदिवासी प्रवासी श्रमिकों के लिए 'श्रमशक्ति पोर्टल'

जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने आदिवासी प्रवासी श्रमिकों से संबंधित डेटा एकत्र करने के लिए 'श्रमशक्ति पोर्टल' का शुभारंभ किया क्योंकि प्रवासी श्रमिकों पर डेटा की अनुपस्थिति प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकारों को प्रभावी नीतिगत निर्णय और रणनीति बनाने से भी रोक रही थी. इन श्रमिकों को मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा. इस पोर्टल के माध्यम से एकत्र किए गए डाटा में आजीविका विकल्प, जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल, माइग्रेशन पैटर्न और कौशल मानचित्रण शामिल होंगे.

OPCs की सीमाएं बढ़ीं

कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय (MCA) ने कंपनी नियमों में संशोधन कर छोटी कंपनियों की परिभाषा में संशोधन किया है. इस नए संशोधन के ज़रिये अनिवासी भारतीयों (NRI) को भारत में एकल व्यक्ति कंपनियां (OPCs) खोलने की अनुमति दी गई है. इसके अलावा अनिवासी भारतीयों के लिए OPCs बनाने हेतु निवास की अर्हता, जो पहले 182 दिन थी, अब घटाकर 120 दिन कर दी गई है. नए नियमों के तहत छोटी कंपनियों / OPCs की चुकता पूंजी और टर्नओवर क्रमशः दो करोड़ रुपए और बीस करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो सकती है. इस कदम से लगभग 200,000 कंपनियों पर नियमों के पालन का बोझ हल्का होने की उम्मीद है.

भारत का पहला आर्द्रभूमि संरक्षण केंद्र

2 फरवरी को वेटलैंड संरक्षण दिवस के अवसर पर भारत में चेन्नई में पहला वेटलैंड संरक्षण केंद्र स्थापित किया गया. सेंटर फॉर वेटलैंड कंज़र्वेशन एंड मैनेजमेंट के रूप में जाना जाने वाला यह विशेष संस्थान नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट (NCSCM) का अंग है, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत आता है.

यह केंद्र केंद्रीय और राज्य सरकारों को आर्द्रभूमि प्रबंधन के लिए नियामक ढांचा और नीति निर्माण और कार्यान्वयन में सहायता देगा. यह केंद्र आर्द्रभूमि से जुड़े शोधकर्ताओं, प्रबंधकों, नीति निर्माताओं और उपयोगकर्ताओं के लिए ज्ञान केंद्र के रूप में काम करेगा.

आर्द्रभूमि एक ऐसा विशिष्ट, मौसमी या स्थायी रूप से पानी से भरपूर पारिस्थितिक तंत्र होता है, जहां ऑक्सीजन-मुक्त प्रक्रियाएं घटित होती हैं. वर्तमान में भारत में 42 आई जगहें हैं, जिन्हें रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि का दर्जा दिया गया है. ये वेटलैंड 10. 8 लाख हेक्टेयर ज़मीन में फैले हुए हैं, जो देश के भूभाग का लगभग 4.6% हैं.

डिजिटल वोटर ID की शुरुआत

चुनाव आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र का इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप e-EPIC (मतदाता फोटो पहचान पत्र) शुरू किया है, जिसे मोबाइल फोन में संग्रहीत किया जा सकता है और कंप्यूटर पर डाउनलोड भी किया जा सकता है. ऐसा इस दस्तावेज़ को तुरंत, आसानी से पाने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि फिज़िकल कार्ड को प्रिंट करने और मतदाता तक पहुंचने में समय लगता है. इस डिजिटल e-EPIC में मतदाता द्वारा कोई बदलाव नहीं किये सकेंगे और इसे डिजिटल लॉकर के अलावा पीडीएफ प्रारूप में भी प्रिंट किया जा सकता है.

उद्योग-अर्थव्यवस्था

मार्च

अर्थव्यवस्था में होगी 13.7% वृद्धि: मूडीज़

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज़ ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2021-22 में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत के आर्थिक विकास अनुमान को 10.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 13.7 प्रतिशत कर दिया है. यह नया अनुमान आर्थिक गतिविधियों के सामान्य होने और COVID-19 टीकों के आने से बाज़ार में बढ़ते आत्मविश्वास के दृष्टिगत लगाया गया है. मूडीज़ ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के सबसे लंबे और सबसे सख़्त लॉकडाउन से बड़ी तेज़ी से उबरी है, जबकि 2020 की दूसरी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में ज़बरदस्त गिरावट देखी गई थी.

भारत में 2021-22 में होगी 12.8% की वृद्धि: फिच

अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने अपने नवीनतम ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक (GEO) में वर्ष 2021-22 के दौरान भारत के जीडीपी विकास के अनुमान को पिछले 11% के आंकड़े से बढ़ाकर 12.8% कर दिया है. विकास दर के अनुमान में यह सुधार मज़बूत कैरीओवर प्रभाव, राजकोषीय रुख और बेहतर संक्रमण नियंत्रण पर आधारित है.

भारत का विकास रहेगा 12.6%: OECD

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) ने 2021-22 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 4.7 प्रतिशत बढ़ाकर 12.6 प्रतिशत कर दिया है. यदि ऐसा हुआ तो भारत दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना दर्जा क़ायम रख पायेगा. आर्थिक परिदृश्य के बारे में अपनी अंतरिम रिपोर्ट में OECD ने कहा है कि मज़बूत राजकोषीय और अर्ध-राजकोषीय उपायों और विनिर्माण तथा निर्माण में हुए सुधार की बदौलत भारत में आर्थिक गतिविधियां महामारी से पहले के स्तर से ऊपर पहुँच गई हैं. OECD- rganization for Economic Co-operation and Development

कृषि उत्पादन ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए जारी मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान में खाद्यान्न के रिकार्ड 30.33 करोड़ टन उत्पादन की बात कही गई है, जो 2019-20 के दौरान देश में हुए 29.75 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 58 लाख टन अधिक है.

दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 12. 03 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले पाँच वर्षों के औसत उत्पादन 11. 24 करोड़ टन से 79 लाख टन अधिक है. गेहूं का उत्पादन 10.92 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान है, जो औसत गेहूं उत्पादन 10.04 करोड़ टन से 88 लाख टन अधिक है. दलहन का कुल उत्पादन 2. 44 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले पाँच वर्षों के औसत उत्पादन 2.20 करोड़ टन से 24 लाख टन अधिक है.

खाद्यान्न का उच्च उत्पादन स्पष्ट रूप से किसानों की अथक मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान तथा केंद्र सरकार की किसानोन्मुखी नीतियों का परिचायक है. इसके अलावा 30 सितंबर तक दक्षिण-पश्चिम मानसून की 9 प्रतिशत अधिक संचयी वर्षा ने भी इस रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन को संभव बनाने में भूमिका निभाई.

चक्रीय अर्थव्यवस्था अपनाएगा भारत

देश को रैखिक अर्थव्यवस्था (लीनियर इकॉनमी) से चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) की ओर ले जाने के लक्ष्य से नीति आयोग द्वारा 11 समितियों का गठन किया गया है. चक्रीय अर्थव्यवस्था का उद्देश्य उत्पादों और प्रक्रियाओं के बारे में वृहद दृष्टिकोण अपनाकर अपव्यय को समाप्त करने और संसाधनों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने का प्रयास करना है. इसके प्रमुख क्षेत्रों में 11 मरणासन्न उत्पाद/रिसाइकिल योग्य सामग्री/अपशिष्ट शामिल हैं, जिनके कारण अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं या वे नई चुनौतियों के तौर पर उभर रहे, जिनका समग्र तरीके से समाधान होना अनिवार्य है.

इन समितियों का नेतृत्व संबंधित मंत्रालयों और नीति आयोग के अधिकारियों, विषय वस्तु विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और उद्योग के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। ये समितियां अपने अपने संबंधित फोकस क्षेत्रों में रैखिक अर्थव्यवस्था को चक्रीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने की व्यापक कार्य योजनाएँ तैयार करेंगी और अपने निष्कर्षों और सिफारिशों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगी.

लाल चावल हुआ अमेरिका को निर्यात

भारत द्वारा 4 मार्च को 'लाल चावल' की पहली खेप अमेरिका को निर्यात किये जाने के साथ की देश की चावल निर्यात क्षमता में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है. लौह खनिज से भरपूर लाल चावल असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में किसी भी रासायनिक उर्वरक के उपयोग के बिना उगाया जाता है. चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है, जो असमिया भोजन का अभिन्न अंग है.

चीन बना भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार

भारत और चीन के बीच लद्दाख सीमा पर कई महीनों चले लंबे संघर्ष और भारत में चीन-विरोधी भावना के तेज़ होने के बावजूद चीन संयुक्त राज्य अमेरिका को दूसरे स्थान पर धकेलकर 2020 में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में उभरा है.

समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार भारत द्वारा चीन से मशीनरी और दूरसंचार उपकरणों का आयात किये जाने के बलबूते चीन ने अपनी पिछली स्थिति फिर से हासिल कर ली. वाणिज्य मंत्रालय से प्राप्त अस्थायी आंकड़ों के अनुसार भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में कुल 77.7 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था. हालांकि यह राशि पिछले साल के 85.5 अरब डॉलर से कम है, लेकिन फिर भी यह राशि चीन को शीर्ष पर लाने के लिए पर्याप्त थी.

कोविड -19 से जुड़े प्रतिबंधों से दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित होने के कारण भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 75.9 अरब डॉलर का रहा. इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना हुआ है.

PF पर बढ़ी टैक्स छूट की सीमा

सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान पर अर्जित ब्याज पर कर छूट की सीमा निर्दिष्ट मामलों में बजट में प्रस्तावित 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक बढ़ा दी है. हालांकि, यह छूट इस शर्त के अधीन है कि 5 लाख रुपये तक के योगदान में मूल वेतन के 12 प्रतिशत तक वैधानिक सीमा से परे नियोक्ता का योगदान शामिल नहीं है.

फ़रवरी

Jio बना 5वां सबसे शक्तिशाली ब्रांड

ब्रांड फाइनेंस द्वारा वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक शक्तिशाली ब्रांडों पर आधारित जारी की गई वैश्विक 500 रैंकिंग में चार साल पुरानी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने फेरारी और कोका-कोला के बाद पांचवें सबसे शक्तिशाली ब्रांड का मुकाम हासिल किया है. 40 करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ रिलायंस जियो भारत का सबसे बड़ा और वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर बन चुका है. इस सूची में फेरारी को दूसरा, रूसी बैंक SBER को तीसरा और कोका-कोला को चौथा स्थान मिला है. इस सूची में WeChat सबसे ऊपर है.

ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों के संदर्भ में Apple अब भी सबसे मूल्यवान ब्रांड बना हुआ है, इसके बाद Google और Amazon आते हैं.

भारत का विकास रहेगा 9.6%

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामले विभाग (UNDESA) द्वारा जारी वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2021 नामक रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2020 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 9.6 प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान है. लेकिन 2021 में भारत की अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत की दर से विकास हो सकता है,

भारत की आर्थिक वृद्धि दर रहेगी 11.5% - IMF

26 Jan. को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी नवीनतम वैश्विक आर्थिक अनुमान के अपडेट में 2021 में भारत में 11.5% की दर से आर्थिक विकास होने का अनुमान लगाया है. इस अनुमान की बदौलत भारत कोरोनोवायरस महामारी के बीच दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज करने वाला दुनिया की एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है. आर्थिक विकास का यह अनुमान अर्थव्यवस्था में आए मज़बूत उछाल का सूचक है, जो 2020 में आई महामारी से जनित मंदी के कारण 8% तक सिकुड़ गई थी.

बैंकिंग एवं फाइनेंस

मार्च

ऑन-टैप लाइसेंस देने हेतु समिति का गठन

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वभौमिक बैंकों और लघु वित्त बैंकों (SFB) द्वारा "ऑन-टैप" लाइसेंस लेने हेतु किये गए आवेदनों का मूल्यांकन करने के लिए RBI की पूर्व डिप्टी गवर्नर श्यामला गोपीनाथ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय बाह्य सलाहकार समिति (SEAC) का गठन किया है. इस पैनल का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा.

'ऑन-टैप' (कभी भी) सुविधा का मतलब है कि RBI अब पूरे साल बैंकों द्वारा लाइसेंस लेने हेतु दिए गए आवेदन स्वीकार करेगा. इस नीति के तहत निर्धारित शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवार सार्वभौमिक बैंक लाइसेंस लेने के लिए किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं.

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए नई DFI

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 20 हजार करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी के साथ एक नया विकास वित्तपोषण संस्थान (DFI) स्थापित करने सबंधित विधेयक को मंज़ूरी दे दी है. इससे संबंधित घोषणा वर्तमान बजट सत्र के दौरान संसद में की गई थी. इस DFI के माध्यम से देश में बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जुटाने का प्रयास किया जाएगा. इसे पेशेवर विशेषज्ञों के बोर्ड द्वारा संचालित किया जाएगा, जिनमें से 50 प्रतिशत गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक होंगे. DFI नई परियोजनाओं में निवेश के लिए विश्व भर से पेंशन और बीमा क्षेत्रों से धन जुटाने की कोशिश करेगा और इन निवेशों पर कर लाभ भी उपलब्ध होंगे.

DFI- Development Finance Institution

सभी बैंक 30 सितंबर तक करेंगे CTS लागू

रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को इस वर्ष 30 सितंबर तक सभी शाखाओं में इमेज़ (छवि) आधारित चेक ट्रंकेशन प्रणाली (CTS) लागू करने को कहा है, ताकि ग्राहक सेवाओं में सुधार हो सके. ट्रंकेशन प्रक्रिया में समाशोधन के लिए जा रहे फिज़िकल चेक का प्रवाह रोक कर भौतिक रूप से चेक को एक बैंक से दूसरे बैंक में स्थानांतरित करने के बजाय आवश्यक डेटा सहित इसकी डिजिटल छवि आदाता शाखा में स्थानांनतरित की जाती है.

NPCI और SBI पेमेंट्स का "RuPay SoftPoS" लांच

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और SBI पेमेंट्स की भागीदारी में लाखों भारतीय व्यापारियों के लिए "RuPay SoftPoS" लॉन्च किया गया है. इस अभिनव समाधान से व्यापारी निकट-क्षेत्र संचार (NFC) सक्षम स्मार्टफ़ोन को मर्चेंट पॉइंट ऑफ़ सेल (PoS) टर्मिनलों में बदल पाएंगे. अब व्यापारी अपने स्मार्टफोन पर मामूली सा टैप कर भुगतान प्रणाली के माध्यम से 5000 रुपये तक का संपर्क-रहित भुगतान पाने में सक्षम हो जाएंगे. व्यापारी मात्र एक ऐप डाउनलोड कर अपने मौजूदा एंड्रॉइड स्मार्टफोन उपकरणों को भुगतान टर्मिनल में बदल सकते हैं.

सभी निजी बैंकों को सरकारी कारोबार की अनुमति

केंद्र ने निजी बैंकों पर सरकार से जुड़े बैंक लेनदेन (टैक्स व अन्य राजस्व भुगतान, पेंशन भुगतान और लघु बचत) पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है.

इससे पहले इस तरह के लेनदेन की अनुमति केवल कुछ निजी बैंकों को ही थी. इस कदम से ग्राहक सुविधा, परस्पर प्रतिस्पर्धा और मानकों की दक्षता बढ़ने की उम्मीद है. अब भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सरकारी कामकाज के लिए निजी बैंकों को अधिकृत करने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा. ध्यातव्य है कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हर लेनदेन पर निर्धारित दरों के हिसाब से बैंक को एजेंसी कमीशन दिए जाने के कारण सरकारी कामकाज बैंकों के लिए अत्यंत आकर्षक है.

SME के लिए HDFC बैंक सर्वश्रेष्ठ

HDFC बैंक को एशियामनी बेस्ट बैंक अवार्ड्स 2021 में लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (SME) के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया गया है. हांगकांग में स्थित वित्तीय पत्रिका के वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंकों के सर्वेक्षण का उद्देश्य पिछले 12 महीनों में प्रत्येक बैंकिंग क्षेत्र में बैंकों की प्रमुख बैंकिंग गतिविधियों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है.

एक्सिस बैंक का वियरेबल पेमेंट डिवाइस लांच

एक्सिस बैंक 10 मार्च को वियर 'एन' पे (Wear 'N' Pay) सेवाओं के तहत पहनने-योग्य संपर्क-रहित भुगतान उपकरण लॉन्च करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है. ये उपकरण रिस्टबैंड, की-चेन और वॉच लूप के रूप में में उपलब्ध हैं. उपयोगकर्ताओं को अब भुगतान के लिए अपने स्मार्टफोन और वॉलेट को ले जाने की आवश्यकता नहीं है. डिवाइस पहनने वाला व्यक्ति इस डिवाइस को पीओएस मशीन के सामने हिलाकर 5000 रुपये तक का भुगतान कर सकता है.

HDFC ने लॉन्च किया "स्मार्टअप उन्नति"

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर HDFC बैंक ने महिला उद्यमियों के उत्थान हेतु समर्पित मेंटरिंग प्रोग्राम 'स्मार्टअप उन्नति' लॉन्च किया. इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में महारत रखने वाली HDFC बैंक की वरिष्ठ महिला कर्मी अगले एक साल में महिला उद्यमियों को उनके लक्ष्य हासिल करने हेतु मार्गदर्शन देंगी.

एक्जिम बैंक मालदीव के हुलहुमले में 2,000 आवासीय इकाइयों के डिज़ाइन और निर्माण के वित्तपोषण के लिए 13 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान करेगा.

फ़रवरी

भारतीय स्टेट बैंक सिक्किम हुआ RBI के अधीन

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने स्टेट बैंक ऑफ़ सिक्किम को अपने नियमन के तहत शामिल कर लिया है. अब RBI सिक्किम की राज्य सरकार के लिए एक बैंकर के रूप में कार्य करेगा.

1973 में सिक्किम के भारत का हिस्सा बनाने से पांच साल पहले 1968 में स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम की स्थापना सिक्किम सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाले स्वायत्त निकाय के रूप में हुई थी.

शहरी सहकारी बैंकों के लिए समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने शहरी सहकारी बैंकों को मज़बूत करने और उनके समेकन की संभावनाएं तलाशने के लिए विज़न डॉक्यूमेंट बनाने हेतु एक समिति का गठन किया है. RBI के पूर्व उप-गवर्नर एन एस विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली यह आठ सदस्यीय समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट RBI को सौंप देगी.

कृषि ऋण के लिए 16.5 लाख करोड़ रु

किसानों को पर्याप्त ऋण प्रदान करने के लिए सरकार ने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन में बढ़ रहे ऋण प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2021-22 तक कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 16.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया है. वर्ष 2020-21 के लिए कृषि के लिए जमीनी स्तर के ऋण का लक्ष्य 15.00 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था. ग्राउंड लेवल क्रेडिट लक्ष्य को 16.5 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने से ऋण की लागत को कम करके किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा.

EXIM बैंक देगा मालदीव को 40 करोड़ का ऋण

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूचित किया है कि एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एक्ज़िम बैंक) मालदीव के ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए 40 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान करेगा. यह मालदीव में सबसे बड़ी नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो राजधानी माले को तीन पड़ोसी द्वीपों से जोड़ती है.

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने सिएरा लियोन गणराज्य को देश में मौजूदा पेयजल सुविधा के पुनरुद्धार और चालू परियोजनाओं के विस्तार के लिए 1.5 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान किया है.

भारतीय स्टेट बैंक ने अपने होम लोन व्यवसाय में 5 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. पिछले 10 वर्षों में बैंक का रीयल एस्टेट और आवसीय कारोबार पांच गुना बढ़कर 2021 में 5 लाख करोड़ रुपये का हो गया है.

रक्षा-विज्ञान-टेक्नोलॉजी

मार्च

भारतीय सेना चौथी सबसे मज़बूत सेना

21 मार्च को रक्षा से जुड़े वेबसाइट मिलिट्री डायरेक्ट द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार 82 अंक प्राप्त कर चीनी सेना दुनिया का सबसे मज़बूत सैन्य बल है. इस अध्ययन में दिए गए निर्णायक सैन्य शक्ति सूचकांक में बजट, निष्क्रिय और सक्रिय सैन्य कर्मियों की संख्या, कुल हवाई, समुद्री, स्थलीय और परमाणु संसाधन, औसत वेतन और उपकरणों के वज़न सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा गया है. संयुक्त राज्य अमेरिका अपने विशाल सैन्य बजट के बावजूद 74 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिसके बाद रूस (69), भारत (61) और फ्रांस (58) का स्थान आता है. सैन्य खर्च के मामले में 732 अरब डॉलर के सालाना बजट के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर है, जिसके बाद चीन (261 अरब डॉलर) और भारत (71 अरब डॉलर) आते हैं.

ICGS वज्र भारतीय तटरक्षक बल में शामिल

तटीय सुरक्षा को बढ़ाने वाले सात अपतटीय गश्ती जहाज़ों की श्रृंखला का छठा जहाज़ 'वज्र' औपचारिक रूप से 24 मार्च को चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट में तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल किया गया. स्वदेशी तौर पर लार्सन एंड टुब्रो शिपबिल्डिंग लिमिटेड द्वारा डिज़ाइन और निर्मित किया गया 'वज्र' अत्यधिक परिष्कृत नेविगेशन और संचार सुविधाओं से सुसज्जित युद्धपोत है.

BDL से 1188 करोड़ की डील

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना को 4,960 मिलान-2टी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों (ATGMs) की आपूर्ति हेतु भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) के साथ 1,188 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं. Milan-2T टैंडेम वारहेड एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है जिसकी मार्क क्षमता 1,850 मीटर है. BDL द्वारा इन मिसाइलों का उत्पादन फ्रांस के MBDA मिसाइल सिस्टम से प्राप्त लाइसेंस के तहत किया जा रहा है.

नौसेना को मिलेगा पहला निगरानी जहाज़

भारत उपग्रहों, रणनीतिक मिसाइलों को ट्रैक करने और हिंद महासागर की तलहट की मैपिंग करने वाले अपने पहले उन्नत निगरानी जहाज़ INS ध्रुव को नौसेना में शामिल करने को तैयार है. यह 15,000 टन वज़नी जहाज़ एक गुप्त परियोजना का हिस्सा है, जिससे न केवल हिंद महासागर में भारत की जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि इसके साथ साथ यह भारतीय शहरों और सैन्य प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाने वाली शत्रु मिसाइलों के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के रूप में भी कार्य करेगा. इसकी बदौलत भारत की महासागरीय निगरानी क्षमतायें कई गुना बढ़ जाएंगी. इस पोत के चालू हो जाने पर भारत P-5 (अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, रूस और फ्रांस) के अलावा ऐसी क्षमता हासिल करने वाला ऐसा एकमात्र देश होगा.

एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने मुंबई में 8 मार्च को एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (AIP) तकनीक का सफल परीक्षण किया. इस बड़ी उपलब्धि से भारतीय पनडुब्बियों को और अधिक घातक बनाने में मदद मिलेगी. AIP की मदद से पनडुब्बी पानी के नीचे अधिक समय तक रह सकती है और परमाणु पनडुब्बी की तुलना में यह पानी के नीचे का क्षेत्र शांत रख अधिक मारक हो जाती है.

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से 'सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट' (SFDR) प्रौद्योगिकी की मदद से लंबी दूरी की हवा में हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया.

भारतीय नौसेना के युद्धपोत INS शार्दुल और मेडागास्कर के MNS ट्रोज़ोना ने 24 मार्च को मेडागास्कर के पास पश्चिमी हिंद महासागर में अपने पहले पैसेज अभ्यास-पासेक्स (PASSEX) में भाग लिया.

PASSEX अभ्यास: भारतीय नौसेना ने अंतरसंयोजकता (इंटरऑपरेबिलिटी) और द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को बढ़ाने के लिए 17 मार्च को ऑपरेशन संकल्प के तहत फारस की खाड़ी में रॉयल बहरीन नौसेना बल के साथ इस अभ्यास में हिस्सा लिया.

DUSTLIK-II: भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' का दूसरा संस्करण 10 से 19 मार्च तक रानीखेत (उत्तराखंड) के विदेशी प्रशिक्षण नोड (चौबटिया) में आयोजित किया गया. दोनों सेनाओं ने संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के अनुसार पहाड़ी या ग्रामीण या शहरी परिदृश्यों में आतंकवाद-रोधी अभियानों में अपनी विशेषज्ञता और कौशल साझा किये.

Gyanm

ਹੁਣੇ ਨਹੀਂ, ਤੇ ਕਦੇ ਨਹੀਂ

ਆਖਰੀ ਮੌਕਾ ਤਿਆਰੀ ਕਰਣ ਦਾ

A MUST COURSE
TO SUCCEED IN

ਪੰਜਾਬ ਪਟਵਾਰੀ

ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ

RECORDED COURSE

With 24*7 Faculty Support

Now
in Just
₹3999/-
Limited Period Offer

Don't Miss the Opportunity..!

Gyanm

Exclusive Live &
Offline Batch for

PSPCL
CLERK
&
REVENUE
ACCOUNTANT

From
April 5th, 2021

FOR GRADUATES

Register Today | 99146-33222, 9646-888377

PUNJAB
PREVIOUS
PAPERS

UPDATED
BOOK
LAUNCHED

#ਜਾਣੋ ਪੰਜਾਬ ਦੇ
ਪਿਛਲੇ ਪੇਪਰਾਂ ਨੂੰ



BUY FROM AMAZON NOW ! LINK IN DESCRIPTION
OR ORDER @ 9646-888-377

DOWNLOAD THE
GYANM APP TODAY !

GET IT ON Google Play

Download on App Store

ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

डेज़र्ट फ्लैग: भारतीय वायु सेना के एक विशेष दल ने 3 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात में फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में भाग लिया. इस अभ्यास में कुल 10 देशों ने भाग लिया.

भारत फिलीपींस को देगा ब्रह्मोस मिसाइल

भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस क्रूज़ मिसाइल सहित विभिन्न रक्षा सामग्री और उपकरणों की आपूर्ति के लिए 2 मार्च को एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस मिसाइल का निर्माण ब्रह्मोस एयरोस्पेस लिमिटेड (नई दिल्ली) द्वारा किया गया है, जो भारत और रूस का संयुक्त उद्यम है. इसे जहाजों, पनडुब्बियों, ज़मीनी प्लेटफार्मों या विमान से लॉन्च किया जा सकता है.

भारत ने बांग्लादेश को दी भेंट

भारतीय वायु सेना ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध की स्वर्ण जयंती के अवसर पर बांग्लादेश वायु सेना को एक विरासती Alouette III हेलीकॉप्टर भेंट किया. बांग्लादेश वायु सेना ने वापसी उपहार के रूप में भारत को एक विरासती F-86 Sabre फाइटर जेट एयरक्राफ्ट दिया.

दुनिया का पहला अंतरिक्ष सैन्य अभ्यास

फ्रांस ने 8 से 12 मार्च तक दुनिया का पहला अंतरिक्ष सैन्य अभ्यास एस्टरेक्स (ASTREX) आयोजित किया, जिसका उद्देश्य फ्रांसीसी उपग्रहों के साथ-साथ देश के रक्षा उपकरणों को अन्य अंतरिक्ष बलों से सुरक्षित रखने की क्षमताओं का परीक्षण करना था. जर्मन अंतरिक्ष बल और अमेरिकी अंतरिक्ष बल ने भी इसमें भाग लिया. फ्रांसीसी अंतरिक्ष सैन्य कमान का गठन 13 जुलाई, 2019 को हुआ था.

सिंथेटिक एपर्चर रडार लॉन्च करेंगे इसरो-नासा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की भागीदारी में पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट मिशन के लिए सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) विकसित किया है. यह रडार सांझा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के लिए बेहद उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है जो इसरो द्वारा 2022 के प्रारंभ में लॉन्च किया जाएगा. NASA-ISRO SAR (NISAR) पृथ्वी की सतह पर एक सेंटीमीटर से भी कम क्षेत्र में हुए परिवर्तनों को माप सकने वाला, दो अलग-अलग रडार आवृत्तियों (L-बैंड और S-बैंड) का उपयोग करने वाला पहला उपग्रह मिशन है.



इसरो ने लांच किये 19 उपग्रह

इसरो ने 28 फरवरी को श्रीहरिकोटा से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-C51 (PSLV-C51) रॉकेट के माध्यम से ब्राज़ील, अमेरिका और भारत के 19 उपग्रह लॉन्च किये. इन 19 उपग्रहों में ब्राज़ील का 637 किलोग्राम वज़नी अर्थ ऑब्जर्वेशन उपग्रह अमाज़ोन -1 प्रमुख उपग्रह था. ये उपग्रह इसरो की 2019 में स्थापित की गई वाणिज्यिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा लॉन्च किये गए. इन उपग्रहों में से एक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि उकेरी गई और एक अन्य में सुरक्षित डिजिटल कार्ड में भगवद गीता की प्रति भेजी गयी.

'सिंधु नेत्र' हुआ लॉन्च

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 28 फरवरी को हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में सैन्य युद्धपोत और मर्चेंट शिपिंग, दोनों प्रकार की गतिविधियों पर भारत की निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने हेतु 'सिंधु नेत्र' नामक निगरानी उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च किया. इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है. यह उपग्रह IOR में सक्रिय युद्धपोतों और वाणिज्यिक जहाज़ों की स्वचालित रूप से पहचान करने में भी सक्षम है.

IOR- Indian Ocean Region

विद्युत् वाहनों के लिए उन्नत बैटरी

बेंगलुरु स्थित डीप-टेक स्टार्ट-अप लॉग 9 मटेरियल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए एक द्रुत गति बैटरी चार्जिंग तकनीक के शुभारंभ की घोषणा की है. सुपरकैपेसिटर प्रौद्योगिकी और ग्राफीन के आधार पर बनी इन बैटरियों का उपयोग 2-व्हीलर और 3-व्हीलर ईवी में किया जा सकता है. ये बैटरियां न सिर्फ 15 मिनट में चार्ज हो जाएंगी बल्कि ये 15 साल से अधिक समय तक चलेंगी. इसके अलावा ये वर्तमान में उपयोग की जा रही लोकप्रिय लिथियम-आयन बैटरियों की तुलना में आग लगने के मामले में पांच गुना ज्यादा सुरक्षित हैं.

भूरे कोयले से हाइड्रोजन का उत्पादन

एक जापानी-ऑस्ट्रेलियाई उद्यम ने एक परीक्षण में भूरे रंग के कोयले से हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है, जिसका उद्देश्य यह दिखाना है कि तरलीकृत हाइड्रोजन का उत्पादन कर इसे जापान को सुरक्षित रूप से निर्यात किया जा सकता है. जापान की कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज़ दुनिया में भूरे कोयले के ज्ञात भंडार के चौथाई हिस्से वाले विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) राज्य में जापान और ऑस्ट्रेलिया के सरकारी वित्तीय समर्थन से पायलट परियोजना चला रहा है. यह परियोजना 2050 तक जापान द्वारा शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है.

"फुगाकू" है खुले उपयोग के लिए तैयार

जापानी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान 'रिकेन' और फुजिस्तु द्वारा विकसित दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर "फुगाकू" अब अनुसंधान के प्रयोजन हेतु उपलब्ध हो गया है. प्रोसेसिंग के लिहाज़ से फुगाकू की अधिकतम गति 442 पेटा फ्लॉप्स के आश्चर्यजनक स्तर पर पायी गई है, जिसकी बदौलत यह अनुसंधान के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर, हाई रिज़ॉल्यूशन, दीर्घावधि सिमुलेशन में सक्षम है. गति के लिहाज़ से इसके बाद अगला स्थान आईबीएम के सुपर कम्प्यूटर समिट का है, जो अधिकतम 148.8 पेटा फ्लॉप्स की प्रोसेसिंग गति हासिल कर सकता है.

पेटा फ्लॉप कंप्यूटर की प्रोसेसिंग स्पीड का पैमाना होता है, जिसे एक हज़ार खरब (1015) फ्लोटिंग पॉइंट ऑपरेशन प्रति सेकंड के तौर पर परिभाषित किया जाता है.

रूस ने किया आर्कटिक उपग्रह का प्रक्षेपण

रूसी अंतरिक्ष निगम रॉसकॉसमॉस (Roscosmos) ने आर्कटिक के जलवायु और पर्यावरण की निगरानी करने के लिए अपने पहले उपग्रह का सफल लॉन्च किया. "आर्कटिक -एम" नामक उपग्रह 28 फरवरी को कजाकिस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से सोयूज-2.1 बी वाहक रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया गया.

फ़रवरी

सेना को सौंपा गया 'हंटर किलर'

भारतीय सेना ने स्वदेशी 118 अर्जुन मार्क 1A टैंक (जिसे हंटर किलर कहा जाता है) को भारतीय सेना में शामिल किया है, जो हर मौसम में अपने लक्ष्य पर अचूक, तेज़ गति से हमला करने में सक्षम है. अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) की तुलना में इस टैंक की स्थिरता बेहतर है. मार्क 1-ए अपने लक्ष्य को स्वयं तलाश करने में सक्षम होने के साथ साथ लगातार चलते हुए लक्ष्यों पर भी अचूक निशाना लगा सकता है.

अर्जुन मार्क 1-A अवडी (चेन्नई) में DRDO के लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान ने तैयार किया है और इस टैंक का बड़े पैमाने पर उत्पादन तमिलनाडु के अवडी में स्थित भारतीय आयुध फैक्टरी की उत्पादन इकाई में शुरू हो गया है.

L&T ने सेना को सौंपी 100वीं K-9 वज्र तोप

लार्सन एंड टुब्रो (L & T) ने भारतीय सेना को सूरत (गुजरात) के पास अपने हजीरा संयंत्र में बनाई गई K-9 वज्र-टी 155 मिमी / 52 कैलिबर की स्वचालित तोपों की 100वीं और अंतिम इकाई की आपूर्ति की. K-9 वज्र की स्ट्राइक रेंज 40 किलोमीटर है और यह दक्षिण कोरिया के K-9 थंडर का भारतीय संस्करण है. कंपनी को मई 2017 में रक्षा मंत्रालय द्वारा 100 K-9 वज्र तोपों की आपूर्ति का ठेका दिया गया था.

नौसेना में शामिल हुई INS करंज

भारतीय नौसेना को अपनी तीसरी स्वदेश निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बी 15 फरवरी को मिल गई. इसे मार्च, 2021 में INS करंज के तौर पर नौसेना में शामिल किया जाएगा. इससे पहले भारतीय नौसेना को स्कॉर्पीन श्रेणी की दो पनडुब्बियां INS खंडेरी और INS कलवरी सौंपी जा चुकी हैं. ये पनडुब्बियां मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा बनाई गई हैं.

हेलिना और ध्रुवस्त्र का सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिजाइन और विकसित की गयी हेलिना (आर्मी वर्जन) और ध्रुवस्त्र (एयरफोर्स वर्जन) मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. ये परीक्षण राजस्थान में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) प्लेटफॉर्म से रेगिस्तानी रेंज में किए गए. हेलिना तीसरी पीढ़ी के लॉक ऑन बिफोर लॉन्च (LOBL) फायर एंड फॉरगेट एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हैं जो डायरेक्ट हिट मोड के साथ-साथ टॉप अटैक मोड, दोनों में लक्ष्य पर अचूक निशाना साधने में सक्षम हैं.

आकाश – NG मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट पर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से आकाश-NG (न्यू जेनरेशन) मिसाइल का पहला सफल प्रक्षेपण किया. आकाश-NG नई पीढ़ी की सरफेस-टू-एयर (सतह से हवा में मार करने वाली) मिसाइल है, जिसे भारतीय वायु सेना द्वारा अत्यधिक पैंतरेबाज़ी से लैस हवाई खतरों की रोकथाम करने हेतु बनाया गया है. इसकी रेंज 30 km से अधिक है.

कोबरा फोर्स में पहली महिला इकाई शामिल

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) के इतिहास में पहली बार CRPF की 34 महिला कर्मियों की टुकड़ी को विशेष जंगी कमांडो फोर्स कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन) में शामिल किया गया है. CoBRA को इंटेलिजेंस-आधारित जंगल युद्ध संचालन के लिए वर्ष 2009 में CRPF में गठित किया गया था. अब तक CoBRA एक केवल पुरुष इकाई थी.

CRPF आंतरिक सुरक्षा हेतु गठित देश का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक सुरक्षा बल है और इसमें करीब 3.25 लाख जवान हैं. इसकी अधिकतम तैनाती तीन प्रमुख क्षेत्रों में है – जम्मू-कश्मीर में, वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) प्रभावित राज्यों में और भारत के उत्तर-पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में है.

"एयरो इंडिया -2021"

एशिया का सबसे बड़ा एयर शो "एयरो इंडिया -2021" बेंगलुरु (कर्नाटक) के येलहंका एयर फोर्स बेस में 3 से 5 फरवरी तक आयोजित किया गया. COVID महामारी के कारण पहली बार यह आयोजन हाइब्रिड मोड में हुआ. यह शो रक्षा उत्पादन में भारत के कौशल का प्रदर्शन करने को समर्पित है, जिसका उद्देश्य लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर और मिसाइलों के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करना था. इस अवसर पर आयोजित सम्मेलन में हिंद महासागर क्षेत्र के 27 देशों के रक्षा मंत्रियों ने आपदा प्रबंधन में साझा खतरों और सहयोग पर चर्चा की.

PASSEX: भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना ने 18 फरवरी को अरब सागर में द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करना था.

भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर के उत्तरी भाग में 16-17 फरवरी को आयोजित ईरान और रूस के दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास 'ईरान-रूस समुद्री सुरक्षा क्षेत्र 2021' में भाग लिया.

युद्ध अभ्यास 20: भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच सबसे बड़े सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा सहयोग प्रयासों के मद्देनज़र वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास का 16वां संस्करण बीकानेर (राजस्थान) जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 8 से 21 फरवरी तक आयोजित किया गया.

AMPHEX – 21: 21 से 25 जनवरी, 2021 के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बड़े पैमाने पर सेना के तीनों अंगों के संयुक्त युद्धाभ्यास "एमफैक्स -21" का आयोजन किया गया.

सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने गणतंत्र दिवस से पहले घुसपैठ की घटनाओं की जाँच करने और जैसलमेर (राजस्थान) में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने हेतु 21 से 27 जनवरी तक "ऑपरेशन सर्द हवा" चलाया.

पाकिस्तान द्वारा 'बाबर' मिसाइल का परीक्षण

पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक क्रूज़ मिसाइल 'बाबर' का सफल परीक्षण किया है. पिछले एक महीने में पाकिस्तान ने अपनी तीसरी मिसाइल का परीक्षण किया है. जनवरी के अंत और फरवरी की शुरुआत में इसने शाहीन -3 और ग़ज़नवी बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण किया था. इस क्रूज़ मिसाइल की रेंज 450 किलोमीटर है और इसे पनडुब्बी या ज़मीनी क्वाड-लांचर से लॉन्च किया जा सकता है.

ISRO देगा गूगल मैप्स को कड़ी टक्कर

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने पूर्णतय स्वदेशी मैपिंग पोर्टल और भू-स्थानिक सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल मैपिंग और स्थानिकी-आधारित डीप-टेक कंपनी MapmyIndia के साथ समझौता किया है. ये सेवाएं MapmyIndia के डिजिटल मैप्स की क्षमता और इसरो के सैटेलाइट इमेजरी कैटलॉग व अर्थ ऑब्जर्वेशन डेटा प्रौद्योगिकियों के संयोजन पर आधारित होंगी.

इसका उद्देश्य व्यापक सेवाएँ प्रदान कर गूगल मैप्स से सफल प्रतिस्पर्धा करना है. इस सेवा से भारतीय वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सरकारी संगठनों को भारत से संबंधित सैटेलाइट इमेजरी, पृथ्वी अवलोकन डेटा और डिजिटल मैप डेटा और उन्नत भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम संयोजन स्वदेशी ISRO-MapmyIndia प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिये मिल सकेगा.

भारत का पहला मानसून परीक्षण मंच

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ओडिशा के बालासोर में देश का पहला मानसून परीक्षण मंच (थंडरस्टॉर्म रिसर्च टेस्टबेड) स्थापित करने की योजना बना रहा है. IMD अपनी इस परियोजना को लागू करने के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के साथ मिलकर काम करेगा. इसका उद्देश्य ओडिशा और पूर्वी राज्यों में लगातार आने वाले चक्रवातों और आकाशीय बिजली गिरने से होने वाले जानमाल के नुकसान को रोकना है. इस परियोजना में इस क्षेत्र में स्थित शीर्ष शैक्षणिक संस्थान भी एकत्रित किये गए आँकड़ों पर शोध करने के लिए शामिल किये जाएंगे.

देश का पहला CNG ट्रैक्टर लॉन्च

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने 12 फरवरी को देश का पहला CNG ट्रैक्टर लॉन्च किया. यह संस्करण टॉमासेटो अचीले इंडिया और रावमट टेक्नो सॉल्यूशंस द्वारा संयुक्त रूप से लांच किया गया है. इससे औसत ट्रैक्टर की ईंधन लागत में सालाना 1 लाख रु से ज्यादा की बचत होगी. इससे किसानों को उत्पादन लागत कम करने तथा ग्रामीण भारत में रोजगार के ज़्यादा से ज़्यादा अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी. CNG – (Compressed Natural Gas) एक स्वच्छ ईंधन है, जिसमें कार्बन और अन्य प्रदूषकों की मात्रा सबसे कम है.

मंगल की सतह पर उतरा Perseverance रोवर



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 18 फरवरी को मंगल ग्रह पर अपने पांचवें रोवर (Perseverance) को सफलतापूर्वक ग्रह की भूमध्य रेखा के निकट एक गहरे क्रेटर जिसे जेजेरौ कहा जाता है, में उतारा. मंगल की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के ठीक पहले के सात मिनट का समय बहुत ही जोखिम भरा था. छह पहियों वाला यह रोवर अब कालांतर में जीवन के सबूत की तलाश में स्थानीय चट्टानों में ड्रिलिंग में कम से कम अगले दो साल बिताएगा. SUV के आकार के इस रोवर का वजन लगभग एक टन है. यह सात फुट लंबी रोबोटिक आर्म से लैस है. यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए 19 कैमरों, दो माइक्रोफोन और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है.

अरुणाचल में मिली गेको की नई प्रजाति

भारत के पांच शोध संस्थानों की एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश में एक नई गेको (छिपकली) प्रजाति की खोज की है. नई प्रजाति जीनस सिरटोडैक्टाइलस से संबंधित है, जिसे आमतौर पर बेंट-टो गेको के रूप में जाना जाता है. शोधकर्ताओं ने इस प्रजाति का नाम Cyrtodactylus Arunachalensis उस राज्य के नाम पर रखा है, जहाँ यह खोजी गई है.

एयरटेल ने दिखाया 5G तकनीक का नमूना

भारती एयरटेल 28 जनवरी को हैदराबाद शहर में एक वाणिज्यिक नेटवर्क पर सफलतापूर्वक 5G सर्विस का प्रदर्शन कर देश की पहली ऐसी टेलीकॉम कंपनी बन गई है. इस मौके पर उपयोगकर्ता 5G सेवा की बदौलत महज़ कुछ सेकंडों में ही पूरी फिल्म डाउनलोड करने में सक्षम रहे. लेकिन ग्राहक 5G अनुभव का पूरा आनंद तभी ले पाएंगे जब पर्याप्त स्पेक्ट्रम उपलब्ध होगा और इसे सरकार की मंजूरी मिल जाएगी.

स्पेसएक्स का बड़ा कारनामा

एलन मस्क की अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने 24 जनवरी को एक ही रॉकेट से 143 उपग्रहों को अंतरिक्ष में लॉन्च करके एक नया रिकॉर्ड बनाया. फाल्कन 9 रॉकेट को फ्लोरिडा में स्थित केप कैनेवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के कॉम्प्लेक्स 40 से प्रक्षेपित किया गया. पुन: प्रयोज्य (रीयूजएबल) रॉकेट ने 143 उपग्रहों को अंतरिक्ष में लॉन्च किया, जिसमें 133 सरकारी और वाणिज्यिक उपग्रह और 10 स्टारलिंक उपग्रह शामिल थे. स्पेसएक्स ने इसरो-ISRO के फरवरी 2017 के रिकॉर्ड को पछाड़ दिया जब एक ही बार में 104 उपग्रह लांच किए गए थे.

अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

मार्च

नॉर्वे में दुनिया की पहली जहाज़ी सुरंग

नॉर्वे ने दुनिया की पहली जहाज़ी सुरंग बनाने की योजना बनाई है, जिससे जहाज़ों को खतरनाक स्टैडवेट समुद्र में से सुरक्षित गुज़रने में मदद मिलेगी. वर्तमान में इसे नॉर्वेजियन तट पर जहाज़ों के लिहाज़ से सर्वाधिक जोखिम भरे और खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है, जहां कभी-कभी प्रति वर्ष 100 से अधिक तूफान आते हैं और पवनों, धाराओं और लहरों का खतरनाक संगम होता है.

1700 मीटर लंबी, 37 मीटर ऊंची और 26.5 मीटर चौड़ी यह सुरंग उत्तर-पश्चिमी नॉर्वे के पर्वतीय स्टैडवेट प्रायद्वीप के नीचे से होकर जाएगी. फिलहाल स्टैडवेट पेनिनसुला के आसपास से निकलने वाले जहाज़ों को अक्सर खतरनाक ज्वार और खराब मौसम का सामना करना पड़ता है. इंजीनियरिंग के इस अद्भुत नमूने के निर्माण में लगभग 33 करोड़ डॉलर खर्च होंगे और इसे पूरा करने में तीन से चार साल लगेंगे.

क्वाड नेताओं का सम्मेलन आयोजित

12 मार्च को आयोजित क्वाड नेताओं के पहले वर्चुअल शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा और अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडन ने भाग लिया. इस सम्मेलन में क्वाड नेताओं ने साझा हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की और मुक्त, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के लिए सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया. इस शिखर सम्मेलन से समकालीन चुनौतियों जैसे लचीली आपूर्ति श्रृंखला, उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला.

"क्वाड" या चतुर्भुजीय सुरक्षा संवाद संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का अनौपचारिक रणनीतिक मंच है. इसे 2017 में चीन के खिलाफ समकक्ष के रूप में पुनर्जीवित किया गया था. इन सभी देशों में एक प्रमुख समानता यह भी है कि इनका कभी ना कभी चीन से टकराव हुआ है.

MIT फिर से सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

4 मार्च को दुनिया भर के शीर्ष 1,000 विश्वविद्यालयों पर आधारित QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 11वां संस्करण जारी किया गया. अमेरिका की मैसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) ने लगातार नौवें वर्ष अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा. सूची में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका) और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (इंग्लैंड) को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रखा गया है. 172वीं रैंक पर आसीन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बॉम्बे) भारत में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में उभरा है. कोई भी भारतीय संस्थान शीर्ष 100 में जगह नहीं बना सका.

G -20 वित्त मंत्रियों की बैठक

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने इटली की अध्यक्षता में 26 फरवरी को हुई G20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (FMCBG) की पहली बैठक में भाग लिया. इस बैठक में कोरोना के बाद के कालखंड में परिवर्तनकारी और न्यायसंगत बहाली के लिए नीतिगत उपायों पर चर्चा की गई. बैठक में जलवायु परिवर्तन के वैश्विक विकास और वित्तीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी चर्चा की गई.

अंटार्कटिका शेल्फ में टूटा विशाल हिमखंड

मुंबई और न्यूयॉर्क जैसे विशालतम शहरों से भी बड़ा एक विशालकाय हिमखंड अंटार्कटिका की ब्रंट आइस शेल्फ से टूटकर अलग हो गया. ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे (BAS) द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2021 में हुई इस खतरनाक घटना में लगभग 490 वर्ग मील का हिमखंड ब्रंट आइस शेल्फ से अलग हो गया. इस बिखराव के बाद ब्रंट आइस शेल्फ में नार्थ रिफ्ट नामक एक नई दरार का पता चला है.

हिमखंड बर्फ के वे विशालकाय टुकड़े होते हैं जो ग्लेशियरों या आइस शेल्फों से टूटकर खुले पानी में तैरते हैं.

ऑस्ट्रेलिया ने कसा मीडिया प्लेटफॉर्मों पर शिकंजा

25 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई संसद ने अपनी नई न्यूज़ मीडिया बार्गेनिंग संहिता में संशोधन पारित कर दिया, जिसके अनुसार फेसबुक ने ऑस्ट्रेलियाई लोगों द्वारा समाचारों तक पहुँच पाने और उन्हें साझा करने पर लगे प्रतिबंध को हटाने पर सहमति व्यक्त की. नए नियमों के अनुसार गूगल और फेसबुक जैसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म को स्थानीय मीडिया से लिए गए समाचारों के एवज़ में भुगतान करना होगा.

इन संशोधनों का मक़सद ऑस्ट्रेलियाई समाचार प्रदाताओं के मुकाबले में फेसबुक और गूगल की असाधारण शक्ति पर अंकुश लगाना है. यह आशा की जा रही है कि इन नए संशोधनों के बाद दिग्गज डिजिटल कंपनियां समाचार पत्रों को समाचरों के प्रयोग के लिए मनमाने तरीके से भुगतान कर अपनी स्थिति का दुरूपयोग नहीं कर पाएंगी.

फ़रवरी

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट

म्यांमार मिलिट्री टाटमाडॉ (म्यांमार मिलिट्री का आधिकारिक नाम) ने 1 फरवरी को सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (NLD) के स्टेट काउंसलर आंग सान सू की, राष्ट्रपति विन माइंट और अन्य वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करके देश में तख्तापलट कर दिया. देश में एक साल की आपातकाल की घोषणा की गई है. उपराष्ट्रपति माइंट स्वे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है और सभी सरकारी कामकाज सेना प्रमुख जनरल मिन आंग लाइंग को स्थानांतरित कर दिए गए हैं. मिलिट्री ने कहा कि नेताओं को 8 नवंबर, 2020 को राष्ट्रीय चुनावों के दौरान हुई धोखाधड़ी की वजह से हिरासत में लिया गया है.

सुश्री आंग सान सू की ने म्यांमार में सैन्य शासन की लंबी अवधि के बाद 2015 में नागरिक सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला. 8 नवंबर, 2020 को आयोजित राष्ट्रीय चुनावों में NLD के लिए भारी जीत देखी गई और उसने सेना समर्थित USD पार्टी को बुरी तरह से हराया. म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए अपने साहसिक संघर्ष के लिए उन्हें 1991 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

दुनिया का पहला ऊर्जा द्वीप

डेनमार्क ने उत्तरी सागर में दुनिया का पहला ऊर्जा द्वीप बनाने की योजना बनाई है जो पवन टर्बाइनों की मदद से यूरोपीय देशों में तीन करोड़ घरों की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हरित ऊर्जा का उत्पादन और भंडारण करेगी. ऊर्जा केंद्र एक अपतटीय बिजली संयंत्र के रूप में काम करेगा और उत्तरी सागर के आसपास के देशों में उपभोक्ताओं को सीधे द्वीप के आसपास के पवन टरबाइनों से हरित बिजली वितरित करेगा. यह द्वीप डेनमार्क के पश्चिमी तट से 80 किलोमीटर दूर स्थित होगा और इसके आसपास के पवन टर्बाइनों की प्रारंभिक क्षमता 3 गीगावाट होगी. यह द्वीप वर्ष 2033 के आसपास चालू होगा.

START संधि का हुआ समय विस्तार

संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस के साथ की गई न्यू स्टार्ट (New START) संधि को फरवरी 2021 से पांच साल के लिए बढ़ा दिया है. इस संधि का उद्देश्य दुनिया को परमाणु हथियारों की दौड़ से बचाना है. रूसी राष्ट्रपति ने भी 29 जनवरी, 2021 को इस संधि को पांच साल के लिए विस्तार देने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए थे.

यह संधि 5 फरवरी, 2021 को समाप्त हो जानी थी क्योंकि ट्रम्प प्रशासन ने इस विस्तार को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था. यह संधि मूल रूप से 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हस्ताक्षरित की थी. इस संधि के तहत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियारों की संख्या पर अधिकतम 1550 तक की सीमा लगाई गई है.

वैश्विक FDI ने लगाई 42% की डुबकी

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा 24 जनवरी को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के पिछले साल के 1500 अरब डॉलर के आंकड़े से 42 फीसदी घटकर 859 अरब अमेरिकी डॉलर रह जाने का अनुमान है. FDI में आयी गिरावट विकसित देशों में देखने को मिली जहां पूंजी का प्रवाह 69 फीसदी घटकर 229 अरब डॉलर रह गया. लेकिन साल 2020 में भारत में FDI का प्रवाह डिजिटल क्षेत्र में हुए निवेश की बदौलत 13 प्रतिशत बढ़कर 57 अरब डॉलर तक पहुँच गया. चीन के कोरोना महामारी का गढ़ होने के बावजूद वहाँ सर्वाधिक FDI का प्रवाह हुआ, जहां पूंजी प्रवाह 4 फीसदी बढ़कर 163 अरब डॉलर हो गया.

करेंट अकाउंट सरप्लस के मामले में चीन सबसे ऊपर

म्यूनिख की इफो इंस्टीट्यूट के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार कोरोनोवायरस संकट के कारण दुनिया भर में चिकित्सा, सुरक्षा उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बढ़ती उच्च मांग के कारण चीनी निर्यात को बढ़ावा मिला है. जहाँ चीन के चालू खातों का सरप्लस 310 अरब डॉलर हो गया, वहीं जर्मनी दूसरे स्थान पर फिसल गया. 2020 में कई प्रमुख निर्यात बाजारों में कारों, मशीनरी और उपकरणों की मांग गिरने के कारण जर्मनी का चालू खाता अधिशेष (करेंट अकाउंट सरप्लस) 261 अरब डॉलर रह गया. 158 अरब डॉलर के चालू खाता अधिशेष के साथ जापान तीसरे स्थान पर रहा. इस सर्वे में संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया में सबसे बड़े चालू खाता घाटे वाला देश रहा, जिसका चालू खाता घाटा 2020 में लगभग एक तिहाई बढ़कर 635 अरब डॉलर हो गया.

चालू खाता अधिशेष माल, सेवाओं और निवेश के निर्यात के मूल्य से उनके आयात के मूल्य के अधिशेष को दर्शाता है.

ब्रिटेन अर्थव्यवस्था को लगा गहरा झटका

इंग्लैंड के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का कहना है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2020 में 300 से अधिक वर्षों में अपनी सबसे बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है. महामारी के चलते ब्रिटेन में दुकान और रेस्तरां बंद हो गए, यात्रा उद्योग और विनिर्माण भी तबाह हो गए. पिछले साल ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 9.9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई जो 2009 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान दर्ज हुई गिरावट की तुलना में दो गुना से अधिक है. यह गिरावट वर्ष 1709 के बाद देखी गई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है.

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि

परमाणु हथियारों के निषेध पर संयुक्त राष्ट्र संधि (TPNW) 22 जनवरी, 2021 से लागू हो गई. इस संधि को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जुलाई 2017 में कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि के रूप में अपनाया गया था ताकि हस्ताक्षरकर्ताओं को परमाणु हथियार या अन्य परमाणु विस्फोटक उपकरणों को विकसित करने, परीक्षण करने, निर्माण करने, अन्यथा प्राप्त करने या रखने के लिए रोका जा सके. वर्तमान में इस संधि पर 86 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं और उनमें से 51 ने इसकी पुष्टि भी की है.

भारत ने दोहराया है कि वह इस अंतरराष्ट्रीय समझौते के किसी भी दायित्वों से न तो जुड़ा है और न ही बाध्य है. भारत ने मार्च 2017 में शुरू हुई वार्ता का बहिष्कार किया था, जिसमें कहा गया था कि निरस्त्रीकरण पर केवल जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने का जनादेश था. भारत P -5 देशों और पाकिस्तान सहित उन 35 राज्यों में से था, जो विचार-विमर्श में शामिल नहीं हुए थे. TPNW- Treaty on the Prohibition of Nuclear Weapons

ट्रम्प हुए दूसरी बार बरी

अमेरिकी सीनेट ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके समर्थकों द्वारा कैपिटल बिल्डिंग में मचाये गए बवाल के दोष में दंडित करने के डेमोक्रेट प्रयास को विफल कर उन्हें दूसरी बार महाभियोग से बरी कर दिया. महाभियोग के शुरू होने के एक हफ्ते बाद मात्र 57 सीनेटरों, जिनमें सात रिपब्लिकन भी शामिल थे, ने उन पर लगे महाभियोग के पक्ष में मत दिया. जनवरी में प्रतिनिधि सभा ने ट्रम्प पर इस आरोप में महाभियोग शुरू किया था कि उन्होंने अपने समर्थकों को 6 जनवरी को कैपिटल बिल्डिंग पर हमला करने को उकसाया. सदन ने उन पर दंगा भड़काने का आरोप लगाया जिसके दौरान उनके समर्थक सीनेट चैंबर और अन्य दफ्तरों में ज़बरदस्ती घुस गए.

दुनिया का सबसे बड़ा ऑफशोर विंड फार्म

दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पश्चिम में सिनान के पास 2030 तक दुनिया के सबसे बड़े अपतटीय पवन फार्म (Offshore Wind Farm) के निर्माण के लिए 48 ट्रिलियन वोन (43 अरब डॉलर) के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इसकी अधिकतम क्षमता 8.2 गीगावाट होगी.

❖ *सऊदी अरब ने महिलाओं के लिए सशस्त्र बल में प्रवेश की अनुमति दी है. अब उन्हें सिपाही, लांस कॉर्पोरल, कॉर्पोरल, सार्जेंट और स्टाफ सार्जेंट के रूप में नियुक्त किया जा सकता है.*

चर्चित चेहरे

मार्च

गौतम अडानी: ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक कोविड-19 महामारी के बीच अडानी समूह के अध्यक्ष ने अपनी कुल संपत्ति में 2021 में 16.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी कर इसे 50 अरब डॉलर तक पहुंचा कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. अपनी संपत्ति में आये इस उछाल के साथ ही वे अब दुनिया के 26वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं. इस साल उन्होंने अपनी संपत्ति में बढ़ोतरी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में शुमार जेफ बेजोस और एलन मस्क को भी पीछे छोड़ दिया है. जहां मस्क की कुल संपत्ति में 10.3 अरब डॉलर का इज़ाफ़ा हुआ है, वहीं बेजोस की संपत्ति में 7.59 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई है.

जैस्मिन हैरिसन: इंग्लैंड की 21 वर्षीय ब्रिटिश महिला अटलांटिक महासागर को नाव से अकेले पार करने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं. उन्होंने अटलांटिक कैम्पैन द्वारा आयोजित 2020 तालिस्कर व्हिस्की अटलांटिक चैलेंज में शीर्ष स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की.

फ़रवरी

डॉ. किरण बेदी: राष्ट्रपति के आदेशनुसार पूर्व IPS अधिकारी को पुडुचेरी के उपराज्यपाल के पद से हटा दिया गया है. फिलहाल तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन को पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

नयी नियुक्तियां

मार्च

सौरभ गर्ग: भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किये गए हैं.

डॉ. अजय माथुर: 15 मार्च, 2021 से चार साल के लिए गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के महानिदेशक नियुक्त किये गए हैं.

एम. ए. गणपति: उत्तराखंड कैडर के वरिष्ठ IPS अधिकारी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं.

कुलदीप सिंह: पश्चिम बंगाल कैडर के वरिष्ठ IPS अधिकारी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) के महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं.

डॉ. जी पी सामंत: केंद्र सरकार द्वारा दो साल की अवधि के लिए भारत के नए मुख्य सांख्यिकीविद् नियुक्त किये गए हैं. वे राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के प्रमुख और राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के सचिव होंगे.

विजय सांपला: पंजाब के वरिष्ठ भाजपा नेता राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं. वे 2014 से 2019 तक पूर्व केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रह चुके हैं.

तीरथ सिंह रावत: उत्तराखंड में 10 मार्च को नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. उन्हें उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने देहरादून के राजभवन में पद की शपथ दिलाई.

गिरीश चंद्र मुर्मू: भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) को वर्ष 2021 के लिए संयुक्त राष्ट्र के बाहरी लेखा परीक्षकों के पैनल का पुनःअध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

माटम वेंकट राव: केंद्र सरकार द्वारा तीन साल के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किये गए हैं.

डेनिस ससौ गुगेसो: अगले पांच वर्षों के लिए पुन: कांगो गणराज्य के राष्ट्रपति चुने गए. वे पहले ही 36 वर्षों तक राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत रहे हैं, जिसकी बदौलत वे सबसे लंबे समय तक सेवारत रहने वाले राष्ट्रपतियों में से एक हैं.

सुश्री सामिया सुलुहु हसन: पूर्व अफ्रीकन देश तंज़ानिया के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाली पहली महिला नेता बन गई हैं.

मार्क रुटे: नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने लगातार 20वीं बार संसदीय चुनाव जीते.

मोहम्मद बज़ूम: नाइजर (अफ्रीका में नाइजीरिया के उत्तर में एक भूमि-बंद देश) के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं.

इरक्ली गरीबाश्वीली: जॉर्जिया की संसद द्वारा जॉर्जिया के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए है.

फ़रवरी

एस एन सुब्रह्मण्यन: श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एल एंड टी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंध निदेशक और प्रख्यात इंजीनियर को तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है.

डॉ. अजय माथुर: वर्तमान में द एनर्जी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (TERI) के प्रमुख को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का नया महानिदेशक चुना गया है. 73 सदस्य देशों के गठबंधन ISA की स्थापना 2015 में सम्पूर्ण मानवता के लिए सुरक्षित, सततशील और किफायती सौर ऊर्जा की मांग और इसके उपयोग में तेज़ी लाने के लिए की गई थी.

अजय मल्होत्रा: वरिष्ठ राजनयिक और 1977 बैच के IFS अधिकारी संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद की सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं.

मल्लिकार्जुन खड़गे: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिग्गज कांग्रेसी नेता को राज्यसभा में नेता विपक्ष नामित किया है. 15 फरवरी को दिग्गज सांसद गुलाम नबी आजाद के राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद खाली हो गया था. खड़गे इससे पहले 2014 से 2019 तक लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता रह चुके हैं.

नोज़ी ओकोन्ज़ो- इवेला: नाइजीरिया की पूर्व वित्त मंत्री और विश्व बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक रहीं महिला को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व व्यापार संगठन की अगली महानिदेशक चुना गया है. वे 1 मार्च, 2021 से 31 अगस्त, 2025 तक इस पद पर काम करेंगी. इससे पहले विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख रॉबर्टो अजेवेदो ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से एक साल पहले ही 31 अगस्त, 2020 को इस्तीफा दे दिया था.

विश्व व्यापार संगठन एक अंतर-सरकारी संगठन है जो दुनिया भर के देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के नियामन का काम करता है. इसका गठन 1 जनवरी, 1995 को 15 अप्रैल, 1994 को 123 राष्ट्रों द्वारा हस्ताक्षरित मराकेश समझौते के तहत हुआ था. इसे जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स एंड ट्रेड (GATT), 1948 की जगह स्थापित किया गया था. यह दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संगठन है.

मारियो द्रागी: यूरोपीय सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रमुख ने इटली के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की.

काजा कालास: रिफार्म पार्टी की नेत्री इस्टोनिया (बाल्टिक सागर के पूर्व में मध्य यूरोप का छोटा सा देश) की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं.

मार्सेलो रेबेलो डी सूजा: पुर्तगाल के वर्तमान राष्ट्रपति ने साल 2021 में हुए पुर्तगाली राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की.

पुरस्कार एवं सम्मान

मार्च

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार - 2019

22 मार्च को 2019 में बनी फिल्मों के लिए नई दिल्ली में 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई. इस कार्यक्रम का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा किया गया था. शीर्ष पुरस्कारों में से कुछ इस प्रकार हैं:

सर्वश्रेष्ठ फीचर फ़िल्म: मरक्कड़: Lion of the Arabian Sea (प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म)

स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म: महर्षि (वामशी पेडिपल्ली द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म)

नर्गिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार - ताजमल (नियाज़ मुजावर द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म)

सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फ़िल्म: छिछोरे (नितेश तिवारी)

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: संजय पूरन सिंह चौहान, 'बहत्तर हूरें' (हिंदी)

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: कंगना रनौत - पंगा (हिंदी) और मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ़ झाँसी (हिंदी)

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: भोंसले के लिए मनोज बाजपेयी (हिंदी), और असुरन के लिए धनुष (तमिल)

सर्वाधिक फ़िल्म-अनुकूल राज्य: सिक्किम

गांधी शांति पुरस्कार 2019: अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिवंगत सुल्तान काबूस बिन सैद अल सैद को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

गांधी शांति पुरस्कार 2020: स्वर्गीय बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को लोगों की स्वतंत्रता, अधिकार, आकांक्षा और मुक्ति सुनिश्चित करने और भूख, गरीबी और शोषण से मुक्त विश्व के निर्माण में मदद देने हेतु उनके जीवनपर्यन्त संघर्ष के लिए दिया गया.

इस पुरस्कार में एक करोड़ रूपये की इनामी राशि, प्रशस्ति पत्र, पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला आइटम शामिल है. यह पुरस्कार महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा 1995 में स्थापित किया गया वार्षिक पुरस्कार है. इस पुरस्कार हेतु राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग का कोई बंधन नहीं है.

व्यास सम्मान 2020: जाने-माने हिंदी लेखक प्रो. शरद पगारे को उनके उपन्यास 'पाटलीपुत्र की साम्राज्ञी' के लिए 31वें व्यास सम्मान से नवाज़ा गया है.

हिंदी में उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों के लिए व्यास सम्मान की शुरुआत 1991 में के के बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दी गई थी. पुरस्कार की पात्र कृति किसी भारतीय नागरिक द्वारा रचित और पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित हुई होनी चाहिए. इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र और पट्टिका के साथ साथ 4 लाख रुपये की इनामी राशि भी दी जाती है.

Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

Gyanm YouTube Channel

www.youtube.com/c/GroverGyanm

www.gyanm.in

CERAWeek ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट लीडरशिप अवार्ड: अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित कैम्ब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स वीक (CERAWeek) में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण का भविष्य सुरक्षित करने में नेतृत्व की अनुकरणीय प्रतिबद्धता दिखाने हेतु सम्मानित किया गया. प्रधानमंत्री ने इस पुरस्कार को भारतीय लोगों और देश की गौरवशाली परंपरा को समर्पित किया, जिसमें सदा ही पर्यावरण की देखभाल करने की राह दिखाई गई है.

CERAWeek को दुनिया का प्रमुख ऊर्जा मंच माना जाता है, जिसकी स्थापना डॉ. डेनिएल येरगिन ने 1983 में की थी.

फिल्म आर्काइव्स अवार्ड -2021: मेगास्टार अमिताभ बच्चन को ब्रुसेल्स स्थित इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स (FIAF) (एक विश्वव्यापी संगठन जिसमें दुनिया भर से फिल्म संग्रह और संग्रहालय शामिल हैं) द्वारा दुनिया भर की फिल्म विरासत के संरक्षण में योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

संयुक्त राष्ट्र एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार: कटक (ओडिशा) के अथगढ़ में तैनात प्रभागीय महिला वन अधिकारी सस्मिता लेंका यह पुरस्कार पाने वाली पहली भारतीय बन गई हैं. यह पुरस्कार उन्हें राज्य में पैंगोलिन की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़ करने में मदद करने के लिए 'लैंगिक नेतृत्व और प्रभाव' श्रेणी के तहत मिला है.

अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी चैंपियंस अवॉर्ड: दो दशक से ज्यादा समय से सूचना के अधिकार आंदोलन में एक सक्रिय सदस्य के रूप में काम करने वाली भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज अमेरिकी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के प्रति गहन समर्पण के लिए दुनिया भर के चुने गए 12 व्यक्तियों में से एक हैं.

दादा साहब फाल्के पुरस्कारों की घोषणा

20 फरवरी को मुंबई में एक शानदार समारोह में दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड्स 2021 की घोषणा की गई. कुछ शीर्ष विजेता इस प्रकार रहे:

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) - दीपिका पादुकोण (छपाक0
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) - अक्षय कुमार (लक्ष्मी)
सर्वश्रेष्ठ फिल्म - तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - अनुराग बसु, लूडो
सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज़ - स्कैम: 1992

प्रिट्जकर आर्किटेक्चर प्राइज़ -2021: अपनी कई सततशील आवासीय परियोजनाओं के लिए प्रसिद्ध रहे लैकोटन एंड वासल के संस्थापक युगल एनी लैकटॉन और जीन-फिलिप वासल को वास्तु शिल्प के सर्वोच्च सम्मान से नवाज़ा गया है. वास्तुशिल्प के नोबेल के रूप में विख्यात इस पुरस्कार में 100,000 डॉलर की राशि के अलावा एक कांस्य पदक भी शामिल है, जिसे शिकागो का प्रित्जकर परिवार अपनी हयात फाउंडेशन के माध्यम से प्रदान करता है.

ग्रैमी अवार्ड्स घोषित

63वां वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह 15 मार्च, 2021 को लॉस एंजिल्स कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया. यह पुरस्कार दुनिया में संगीत (84 श्रेणियों में) के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए जाना जाता है. कुछ शीर्ष ग्रैमी विजेता हैं:

रिकॉर्ड ऑफ़ द ईयर: Everything I Wanted (बिली आइलिश)
एल्बम ऑफ द ईयर: 'Folklore (टेलर स्विफ्ट)
सॉन्ग ऑफ़ द ईयर: I Can't Breathe (H.E.R)
बेस्ट न्यू आर्टिस्ट: मीगन थी स्टालियन
बेस्ट पॉप सोलो परफॉरमेंस: Watermelon Sugar (हैरी स्टाइल्स)
बेस्ट पॉप वोकल एल्बम: Future Nostalgia (दुआ लिपा)

78वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह का आयोजन 28 फरवरी को मिले-जुले प्रारूप में हुआ. इसका सीधा प्रसारण लॉस एंजिल्स और न्यूयॉर्क सिटी से किया गया. यह समारोह वर्ष 2021 का पहला प्रमुख टेलीविज़न अवार्ड शो था.

सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर - ड्रामा: नोमैडलैंड (क्लो झाओ)
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: क्लो झाओ (नोमैडलैंड)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - पुरुष: चाडविक बोसमैन (मरणोपरांत) for "Ma Rainey's Black Bottom"
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - महिला: आंद्रा डे (द यूनाइटेड स्टेट्स वर्सेस बिली हॉलिडे)

अफ्रीकी नेतृत्व उपलब्धि पुरस्कार 2020: विश्व का सबसे बड़ा नेतृत्व पुरस्कार (जिसके साथ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि दी जाती है) नाइजर के राष्ट्रपति महामदौ इस्सौफू को दिया गया है. इस पुरस्कार की शुरुआत 2006 में सूडानी अरबपति मो इब्राहिम द्वारा अफ्रीकी देशों में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए की गई थी.

फ़रवरी

मिस इंडिया – 2020

10 फरवरी को मुंबई के हयात रीजेंसी में आयोजित एक भव्य समारोह में तेलंगाना की इंजीनियर मानसा वाराणसी ने VLCC फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2020 का खिताब अपने नाम कर लिया. वहीं मनिका श्योकंद (हरियाणा) को वीएलसीसी फेमिना मिस ग्रैंड इंडिया 2020 और मान्या सिंह (उत्तर प्रदेश) को वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया 2020 का रनर-अप घोषित किया गया. ये सुंदरियां अब विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भारत की आधिकारिक प्रतिनिधि होंगी.

स्कॉच 'सीएम ऑफ द ईयर' अवार्ड: आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को पिछले दो वर्षों में शासन के मामले में उनकी सरकार के सर्वश्रेष्ठ "क्रांतिकारी उपायों" हेतु इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

तमिल फिल्म ने जीता "टाइगर" पुरस्कार

तमिल फिल्म "Koozhangal" ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल रॉटरडैम 2021 के 50वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए "टाइगर" पुरस्कार जीता. Koozhangal (जिसका अर्थ है कंकड़), नयनतारा द्वारा निर्मित और विनोद राज पीएस द्वारा निर्देशित फिल्म है.

वैश्विक नागरिकता राजदूत: भारतीय आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर को प्रख्यात अमेरिकी विश्वविद्यालय नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर स्पिरिचुअलिटी, डायलॉग एंड सर्विस, बोस्टन (अमेरिका) द्वारा शांतिदूत, मानवतावादी, आध्यात्मिक शिक्षक और वैश्विक अंतरधार्मिक नेता के तौर पर काम करने के लिए सम्मानित किया गया है.

2021 के पद्म पुरस्कार घोषित

सरकार ने 72वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 119 लोगों को पद्म पुरस्कार देने की घोषणा की. पद्म विभूषण के लिए सात व्यक्तियों का चयन किया गया. इनमें जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे, पुरी (ओडिशा) के अनुभवी मूर्तिकार सुदर्शन साहू, उत्तर प्रदेश के इस्लामिक विद्वान मौलाना वहीदुद्दीन खान, हृदय रोग विशेषज्ञ और मणिपाल विश्वविद्यालय (कर्नाटक) के पूर्व-कुलपति बीएम हेगड़े, और प्रशंसित पुरातत्वविद् बी लाल शामिल हैं. तमिलनाडु के प्रख्यात गायक स्वर्गीय एस पी बालासुब्रमण्यम और मोगा (पंजाब) के प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्वर्गीय नरेंद्र सिंह कपानी को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा.

दस व्यक्तियों को पद्म भूषण मिलेगा. इनमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, गायक के एस चित्रा, प्रमुख कवि चंद्रशेखर कंबरा और सेवानिवृत्त सिविल सेवक नृपेंद्र मिश्रा शामिल हैं. गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय केशुभाई पटेल, असम के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय तरुण गोगोई और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान और उत्तर प्रदेश के इस्लामिक विद्वान दिवंगत कल्बे सादिक को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा.

102 व्यक्तियों को पद्म श्री मिलेगा. उनमें सामाजिक कार्यकर्ता सिंधुताई सपकाल, संगीतकार बॉम्बे जयश्री, ब्रिटिश फिल्म निर्देशक पीटर ब्रूक और ग्रीक इंडोलॉजिस्ट निकोलस कजानस शामिल हैं. गोवा के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय मृदुला सिन्हा, स्पेनिश-भारतीय जेसुइट पुजारी और लेखक स्वर्गीय फादर वलिस को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया जाएगा.

पद्म पुरस्कार भारत रत्न सम्मान के बाद भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं. गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा ये पुरस्कार मानवीय उत्कृष्टता के किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है. इन पुरस्कारों के साथ कोई नकद राशि नहीं दी जाती है. एक वर्ष में प्रदान किए जाने वाले कुल पद्म पुरस्कारों की कुल संख्या (मरणोपरान्त पुरस्कारों तथा विदेशियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों को छोड़कर) 120 से अधिक नहीं हो सकती है. सरकारी कर्मचारी इन पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं होते हैं.

महावीर चक्र: पिछले वर्ष गालवान घाटी संघर्ष के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले 16वें बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बी संतोष बाबू को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया गया. इसके अलावा CRPF के पांच जवानों को कीर्ति चक्र (महावीर चक्र के समकक्ष) से सम्मानित किया गया.

सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार: सतत पर्यावरण और पारिस्थितिक विकास सोसाइटी और भूस्खलन प्रबंधन के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र कुमार भंडारी, दोनों ने आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पुरस्कार जीता.

इस पुरस्कार की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है. संस्थागत श्रेणी में मिलने वाले पुरस्कार में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्तिगत श्रेणी में पांच लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र होता है.

गोल्डन पीकॉक अवार्ड: गोवा (भारत) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के 51वें संस्करण के समारोह में एंडर्स रेफन द्वारा निर्देशित Danish World War II drama “Into the Darkness” को सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित किया गया. इस पुरस्कार में 40 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है, जिसे रेफन और निर्माता लेने बरग्लम के बीच बराबर साझा की जाएगी.

चर्चित पुस्तकें

मार्च

Undertow: जाह्नवी बरुआ

India’s Power Elite: Caste, Class and Cultural Revolution: संजय बारू (पूर्व प्रधानमंत्री मोहन सिंह के पूर्व मीडिया सलाहकार)

Baanjh: सुष्मिता मुखर्जी (लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्म निर्माता)

Because India Comes First: Reflections on Nationalism, Identity and Culture- राम माधव (वरिष्ठ RSS नेता)

Stories I Must Tell: The Emotional Journey of an Actor: कबीर बेदी (दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता) के संस्मरण

The Lost Soul: ओल्गा टोकार्जुक (2018 के नोबेल पुरस्कार विजेता)

What's Mine and Yours: नईमा कॉस्टर

The Lost Apothecary: सारा पेननर

Klara and the Sun: काज़ुओ इशिगुरो (नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता (2017)

Joe Biden: American Dreamer: इवान ओस्नोस (अमेरिकी राष्ट्रपति की जीवनी)

My Life in Full: Work, Family and Our Future - इंद्रा नुई के संस्मरण (पेप्सिको कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी)

The Frontier Gandhi: My Life and Struggle - भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुल गफ़्फ़ार ख़ान (जिन्हें बच्चा खान या बादशाह खान के नाम से भी जाना जाता है) की आत्मकथा, जिसका पूर्व पाकिस्तानी सिविल सेवक और लेखक इम्तियाज़ अहमद साहिबज़ादा ने अंग्रेज़ी अनुवाद किया है.

यह आत्मकथा पहली बार 1983 में पख्तो भाषा में काबुल में प्रकाशित हुई थी. अब्दुल गफ़्फ़ार खान (1890-1988), जिन्हें लोकप्रिय तौर पर ‘फ्रंटियर गांधी’ कहा जाता है, का जन्म ब्रिटिश भारत के उत्तर-पश्चिम फ्रंटियर प्रांत के उथमानजई में हुआ था. उन्हें 1930-47 के दौरान भारत में महात्मा गांधी के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों और ख़ुदाई खिदमतगार (सर्वेन्ट्स ऑफ़ गॉड) आंदोलन के नेतृत्व के लिए जाना जाता है.

फ़रवरी

Rashtra Pratham - 82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा) - डॉ. भुवन कुमार झा (1939 में अपनी स्थापना के बाद से CRPF की कहानी)

Platform Scale: For a Post-Pandemic World - संगीत पॉल चौधरी

ASOCA: A Sutra - इरविन एलन सीली (महान सम्राट अशोक का एक काल्पनिक संस्मरण)

The Epic Battle of Longewala - एयर मार्शल भारत कुमार (सेवनिवृत)

The Terrible, Horrible, Very Bad Good News - मेघना पंत

Mapping Love - अश्विनी अय्यर तिवारी (प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक)

Unfinished: A Memoir - अभिनेत्री /-निर्मात्री प्रियंका चोपड़ा जोनास की आत्मकथा

The Little Book of Encouragement - दलाई लामा (तिब्बती आध्यात्मिक नेता)

Whereabouts - झुम्पा लाहिड़ी

1857 - The Sword of Mastan - विनीत बाजपेयी

Beautiful Things: हंटर बिडेन का संस्मरण (अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के बेटे)

By Many a Happy Accident: Recollections of a Life - हामिद अंसारी, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति

Starstruck: Confessions of a TV Executive- पीटर मुखर्जी (स्टार इंडिया टीवी चैनल के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी)

A Court of Silver Flames - सारा जे मास

The Four Winds - क्रिस्टिन हन्ना

श्रद्धांजलि

मार्च

के सी चक्रवर्ती: रिज़र्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर का 26 मार्च को मुंबई में उनके घर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. वे 68 वर्ष के थे. बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में शीर्ष पदों पर काम करने के बाद उन्होंने 2009 में रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में सेवायें दीं. RBI में अपना कार्यकाल समाप्त होने से तीन महीने पहले ही उन्होंने 2014 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था.

अनिल धारकर: प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक का 26 मार्च को मुंबई में 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वे हर साल नवंबर में आयोजित होने वाले मुंबई अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव के संस्थापक-निदेशक थे. धारकर कई प्रकाशनों के संपादक रहे, जिनमें डेबोनेयर (मासिक), मिड-डे और संडे मिड-डे (सांध्यकालीन समाचार पत्र); द इंडिपेंडेंट, और इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया शामिल हैं.

लक्ष्मण पई: प्रसिद्ध भारतीय कलाकार और चित्रकार का 14 मार्च को गोवा में उनके निवास स्थान पर 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्होंने 1977 से 1987 तक गोवा कॉलेज ऑफ आर्ट के प्राचार्य के रूप में कार्य किया. उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण, नेहरु अवार्ड और ललित कला अकादमी जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाज़ा गया था.

फ़रवरी

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एम. रामा जोइस: प्रख्यात न्यायविद और बिहार और झारखंड के पूर्व राज्यपाल का 16 फरवरी को बेंगलुरु में वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों के कारण 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वे पूर्व राज्यसभा सदस्य थे. उन्होंने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर भी काम किया था.

चर्चित स्थान

मार्च

छत्रपति शिवाजी टर्मिनस: मध्य रेलवे का यह रेलवे स्टेशन महाराष्ट्र में IGBC (इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल) का गोल्ड प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला रेलवे स्टेशन बन गया है. मध्य रेलवे ने अपने क्षेत्र में विभिन्न हरित पहलें लागू की हैं, जिसमें वृक्षारोपण, हरित क्षेत्र विकसित करना, सौर पैनलों की स्थापना, कई स्टेशनों पर यात्री-उन्मुख पहलों का शुरू किया जाना, एलईडी बल्ब और रोशनी आदि शामिल हैं. IGBC- Indian Green Building Council

अल साल्वाडोर हुआ मलेरिया-मुक्त - WHO

अल साल्वाडोर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा मलेरिया-मुक्त प्रमाणित किये जाने वाला पहला मध्य अमेरिकी देश बन गया है. WHO द्वारा मलेरिया उन्मूलन का प्रमाणन तभी दिया जाता है जब किसी देश में पिछले लगातार तीन वर्षों में (उचित संदेह से परे) इस बीमारी का कहीं भी स्वदेशी प्रसार नहीं हुआ हो.

फ़रवरी

भीमबेटका: शोधकर्ताओं ने भोपाल (मध्य प्रदेश) से 40 किलोमीटर दूर स्थित यूनेस्को संरक्षित क्षेत्र में दुनिया के सबसे पुराने जानवर डिकिनसोनिया के तीन जीवाश्मों की खोज की है. भीमबेटका के रॉक शेल्टर की छत पर मिले ये जीवाश्म करीब 57 करोड़ साल पुराने हैं.

सीधी: मध्य प्रदेश के सीधी ज़िले में 16 फरवरी की सुबह एक बस के नहर में गिरने से 20 महिलाओं सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई. यह दुर्घटना सीधी ज़िला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर पटना गाँव के पास हुई, जब दुर्घटनाग्रस्त बस सीधी से सतना की ओर जा रही थी. बचाव दल 6 यात्रियों को ही सुरक्षित बचा सका.

चौरी चौरा: उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर का छोटा सा शहर 4 फरवरी को राज्य सरकार द्वारा यहां चौरी चौरा शताब्दी समारोह मनाए जाने के कारण ख़बरों में रहा. 1922 में इसी दिन असहयोग आंदोलन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा समूह पुलिस के साथ भिड़ गया था. इस झड़प के फलस्वरूप पुलिस ने गोलियां चलाईं, जिससे उत्तेजित हो कर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर पुलिस स्टेशन को आग लगा दी थी जिससे पुलिस स्टेशन में छुपे हुए सभी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी. इस हिंसक घटना से आहत होकर महात्मा गांधी ने 12 फरवरी, 1922 को राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे असहयोग आंदोलन को वापस लेने का ऐलान कर दिया था.

टेक्सास: संयुक्त राज्य अमेरिका के इस राज्य में आए बर्फीले तूफान के चलते भीषण ठंड से जूझ रहे लाखों लोगों को बिना बिजली के घरों में कैद रहने को मजबूर होना पड़ा. अमेरिका की तेल और गैस राजधानी टेक्सास में दक्षिण-पूर्वी हिस्से में उरी नामक भीषण तूफ़ान ने कहर बरसाया. इस ठंड के कारण प्राकृतिक गैस के कुँए, तेल की पाइपलाइनें और विंड टरबाइनें भी जमने की वजह से बंद हो गयीं, जिससे राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता 40% कम हो गई. बिजली की अधिक मांग के कारण पावर ग्रिड बार-बार बंद हो रही थी, जिसके फलस्वरूप राज्य भर में 43 लाख से अधिक लोगों को बिजली के बिना गुज़ारा करना पड़ा.

खेल जगत

मार्च

भारतीय पैरा-एथलीट सिंहराज ने अल ऐन (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित 2021 विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता.

भारतीय निशानेबाज़ एलावेनिल वलारिवन और दिव्यांश पंवार ने दिल्ली में आयोजित द इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में और अंगद वीर सिंह बाजवा एवं गनीमत सेखों की जोड़ी ने स्कीट स्पर्धा के मिश्रित टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता.

अचंता शरथ कमल: दोहा में खेले गए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान के मुहम्मद रमीज़ पर बड़ी जीत हासिल कर टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बने.

तमिलनाडु की सी ए भवानी देवी टोक्यो ओलंपिक का टिकट प्राप्त करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज़ (फ़ेंसर) बन गई हैं. उन्होंने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित वर्ल्ड कप फेंसिंग टूर्नामेंट में खेलते हुए यह स्थान हासिल किया.

मनीष कौशिक: भारतीय मुक्केबाज़ ने स्पेन के कैस्टेलन में आयोजित बॉक्सम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में कुल 10 पदक जीते.

विनेश फोगाट: भारतीय रेसलर ने 28 फरवरी को कीव (यूक्रेन) में आयोजित XXIV आउटस्टैंडिंग यूक्रेनियन रेसलर्स और कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट' में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता.

भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पुनिया और भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगट ने रोम के माटेयो पेलिकोन में आयोजित वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज़ इवेंट में स्वर्ण पदक जीता. इस जीत के साथ ही दोनों पहलवान दुनिया में नंबर एक की रैंकिंग पर आ गए हैं.

विराट कोहली: भारतीय कप्तान 14 मार्च को टी 20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 3,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गए. यह मील का पत्थर उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद) में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान हासिल किया.

मिताली राज: भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज बल्लेबाज़ महिला एकदिवसीय क्रिकेट में 7,000 रन पूरे करने वाली पहली महिला बल्लेबाज़ बन गई हैं. यह मील का पत्थर उन्होंने लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए अपने 213वें मैच में पार किया.

मिताली राज: 38 वर्षीय धाकड़ बल्लेबाज़ क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 10 हज़ार रन बनाने वाली भारत की पहली और दुनिया की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई हैं. यह उपलब्धि उन्होंने लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए हासिल की. 10,000 रन का आंकड़ा पार करने वाली एकमात्र अन्य महिला क्रिकेटर इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स हैं.

कोनेरू हम्पी: आंध्र प्रदेश की रहने वाली 33 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने जनमत के आधार पर 2020 का "बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (ISWOTY) पुरस्कार जीत लिया है. यह पुरस्कार उन्होंने धावक दुती चंद, एयरगन शूटर मनु भाकर, पहलवान विनेश फोगट और भारतीय हॉकी कप्तान रानी रामपाल को पीछे छोड़ जीता. वे दिसंबर 2019 की विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन होने के साथ- साथ सर्वश्रेष्ठ महिला शतरंज खिलाड़ियों के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट केन्र्स कप की विजेता भी हैं.

21वीं राष्ट्रीय स्क्वॉय चैम्पियनशिप: जयपुर, राजस्थान में आयोजित टूर्नामेंट में लद्दाख स्क्वॉय टीम ने आठ पदक जीते और उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार जीता. स्क्वॉय कश्मीर का पारंपरिक मार्शल आर्ट है जिसमें खिलाड़ी ढाल और घुमावदार एकल धार वाली तलवार का उपयोग करते हैं.

विजय हज़ारे ट्रॉफी: पृथ्वी शॉ की कप्तानी में टीम मुंबई ने दिल्ली में खेले गए फाइनल में उत्तर प्रदेश को करारी शिकस्त दी. एकदिवसीय प्रारूप में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट आयोजन है.

खेलो इंडिया विंटर नेशनल गेम्स: बारामूला ज़िले (जम्मू और कश्मीर) के गुलमर्ग में स्थित मशहूर स्की रिज़ॉर्ट में संपन्न हुए खेलो इंडिया शीतकालीन राष्ट्रीय खेलों के दूसरे संस्करण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर ने 11 स्वर्ण, 18 रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया. इस पांच दिवसीय खेल महाकुम्भ में 27 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया.

मैरी कॉम: छह बार विश्व विजेता रही भारतीय महिला मुक्केबाज़ को स्विट्ज़रलैंड के लुसाने में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी संघ (AIBA) 'चैंपियंस एंड वेटेरंस' समिति की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

दुष्यंत चौटाला: हरियाणा के उपमुख्यमंत्री पुनः चार साल के कार्यकाल के लिए टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए हैं.

विराट कोहली: भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान 1 मार्च, 2021 को सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं. वे इंस्टाग्राम पर चौथे सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले खिलाड़ी हैं. अन्य खिलाड़ियों में 26.6 करोड़ फॉलोअर्स के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो शीर्ष पर हैं, जिसके बाद लियोनल मैसी (18.7 करोड़) दूसरे और ब्राज़ील के फुटबॉलर नेमार (14.7 करोड़) तीसरे स्थान पर हैं.

दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 24 फरवरी को अहमदाबाद के मोटेरा में नवनिर्मित, विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का औपचारिक उद्घाटन किया. सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव में स्थित नए स्टेडियम का नाम 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम' रखा गया है. इस स्टेडियम में एक लाख 32 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है. 63 एकड़ में फैले इस स्टेडियम में 11 पिचों के अलावा अद्वितीय जल निकास प्रणाली भी है, जिससे गीले मैदान (बारिश के बाद) से पानी निकालने में सिर्फ 30 मिनट लगेंगे.

अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

कीरोन पोलार्ड: 3 मार्च, 2021 को वेस्टइंडीज़ के एकदिवसीय और टी 20 कप्तान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले तीसरे बल्लेबाज़ बन गए. उन्होंने यह उपलब्धि वेस्टइंडीज़ द्वारा श्रीलंका के खिलाफ ऑस्बर्न (एंटीगुआ) में पहला टी- 20 मैच खेलते समय हासिल की.

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप: बर्मिंघम (इंग्लैंड) में आयोजित विश्व के सबसे पुराने बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब मलेशिया के ली ज़ी जिया और महिला एकल खिताब जापान की नोज़ोमी ओकुहारा ने जीता.

थॉमस बाक: 10 मार्च को पुनः चार साल के अतिरिक्त कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अध्यक्ष चुने गए हैं.

फ़रवरी

साथियान ज्ञानसेकरन: पंचकुला (हरियाणा) में आयोजित 82वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन शरथ कमल को हराकर टेबल टेनिस पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन बने.

ऋषभ पंत: भारतीय विकेटकीपर और बल्लेबाज़ को जनवरी 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दो टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के पहले "मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है.

अरुंधति चौधरी और नोरेम बी. चानू ने बुदवा, मोंटेनेग्रो (दक्षिणी यूरोप का एक छोटा सा देश) में खेले गए 30वें एड्रियाटिक पर्ल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते. भारतीय टीम पांच स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रही.

सैयद मुश्ताक अली T- 20 ट्रॉफी: तमिलनाडु ने 31 जनवरी को अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम बड़ौदा को सात विकेट से हराकर यह ट्रॉफी जीत ली. BCCIP द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 38 घरेलू टीमों ने हिस्सा लिया. सैयद मुश्ताक अली इंदौर के प्रसिद्ध ऑल राउंडर थे, जिन्होनें 1934 से 1952 तक भारत के लिए खेला. 1936 में उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड़ के खिलाफ 112 रनों की पारी खेलकर विदेशी सरज़मीं पर पहला शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया था.

भारत के 24-सदस्यीय निशानेबाज़ी दल ने कुवैत द्वारा आयोजित पहली एशियाई ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया.

10वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैम्पियनशिप: भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) ने गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर) में खेले गए फाइनल में लद्दाख को हराकर ट्रॉफी जीती. 8,700 फीट की ऊंचाई पर माइनस एक डिग्री तापमान वाले वातावरण में आयोजित इस चैम्पियनशिप में आठ टीमों ने भाग लिया.

रविचंद्रन अश्विन: भारतीय टीम के ऑफ स्पिनर क्रिकेट के 143 वर्षीय इतिहास में बाएं हाथ के बल्लेबाजों को 200 बार आउट करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने यह उपलब्धि चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत द्वारा खेले गए दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की.

अजय सिंह: पुनः भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) के अध्यक्ष चुने गए हैं. वे स्पाइसजेट एयरलाइंस के खेल प्रबंधक और अध्यक्ष हैं.

केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने घोषणा की कि दूसरा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित किया जाएगा. इस प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय टीमों के लिए चुने जाने वाले 25 वर्ष से कम आयु के 4,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने 1934-35 में अपनी स्थापना के बाद के 87 वर्षों में पहली बार 2020-21 में रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं करने का फैसला किया है.

अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

ऑस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंड स्लैम का समापन मेलबर्न पार्क (ऑस्ट्रेलिया) में हुआ.

पुरुषों का खिताब: दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच (सर्बिया) ने डेनियल मेदवेदेव (रूस) को हराकर अपना नौवां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता.

महिलाओं का खिताब: नाओमी ओसाका (जापान) ने जेनिफर ब्रैडी (अमेरिका) को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता.

बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल: विश्व नंबर 1 ताई त्ज़ु यिंग (चीन) ने बैंकाक में खेले गए फाइनल में ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन (स्पेन) को हराया. डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने पूर्व विश्व चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क) को हरा कर पुरुषों का खिताब जीता.

प्रमुख दिवस

मार्च

1 मार्च: नागरिक लेखा दिवस

यह दिवस 1976 में भारतीय नागरिक लेखा सेवा (ICAS) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. ICAS वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत भारतीय सिविल सेवाओं में से एक है जो सार्वजनिक सेवाओं के प्रभावी वितरण में प्रौद्योगिकी के उपयोग में अग्रणी रही है.

01 मार्च: शून्य भेदभाव दिवस (ज़ीरो डिस्क्रिमिनेशन डे)

यह दिवस उम्र, लैंगिकता, राष्ट्रीयता, जातीयता, त्वचा के रंग आदि की परवाह किए बिना सभी लोगों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने हेतु मनाया जाता है. इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के, उसकी पसंद, विश्वास, पेशे, शिक्षा, विकलांगता या यहां तक कि बीमारी के बावजूद, सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार की रसखा करना और इसके लिए आवाज़ उठाना है.

इस वर्ष का विषय है - "End Inequalities"

3 मार्च: विश्व वन्यजीव दिवस

यह दिन दुनिया भर में जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है. 1973 में इसी दिन वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे. इस वर्ष इस दिवस का विषय है- 'वन और आजीविका: मानव और पृथ्वी का सततशील विकास'. यह दिवस वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका और वन्यजीवों और मानवता के लिए इन पारिस्थितिक तंत्रों के महत्त्व को समर्पित है.

03 मार्च: विश्व श्रवण दिवस (वर्ल्ड हियरिंग डे)

यह दिन दुनिया भर में बहरेपन को रोकने और सुनने की क्षमता की देखभाल को बढ़ावा देने हेतु मनाया जाता है. यह दिवस इस बात को रेखांकित करता है कि समय पर कारगर हस्तक्षेप से सुनने की क्षमता पुनः प्राप्त की जा सकती है.

यह श्रवण तंत्रिकाओं की सुरक्षा और निवारक उपायों को अपनाने के लिए की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर है. इस वर्ष का विषय है- 'Screen, Rehabilitate, Communicate' to address hearing loss and ear diseases across the life course.

4 मार्च: राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/ सेफ्टी दिवस

यह दिवस औद्योगिक दुर्घटनाओं की दर में कमी लाने के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है. 1965 में इसी दिन भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना भी की गयी थी. NSC भारत में राष्ट्रीय स्तर का प्रमुख, गैर-लाभकारी, स्व-वित्तपोषित त्रिपक्षीय शीर्ष निकाय है. इस वर्ष इस दिवस का विषय है "सड़क सुरक्षा" (Road Safety).

4 मार्च: राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

यह दिवस भारतीय सुरक्षा बलों के सम्मान में प्रति वर्ष मनाया जाता है. इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों, अर्ध-सैन्य बलों, कमांडो, गार्ड, सेना अधिकारियों, और सुरक्षा कार्यों में लगे हुए अन्य व्यक्तियों सहित सभी सुरक्षा बलों के प्रति आभार प्रकट करना है, जिनकी बदौलत देश के लोग बिना किसी चिंता के चैन की नींद सो पाते हैं.

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) देश की राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा से संबंधित मुख्य एजेंसी है. NSC के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत कुमार डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर भारतीय प्रधानमंत्री के मुख्य सलाहकार भी हैं.

7 मार्च: जनऔषधि दिवस

पूरे भारत में जनऔषधि केंद्रों पर अत्यंत किफायती दरों पर उपलब्ध जेनेरिक दवाओं के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है. वर्तमान में सभी जिलों में 6,600 से अधिक जनऔषधि भंडार अत्यधिक रियायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं. "प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना" भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा शुरू की गई नेक पहल है.

8 मार्च: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

यह दिवस जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा की गई प्रगति का जश्न मनाने और समाज के समग्र विकास में वर्षों से महिलाओं द्वारा निभाई गई असाधारण भूमिका को स्वीकार करने का एक अवसर है. लैंगिक समानता के लिए रैली करने और महत्वपूर्ण बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका को उजागर करने के लिए दुनिया भर में महिलाएं इस दिन एक साथ आती हैं. इस वर्ष इस दिवस का विषय है - #ChooseToChallenge जो यह इंगित करता है कि "एक चुनौतीपूर्ण दुनिया एक सतर्क दुनिया है, और चुनौती से परिवर्तन आता है."

मार्च (11): विश्व गुर्दा दिवस

गुर्दे के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वैश्विक अभियान के रूप में प्रति वर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है - "Living Well with Kidney Disease". यह आयोजन इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी (ISN) और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन्स (IFKF) की संयुक्त पहल है.

14 मार्च: अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस

अंतर्राष्ट्रीय गणित संघ (IMU) यह आयोजन गणित के आकर्षण, इसके महत्व और हर किसी के जीवन में इसकी आवश्यक भूमिका को उजागर करने हेतु शुरु किया गया था. यह आयोजन यूनेस्को द्वारा समर्थित है.
पाई का मान यानी 3/14 दर्शाने हेतु इस दिवस की तिथि को महीना / तिथि प्रारूप में लिखा जाता है. इसके अलावा गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन का जन्म भी इसी दिन हुआ था. वर्ष 2021 में इस दिवस का विषय है - "बेहतर दुनिया में गणित की भूमिका"

15 मार्च: विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

बुनियादी उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने और उनका सम्मान और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है. उपभोक्ता अधिकारों का मतलब है कि दुनिया में प्रत्येक उपभोक्ता या खरीदार को विभिन्न उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, शुद्धता, कीमत और मानकों से जुड़ी जानकारी पाने का अधिकार है. 2021 में इस दिवस का विषय है- 'प्लास्टिक प्रदूषण'. प्लास्टिक प्रदूषण हमारी पृथ्वी के समक्ष सर्वाधिक गंभीर समस्याओं में से एक है.

16 मार्च: राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

इसे राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस भी कहा जाता है. देशवासियों को टीकाकरण का महत्व समझाने के लिए भारत में हर साल मनाया जाता है. यह दिवस पहली बार वर्ष 1995 में पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दिए जाने के अवसर पर मनाए गया था.

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार टीकाकरण से किसी व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ कर उसे संक्रमण से लड़ने की शक्ति प्रदान की जाती है.

18 मार्च: आयुध निर्माणी दिवस

औपनिवेशिक भारत में 1801 में कोलकाता के पास कोसीपोर में अंग्रेजों द्वारा इसी दिन पहली आयुध निर्माणी फैक्टरी की आधारशिला रखने के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है. भारतीय आयुध कारखाने भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं. IOFs भूमि, समुद्र और वायु रक्षा प्रणालियों में विभिन्न उत्पादों के उत्पादन, परीक्षण, रसद, अनुसंधान, विकास और विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ये कारखाने रक्षा से जुड़े हार्डवेयर और उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन का एकीकृत आधार बनाने में मदद करते हैं. वर्तमान में आयुध निर्माणी संगठन में कुल 41 कारखाने हैं, जिन्हें आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) के पाँच परिचालन प्रभागों के तहत संरचित किया गया है.

18 मार्च: वैश्विक पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दिवस

अमूल्य प्राथमिक संसाधनों को संरक्षित करने में रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है. यह दिन लोगों को प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद न करने और दुनिया भर के नेताओं को रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में बताने का अवसर है. पुनर्चक्रण से हर साल 70 करोड़ टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलती है. इस वर्ष के इस आयोजन का विषय है- "Recycling Heroes". इसका मुख्य उद्देश्य उन लोगों, स्थानों और गतिविधियों को उजागर करना है, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में रीसाइक्लिंग के महत्व को दुनिया के आगे ले कर आते हैं. इस दिवस का आयोजन ग्लोबल रिसाइक्लिंग फाउंडेशन द्वारा किया जाता है.

मार्च (19): विश्व निद्रा दिवस

पृथ्वी पर प्रत्येक वर्ष मार्च विषुव से पहले आने वाले शुक्रवार के दिन मनाया जाता है. पृथ्वी से जाने पर इस दिन उपसौर बिंदु दक्षिणी गोलार्ध को छोड़कर आकाशीय भूमध्य रेखा को पार करता और उत्तर की ओर बढ़ता हुआ नज़र आता है. इस दिन को मनाने का उद्देश्य नींद से जुड़े विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनकी रोकथाम और प्रबंधन को बढ़ावा देना है. इस वर्ष का विषय है -'नियमित नींद, स्वस्थ भविष्य". इसका आयोजन वर्ल्ड स्लीप सोसाइटी (WSS) की विश्व निद्रा दिवस समिति द्वारा किया जाता है.

20 मार्च: विश्व गौरैया दिवस

यह दिन घरेलू गौरैया और शहरी वातावरण में पाए जाने वाले अन्य आम पक्षियों और उनकी आबादी को बढ़ते खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. इस दिन की शुरुआत 2010 में नेचर फॉरएवर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) और दुनिया भर के कई अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से की गई थी. इस वर्ष का विषय है- 'आई लव स्पैरो' जो अधिकाधिक लोगों को गौरैया से अपने संबंध मज़बूत करने को प्रेरित करेगा.

20 मार्च: अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस

संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित यह दिन दुनिया भर के लोगों में खुशी के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. इस आयोजन का उद्देश्य दुनिया भर में अप्रसन्नता से जुड़े मुद्दों के पीछे के कुछ बड़े कारणों (भूख, शिक्षा और जागरूकता की कमी, किफायती चिकित्सा सुविधाओं की कमी और मानवाधिकार उल्लंघन) को पहचानना है. इस वर्ष के आयोजन का विषय है- 'शांत रहें. समझदार बने. दयालु हों'

20 मार्च: विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस/ अंतरराष्ट्रीय ओरल डे

इस दिन को मनाने का मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है ताकि सभी संबंधित व्यक्ति स्वस्थ मुंह और सुखी जीवन प्राप्त करने के लिए एक साथ काम कर सकें. अगले तीन वर्षों के लिए (2021-2023).

इस दिन का विषय है -Be Proud Of Your Mouth

21 मार्च: अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस / विश्व वानिकी दिवस

यह दिवस हर साल हमारे जीवन में वनों के दीर्घकालिक प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके द्वारा दिए गए विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण योगदानों को रेखांकित करने हेतु मनाया जाता है.

पृथ्वी की भूमि का लगभग एक तिहाई हिस्सा वनाच्छादित है. विश्व की स्थलीय जैव विविधता का लगभग 80% भाग वनों में पाया जाता है, जिनमें वृक्षों की 60,000 से अधिक प्रजातियाँ पायी जाती हैं. लगभग 1.6 अरब लोग भोजन, आश्रय, ऊर्जा, दवाओं और अपनी आजीविका के लिए सीधे जंगलों पर निर्भर हैं. इस वर्ष का विषय है - "वन बहाली: पुनर्प्राप्ति और कल्याण का मार्ग". वनों की बहाली और दीर्घकालिक प्रबंधन से जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकटों से निपटने में मदद मिलती है.

21 मार्च: विश्व कविता दिवस

दुनिया भर में कविता के पठन, लेखन, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है. विभिन्न शब्दों के संयोजन और उनकी तुकबंदी से बनी कविता किसी भी भाषा में अपने भावों की अभिव्यक्ति करने के सुंदरतम तरीकों में शामिल है.

यूनेस्को द्वारा 1999 में इस आयोजन की घोषणा काव्य अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता को संबल देने और लुप्तप्राय भाषाओं को सहेजने में सहयोग देने के उद्देश्य से की गई थी.

22 मार्च: विश्व जल दिवस

इतनी बड़ी संख्या में लोग जल से क्यों वंचित हैं - इसके पीछे के कारणों की पड़ताल कर उनसे निपटने के उद्देश्य से यह दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है. इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के 2030 तक सभी के लिए पानी मुहैया कराने से जुड़े छठे सतत विकास लक्ष्य (SDG 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता) की प्राप्ति भी है.

इस वर्ष का विषय है- "पानी का मूल्य समझें". पानी की क़ीमत इसके दामों से कहीं अधिक है - हमारे घरों, भोजन, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिकी और प्राकृतिक वातावरण की अखंडता बनाये रखने में पानी का बहुत बड़ा योगदान है.

23 मार्च: शहीद दिवस

देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल मनाया जाता है. 1931 में इसी दिन इन तीनों क्रांतिकारियों को लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी पर लटका दिया गया था और बाद में पाकिस्तान की सीमा के पास ज़िला फिरोज़पुर में सतलुज नदी के किनारे स्थित हुसैनीवाला गाँव में उनका अंतिम संस्कार किया गया था.

कृपया ध्यान दें कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी (जिनकी 1948 में इसी दिन हत्या कर दी गई थी) की पुण्य तिथि को भी शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है.

23 मार्च: विश्व मौसम विज्ञान दिवस

1950 में इसी दिन हुई विश्व मौसम संगठन (WMO) की स्थापना के सिलसिले में यह दिन हर साल मनाया जाता है. जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में स्थित WMO में 193 सदस्य देश शामिल हैं. इस आयोजन का उद्देश्य पृथ्वी के वातावरण की रक्षा करने में लोगों की भूमिका के महत्व को उजागर करना है. इस वर्ष का विषय है- "महासागर, हमारा जलवायु और मौसम". WMO की वेबसाइट के अनुसार यह विषय पृथ्वी के सिस्टम में महासागर, जलवायु और मौसम के जुड़ाव पर संगठन के फोकस को प्रतिबिंबित करने के लिए चुना गया है.

24 मार्च: विश्व क्षय रोग दिवस

हर साल टीबी (तपेदिक) के विनाशकारी स्वास्थ्यगत, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और इस वैश्विक महामारी के उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है. 1882 में इसी दिन डॉ. रॉबर्ट कोच ने टीबी के कारक बैक्टीरिया 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' की खोज की थी. इस साल का विषय है- 'द क्लॉक इज़ टिकिंग' जो लंबे समय से उपेक्षित इस बीमारी से जंग लड़ने की तात्कालिकता को दर्शाता है.

27 मार्च: विश्व रंगमंच दिवस

पेरिस द्वारा 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा शुरू किया गया यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के केंद्रों और अंतरराष्ट्रीय रंगमंच समुदाय द्वारा प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है. इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में कला के महत्व को उजागर करना है. इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रंगमंच कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.

अर्थ आवर डे 2021: मार्च (27)



हर साल जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई और बेहतर ग्रह के प्रति प्रतिबद्धता के समर्थन के लिए मार्च महीने के आखिरी शनिवार को दुनिया भर में मनाया जाता है. यह दिवस वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) द्वारा आयोजित एक विश्वव्यापी आंदोलन है, जो व्यक्तियों, समुदायों, कॉरपोरेट और घरों को रात 8:30 से 9:30 बजे तक एक घंटे के लिए अपनी बिजली बंद करने के लिए प्रोत्साहित करता है. इस वर्ष का विषय है- "पृथ्वी को बचाने के लिए जलवायु परिवर्तन".

Gyanm

OFFLINE COMBO COURSE

BANK - SSC - STATE GOVT EXAMS

LIMITED SEATS AVAILABLE
BECAUSE OF SOCIAL DISTANCING

CALL NOW TO REGISTER @ 9117-343434

Crack State Exams | Banking | SSC

All the safety precautions will be followed

Scan to Watch
Free Demo Classes

SCO 13-14-15, 2nd Floor, Above Dominos
Sector 34-A, Chandigarh

फ़रवरी

02 फरवरी: विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वेटलैंड्स डे)

मानवता और पृथ्वी के लिए आर्द्रभूमि की महत्ता के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल मनाया जाता है. इसी दिन वर्ष 1971 में ईरान में कैस्पियन सागर के तट पर शहर रामसर में "आर्द्रभूमि पर कन्वेंशन" को अपनाया गया था. इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'आर्द्रभूमि और जल' जो कि मीठे पानी के स्रोत के रूप में वेटलैंड्स के महत्व को उजागर करता है.

वेटलैंड्स ऐसे भूमि क्षेत्र हैं जो स्थाई रूप से या किसी मौसम में जल से संतृप्त हों या उनमें पानी भरा रहता है. अंतर्देशीय आर्द्रभूमि में दलदली भूमि, तालाब, झीलें, फ़ेंस, नदियाँ, बाढ़ के मैदान और जलयुक्त दलदली वन भूमि शामिल हैं. तटीय आर्द्रभूमि में खारे पानी की दलदल, मुहाना, मैंग्रोव, लैगून और यहां तक की प्रवाल भित्तियाँ भी शामिल हैं. मानव निर्मित आर्द्रभूमि के कुछ उदाहरण हैं - मछली के तालाब, धान के खेत, और लवण कुण्ड (साल्ट पैन). दुनिया की 40% प्रजातियाँ आर्द्रभूमि में रहती हैं या प्रजनन करती हैं, फिर भी वे वनों की तुलना में तीन गुना तेज़ी से लुप्त हो रही हैं.

04 फरवरी: विश्व कैंसर दिवस

इस दिवस को मनाने का लक्ष्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना है. वैश्विक स्तर पर कैंसर मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है. इस दिन का आयोजन यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (UICC) द्वारा किया जाता है. 2019 से 2021 तक इस दिवस का विषय है- I am and I wil.

आमतौर पर कैंसर का अर्थ है - अनियंत्रित तरीके से होने वाले कोशिका विभाजन के कारण होने वाली 100 से अधिक बीमारियां. ये अतिरिक्त कोशिकाएं बड़े पैमाने पर ऊतक का रूप ग्रहण कर ट्यूमर बनाती हैं. यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है, जिसे अगर सही समय पर पहचान कर इसका इलाज न किया जाए तो यह ऊतकों (टिश्यूज़) तक फैल कर नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है. कैंसर के विभिन्न प्रकार होते हैं लेकिन भारत में सबसे ज़्यादा पाए जाने वाले कैंसर फेफड़ों, स्तन, गर्भाशय, गर्दन, मस्तिष्क और कोलोरेक्टल कैंसर (बड़ी आंत का कैंसर) से जुड़े हुए हैं. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल लगभग 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण होती है.

08 फरवरी: अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस

यह दिवस मिर्गी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे पीड़ित व्यक्तियों, उनके दोस्तों और परिवार के समक्ष समस्याओं को उजागर करने के लिए दुनिया भर में हर साल फरवरी के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है. इस दिन का आयोजन इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी (IBE) और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी (ILAE) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है.

स्नायु तंत्र (नर्वस सिस्टम) से जुड़े विकार मिर्गी में रोगी के शरीर की तमाम मांसपेशियाँ अकड़ जाती हैं और उसे बारम्बार मांसपेशीय कंपन का अनुभव होता है.

9 फरवरी: सुरक्षित इंटरनेट दिवस

सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट सेवा, जिसमें प्रत्येक उपयोगकर्ता को अपने डेटा के लीक होने का खतरा उठाये बिना इसे उपयोग करने का अधिकार मिलता है, प्रदान करने के उद्देश्य से हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के दूसरे दिन मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है- "बेहतर इंटरनेट के लिए एकजुट". यह इस बात का स्मरण कराता है उचित सावधानी नहीं बरतने पर इंटरनेट के प्रयोग से बहुत से नुक्सान हो सकते हैं.

10 फरवरी: राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस (नेशनल डीवर्मिंग डे)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस दिन को मनाने का उद्देश्य परजीवी कृमि का प्रभाव कम करने के लिए बच्चों और किशोरों की आंतों को कृमिरहित करना है. इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1 से 19 वर्ष के बच्चों और किशोरों को सुरक्षित दवा एल्बेंडाजोल की एक खुराक दी जाती है.

ध्यान देने योग्य है कि यह दिन छमाही आधार पर 10 फरवरी को और फिर 10 अगस्त को मनाया जाता है.

10 फरवरी: विश्व दलहन दिवस

यह दिवस खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा समर्थित संयुक्त राष्ट्र का आयोजन है, जिसमें रोज़ाना आहार में दलहनों (चने, सूखी बीन्स, दाल, सूखी मटर, लूपिन और अन्य) के महत्व को उजागर करने का प्रयास किया जाता है.

दलहन फली परिवार के दलहनी पौधों के खाने लायक बीज होते हैं. दलहन फलियों में विकसित होते हैं और इनके विभिन्न आकार और रंग होते हैं. ये सेहत के लिहाज़ से बहुत पौष्टिक हैं और पकाने में भी आसान होते हैं. इस वर्ष इस दिवस का विषय है- "सततशील भविष्य में पौष्टिक बीजों की भूमिका".

11 फरवरी: यूनानी दिवस

यह दिवस प्रख्यात भारतीय यूनानी चिकित्सक हकीम अजमल खान की जयंती के तौर पर मनाया जाता है. वे एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे- चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा विज्ञान में वैज्ञानिक अनुसंधान की नींव रखी. यह प्रणाली हिप्पोक्रेट्स (460-377 ईसा पूर्व) के यूनानी दर्शन पर आधारित है. 'यूनानी' नामक शब्द ग्रीस के अरबी और उर्दू नाम यूनान से आया है.

11 फरवरी: अंतरराष्ट्रीय महिला वैज्ञानिक दिवस

यह दिवस विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनेस्को और यूएन-वूमेन द्वारा संस्थानों और नागरिक समाज के सहयोग से मनाया जाता है. इस वर्ष इस दिवस का विषय है - "COVID-19 के खिलाफ लड़ाई में महिला वैज्ञानिक सबसे आगे"

12 फरवरी: राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस

यह दिवस वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा 1958 में इसी दिन राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC) की स्थापना किये जाने का प्रतीक है. इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य हितधारकों को उत्पादकता से जुड़े साधनों और तकनीकों का क्रियान्वन करने को प्रोत्साहित करना है. वर्ष 1958 में स्थापित की गई NPC वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के तहत कार्यरत स्वायत्त संगठन है.

NPC - National Productivity Council

13 फरवरी: विश्व रेडियो दिवस

यूनेस्को द्वारा समर्थित यह दिन दुनिया भर में जनता और मीडिया के बीच रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. इस वर्ष UNESCO इस वैश्विक कार्यक्रम की दसवीं वर्षगांठ और रेडियो की 110 वर्षों से अधिक पुरानी विरासत का जश्न मना रहा है. इस वर्ष का विषय रेडियो संचार के तीन पहलुओं (विकास, नवाचार और सम्पर्क) पर केंद्रित है, जो Covid-19 महामारी के बीच रेडियो द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को उजागर करता है.

13 फरवरी: राष्ट्रीय महिला दिवस

आज़ाद भारत में पहली महिला राज्यपाल (उत्तर प्रदेश, 15 अगस्त, 1947 - 2 मार्च, 1949) और अपनी काव्य उत्कृष्टता के लिए 'भारत कोकिला' के रूप में प्रसिद्ध रहीं सरोजिनी नायडू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भाग लिया था.

19 फरवरी: मृदा (मिट्टी) स्वास्थ्य कार्ड दिवस

यह दिवस 2015 में राजस्थान से मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के शुभारंभ के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. यह कार्ड किसानों को उनकी फसलों की गुणवत्ता और उनके उत्पादन में सुधार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों एवं इसकी उर्वरता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक जानकारियां देता है. इस योजना का उद्देश्य देश भर के किसानों को उनकी फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करना है. अब तक पूरे भारत में लगभग16 करोड़ मृदा कार्ड जारी किए जा चुके हैं.

20 फरवरी: विश्व सामाजिक न्याय दिवस

जेनेवा स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के समर्थन से दुनिया भर में सामाजिक अन्याय की दुर्दशा पर ध्यान केंद्रित करने और इसमें सुधार लाने और समाधान खोजने के लिए दबाव बनाने के लक्ष्य से यह दिवस प्रतिवर्ष पूरे विश्व में मनाया जाता है. सामाजिक न्याय तभी सुनिश्चित हो सकता है जब लोगों को लिंग, आयु, नस्ल, धर्म अथवा संस्कृति के कारण किन्हीं अड़चनों का सामना न करना पड़े. इस वर्ष का विषय है - "डिजिटल अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय के लिए आह्वान".

21 फरवरी: अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

दुनिया भर में मौजूद भाषाई विविधता का जश्न मनाने के लिए यूनेस्को, पेरिस के समर्थन से दुनिया भर में दिवस मनाया जाता है. भारत में मानव संसाधन विकास मंत्रालय हमारे देश की भाषाई विविधता को उजागर करने के लिए इस दिन मातृभाषा दिवस मनाता है. इस वर्ष का मुख्य विषय है- "शिक्षा और समाज में समावेश के लिए बहुभाषावाद को बढ़ावा देना"

24 फरवरी: केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस

यह दिवस केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम की स्मृति में हर साल मनाया जाता है, जो 1944 में इसी दिन लागू किया गया था. इसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के योगदान का सम्मान करना है. CBIC केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग का हिस्सा है.

CBIC: Central Board of Indirect taxes and Customs

27 फरवरी: राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस

हमारे शरीर को बेहतर कार्य करने में मदद देने और ऊर्जावान बनाये रखने में मददगार प्रोटीन के सेवन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है. प्रोटीन को "मैक्रोन्यूट्रिएंट" के रूप में जाना जाता है, जो हमारे शरीर के लिए प्रचुर मात्रा में आवश्यक है. मानव शरीर में ऊतकों के विकास और रखरखाव के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है. इस वर्ष का विषय है "पॉवरिंग विद प्लांट प्रोटीन".

28 फरवरी: राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

छात्रों को विज्ञान के अध्ययन की ओर आकर्षित और प्रेरित करने और आमजन को विज्ञान और वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल मनाया जाता है. 1928 में इसी दिन भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन (सर सीवी रमन) ने “रमन प्रभाव” की खोज की थी, जिस उपलब्धि के लिए उन्हें 1930 में नोबेल भौतिकी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

रमन प्रभाव का अर्थ है - अणुओं से फोटॉन का गैर -लचकदार तरीके से बिखर कर उत्तेजना से उच्च स्तर पर पहुँच जाना.

फरवरी 28/29: विश्व दुर्लभ रोग दिवस

प्रत्येक वर्ष फरवरी के अंतिम दिन मनाया जाता है. यह दिन दुर्लभ रोगों और उनके इलाज पर जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है. इस दिन को यूरोपीय संगठन फॉर रेयर डिसीज़ (EURORDIS) द्वारा समन्वित किया जाता है, जो दुर्लभ बीमारियों और अनाथ दवाओं के व्यावसायिक विकास पर शोध को बढ़ावा देता है.

ALL THE NEWS ITEMS IN THIS MAGAZINE HAVE BEEN SOURCED FROM VARIOUS NEWS PAPERS AND GOVT. PRESS RELEASES

BULLET NEWS

(अक्टूबर 2020 – जनवरी 2021)

For details please visit our website: www.gyanm.in

राष्ट्रीय समाचार

जनवरी

- दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम 16 जनवरी को सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुआ. वर्तमान में, दो प्रकार के टीके का उपयोग किया जा रहा है:
- कोविशिल्ड: भारत में पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित वैक्सीन का भारतीय नाम है.
- कोवैक्सीन: हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक लिमिटेड द्वारा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित है.
- सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन को हर साल 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है.
- इसके अलावा, भारतीय रेलवे की सबसे पुरानी ट्रेनों में से एक, हावड़ा-कालका मेल का नाम बदलकर 'नेताजी एक्सप्रेस' कर दिया गया.
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस के साथ 2021 सैन्य शक्ति रैंकिंग में दूसरे स्थान पर शीर्ष स्थान बनाए रखा जबकि भारत को 4 चौथे स्थान पर रखा गया था.
- 51वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) की शुरुआत डेनमार्क के थॉमस विन्टरबर्ग की फिल्म 'An Other Round' के भारतीय प्रीमियर के साथ हुई.
- इस बार का आयोजन बांग्लादेश पर केंद्रित था.
- वयोवृद्ध अभिनेता, निर्देशक और गायक विश्वजीत चटर्जी को 'इंडियन पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया.
- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारतीयों की दुनिया की सबसे बड़ी प्रवासी आबादी (1.8 करोड़) है, जिनका जन्म तो भारत में हुआ, लेकिन अब वे विदेशों में रह रहे हैं.
- दूसरी ओर अमेरिका 5.1 करोड़ प्रवासियों के साथ प्रवासियों के लिए शीर्ष मेजबान देश के रूप में उभरा, जो दुनिया में प्रवासियों की कुल संख्या के 18 प्रतिशत के बराबर है.
- 16वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मलेन "आत्मनिर्भर भारत में योगदान" विषय के साथ आभासी प्रारूप में 9 जनवरी को आयोजित किया गया.
- 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान गोवा से 4 जनवरी को गोवा से आइस क्लास पोत एमवी वासिली गोलोवनिन (MV Vasiliy Golovnin) के साथ लॉन्च किया गया था.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021 में एस्टोनिया, पैराग्वे और डोमिनिकन गणराज्य में भारतीय मिशन खोलने की मंजूरी दे दी.
- क्रिश्चियन एड की अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार 2020 में जलवायु परिवर्तन से होने वाली घटनाओं के कारण भारत में बाढ़ों और चक्रवात अम्फान की वजह से दुनिया में अधिकतम जानमाल का नुकसान हुआ.
- नेशनल मेट्रोलॉजी कॉन्क्लेव 2021 का आयोजन वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली द्वारा किया गया.

दिसंबर

- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान "द लीजन ऑफ मेरिट, डिग्री चीफ कमांडर" से सम्मानित किया.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 दिसंबर को पेरिस जलवायु समझौते की पांचवीं वर्षगांठ पर वर्चुअल मोड में हुए वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन को संबोधित किया.
- क्लाइमेट एंबिशन समिट 2020 नामक इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी इंग्लैंड, संयुक्त राष्ट्र और फ्रांस द्वारा चीन और इटली की साझेदारी में वर्चुअल मोड में की गयी.

- पेरिस जलवायु समझौते को 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में COP6 में 196 दलों द्वारा अपनाया गया था.
- भारत ने 30 नवंबर को वर्चुअल फॉर्मेट में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग की मेजबानी की.
- चाबहार पोर्ट के संयुक्त उपयोग पर भारत, ईरान और उजबेकिस्तान के बीच पहली त्रिपक्षीय कार्य समूह की बैठक 14 दिसंबर को आभासी मोड में आयोजित की गई थी.
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) और विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन (पश्चिम बंगाल) के शताब्दी समारोह दिसंबर के चौथे सप्ताह में आयोजित किए गए.
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पूरे भारत में हर एक पुलिस स्टेशन और सभी जांच एजेंसिओं जैसे CBI, ED, NIA में नाइट विज़न और ऑडियो रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिये.
- रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (RDIF) ने हैदराबाद स्थित दवा निर्माता हेट्रो ड्रग्स के साथ स्पुतनिक V कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ से अधिक ख़ुराक़ बनाने के लिए करार किया.
- प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव का 10 वां संस्करण 24 से 27 नवंबर तक आभासी मोड में आयोजित किया गया.
- 93वें अकादमी पुरस्कारों के लिए लिजो जोस पेलिसरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म 'जल्लीकट्टू' को ऑस्कर की विदेशी भाषा श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया.
- तीसरा ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (RE-INVEST 2020) वर्चुअल मोड में 26 से 28 नवंबर तक आयोजित किया गया.
- गूगल के सालाना सर्च परिणामों के अनुसार 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग यानी IPL शब्द भारत में सबसे अधिक खोजा जाने वाला शब्द था.
- विश्व बैंक ने 81. 8 करोड़ डॉलर की लागत वाली चार भारतीय परियोजनाओं को मंज़ूरी दे दी है. स्वीकृत परियोजनाओं में शामिल हैं-
- भारतीय COVID-19 सामाजिक सुरक्षा प्रतिक्रिया कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु 40 करोड़ डॉलर
- छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (CHIRAAG) के लिए 10 करोड़ डॉलर
- नागालैंड में कक्षा-आधारित शिक्षण और संसाधन परियोजना के प्रोत्साहन के लिए 6. 8 करोड़ डॉलर
- भारत में 120 बांधों के सुधार और सुदृढ़ीकरण के लिए द्वितीय बांध सुधार और पुनर्वास परियोजना (DRIP-2) हेतु 25 करोड़ डॉलर
- विश्व बैंक ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के निर्माण के लिए 50 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए.
- एशियाई विकास बैंक ने भारत में उन्नत जैव ईंधन के विकास को गति देने के लिए 25 लाख डॉलर (लगभग 18 करोड़ रुपये) की तकनीकी सहायता मंज़ूर की.
- न्यू डेवलपमेंट बैंक (शंघाई) ने मनरेगा योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी.
- वैश्विक जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) -2020 में भारत ने 10वां स्थान हासिल किया है.
- चौथे स्थान पर स्वीडन है, उसके बाद 5 वें और 6 वें स्थान पर यूके और डेनमार्क हैं. पहले तीन स्थान पर कोई देश नहीं है.
- विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी संशोधित 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 'रिपोर्ट के साथ 2020 के लिए भारत को 63 वें स्थान पर रखा. न्यूजीलैंड रैंकिंग में सबसे ऊपर है.
- मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2020 में दुनिया भर में नागरिक, आर्थिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रैंकिंग ने भारत को 162 देशों में से 111वें स्थान पर रखा.
- पहले तीन स्पॉट क्रमशः न्यूजीलैंड, स्विट्जरलैंड और हांगकांग द्वारा हासिल किए गए हैं.
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट, "मानव विकास सूचकांक 2020" में 189 देशों में से भारत 131वें स्थान पर है.
- सूचकांक में नॉर्वे सबसे ऊपर है, इसके बाद आयरलैंड, स्विट्जरलैंड और हांगकांग हैं.
- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की "ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर – एशिया" नामक रिपोर्ट के अनुसार भारत में रिश्वत के लेनदेन की दर एशिया भर में सर्वाधिक यानी 39% है.
- कीथ गोम्स की 15 मिनट की लघु फिल्म 'Shameless' को 93वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) की 'लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म' श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया.

नवंबर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके समकक्ष जेवियर बेट्टेल (लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री) ने 19 नवंबर को हुए आभासी शिखर सम्मेलन में भाग लिया. यह पिछले दो दशकों में भारत और लक्ज़मबर्ग के बीच हुई पहली स्टैंड-अलोन शिखर बैठक थी.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 नवंबर को वर्चुअल माध्यम से 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया. इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी रूस द्वारा की गई थी, जिसका विषय था – अंतराष्ट्रीय स्थिरता, सांझी सुरक्षा और नवचारी विकास.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 नवंबर को वियतनाम के प्रधानमंत्री गुयेन जुआन फुक के साथ 17वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की.

- एन.के. सिंह की अध्यक्षता वाले 15वें वित्त आयोग ने 9 नवंबर को 2021-26 की अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को सौंप दी.
- नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने काठमांडू में हुए समारोह में महात्मा गांधी के बारे में रचित 'My understanding about Gandhi' नामक विशेष पुस्तक का विमोचन किया.
- भारतीय सेना ने बांग्लादेश सेना को पूर्णतय प्रशिक्षित 20 घोड़े और बारूदी सुरंग का पता लगाने वाले 10 कुत्ते उपहार में दिए हैं.
- अमेरिका की रिश्वत-रोधी मानक सृजन संगठन TRACE द्वारा संकलित 2020 की कारोबारी रिश्वत जोखिम की 194 देशों की वैश्विक सूची में भारत को 77वें स्थान पर रखा गया है.

अक्टूबर

- भारत और अमेरिका ने तीसरे भारत-अमेरिका 2 + 2 शिखर सम्मेलन के अंत में बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (BECA) पर हस्ताक्षर किए.
- भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 6 अक्टूबर को टोक्यो (जापान) में दूसरी QUAD मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया.
  - ✓ *QUAD – चतुर्भुजीय सुरक्षा संवाद चार देशों – भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का एक रणनीतिक समूह है और इन चारों का चीन के साथ टकराव है.*
- भारतीय प्रधानमंत्री और डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडेरिकसेन के बीच 28 सितंबर को वर्चुअल माध्यम से द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- 8 भारतीय समुद्री तटों को दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में शामिल प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 'ब्लू फ्लैग' से नवाज़ा गया है.
- श्रम और रोज़गार सचिव श्री अपूर्व चंद्रा को अक्टूबर 2020 से जून 2021 तक की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के शासी निकाय का अध्यक्ष चुना गया है.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में 3 अक्टूबर को दुनिया की सबसे लंबी अटल सुरंग नामक राजमार्ग सुरंग का उद्घाटन किया.
  - ✓ *10,000 फीट की ऊंचाई पर हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला में बनी यह बारहमासी सुरंग मनाली को लेह से जुड़ेगी.*
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा अपने दस्तावेज़ डाउनलोड करने को आसान बनाने के लिए 'चेहरा पहचान प्रणाली' शुरू की है.
- सरकार ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार खर्च की सीमा 10 प्रतिशत बढ़ा दी है.
- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए इस सीमा को 70 लाख रुपये 77 लाख रु और विधानसभा चुनाव के लिए 28 लाख रु से बढ़ाकर 30.80 लाख रु कर दिया गया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाने पर लगी रोक से संबंधित निगरानी और रोकथाम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी गठित की है.
- रेलवे ने सभी नॉन–एसी स्लीपर कोचों को हाई स्पीड ट्रेनों (130 किमी प्रति घंटे और अधिक की गति के साथ) के लिए एसी में अपग्रेड करने का निर्णय लिया है.
- अमेरिका की USAID संस्था भारत में कोविड-19 की वजह से आजीविका गंवाने वाले लोगों की मदद के लिए 19 लाख डॉलर की सहायता देगा.
- न्यू डेवलपमेंट बैंक जिसे ब्रिक्स बैंक के रूप में भी जाना जाता है, ने भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 74.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.
- सिडनी स्थित लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी एशिया पावर इंडेक्स 2020 में 100 में से 39.7 अंक के साथ भारत को चौथे स्थान पर रखा गया है.
- भारत में शिक्षकों की स्थिति के बारे में लोगों के मन में चल रहे स्वत: अंतर्निहित, और अचेतन विचारों के मामले में यूके स्थित वर्की फाउंडेशन की हालिया रिपोर्ट ने भारत को छठे स्थान पर रखा है.
- वैश्विक भूख सूचकांक (GHI) 2020 रिपोर्ट के अनुसार 107 देशों की सूची में भारत 94वें पायदान पर था और 27.2 के स्कोर के साथ 'गंभीर' भूख श्रेणी में था.
- बौद्ध संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत ने श्रीलंका को 15 मिलियन डॉलर की सहायता राशि देने की घोषणा की है.
- भारत को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के अध्यक्ष और फ्रांस को सह-अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया. ISA का प्रधान कार्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है.
- लंदन स्थित वैश्विक मानवाधिकार प्रहरी, एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया ने भारत सरकार द्वारा अपने बैंक खातों को पूरी तरह से फ्रीज करने के कारण भारत में अपने संचालन को रोक दिया.

ख़बर राज्यों से

जनवरी

- नीति आयोग ने भारत इनोवेशन इंडेक्स -2020 की रैंकिंग में कर्नाटक ने शीर्ष राज्यों की श्रेणी में अपना पहला स्थान बरकरार रखा.

- उत्तर पूर्व और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में, हिमाचल पहले स्थान पर है जबकि दिल्ली केंद्र शासित प्रदेशों और छोटे राज्यों की श्रेणी में पहले स्थान पर है.
- विश्व मौसम संगठन (WMO), जिनेवा ने पटना मौसम केंद्र को इसके 100 वर्ष से अधिक के चिरकालीन मौसमी अवलोकन के लिए शताब्दी अवलोकन केंद्र -COS का दर्जा दिया.
- मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध के बैकवाटर पर 600 मेगावाट की क्षमता वाली विश्व की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा रही है.
- भारत का पहला श्रमिक आंदोलन संग्रहालय अलाप्पुझा (केरल) में शुरू किया गया.
- देश का पहला पॉलिनेटर पार्क जनता के लिए खोल दिया गया. 4 एकड़ में फैले इस पार्क में 40 से अधिक परागणकर्ता प्रजातियां हैं.
- भारत के मौसम विभाग ने लद्दाख के लेह में हिमालयी क्षेत्र में अपना दूसरा मौसम विज्ञान केंद्र-एमसी खोला.
- पहला अरुणाचल के ईटानगर में है। समुद्र तल से 3,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, यह भारत में उच्चतम एमसी है.
- टाइगर रिजर्व में भारत की पहली हॉट एयर बैलून सफारी 25 दिसंबर को मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुरू की गई थी.
- ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम को भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले नागरिक निकाय के रूप में घोषित किया गया.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर स्थित 850 मेगावाट के रॉट हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए 5200 करोड़ रुपये मंजूर किए.
- नगालैंड के पूरे राज्य को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत 30 दिसंबर से एक और छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया गया.
- मणिपुर में, सेनापति जिले के माओ शहर में 9 जनवरी को चेरी ब्लॉसम माओ फेस्टिवल आयोजित किया गया था, जिसमें जिले में गुलाबी मौसम की शुरुआत हुई.
- केरल में कोच्चि और कर्नाटक के मंगलुरु के बीच 450 किलोमीटर की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का उद्घाटन 5 जनवरी को किया गया था.

दिसंबर

- लक्षद्वीप 100% जैविक खेती करने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है. यहां सारी खेती रासायनिक कीटनाशकों और कृत्रिम उर्वरकों के उपयोग के बिना की जाती है.
- मणिपुर के थौबल जिले में नोंगपोक सेमकई पुलिस स्टेशन को देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन चुना गया है.
- कच्छ (गुजरात) में दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा पार्क की आधारशिला रखी गई है.
- 72,600 हेक्टेयर बंजर भूमि में फैला 30,000 मेगावाट क्षमता वाला हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क भारत-पाक सीमा पर खावड़ा में बनाया जाएगा.
- मध्य प्रदेश के ग्वालियर और ओरछा शहरों को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर शहरों की सूची में शामिल किया गया है.
- बुंदेलखंड क्षेत्र में ओरछा 16वीं शताब्दी के मंदिरों और महलों के लिए प्रसिद्ध है. ग्वालियर शहर अपने ऐतिहासिक स्मारकों, किलों और महलों के लिए जाना जाता है.
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देहरादून (उत्तराखंड) में रिस्पना नदी को पुनर्जीवन देने वाली सौंग बांध पेयजल परियोजना के निर्माण को स्वीकृति दे दी है.
- उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिज़र्व ने पिछले चार वर्षों में बाघों की संख्या दोगुना से अधिक (25 से 65 तक) करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार TX2 हासिल किया.
- असम सरकार ने उग्रवाद से ग्रस्त 422 वर्ग किमी के क्षेत्र में रिपु आरक्षित वन में अपना छठा राष्ट्रीय उद्यान 'रायमोना नेशनल पार्क' स्थापित करने का प्रस्ताव दिया.
- लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में एक उच्च क्षेत्र में सबसे बड़ा सौर ऊर्जा सयन्त्र वायु सेना स्टेशन लेह में 15 मेगावाट क्षमता के साथ स्थापित किया गया.
- नागालैंड के गाँव किसाला में 1 से 5 दिसम्बर तक प्रसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव के 21वें संस्करण का वर्चुअल माध्यम में आयोजन किया गया.
- उत्तर प्रदेश में लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए एक 100 रुपये का स्मारकी सिक्का और एक डाक टिकट जारी किया गया.
- कई परियोजनाओं को मिली ADB से मदद.
- उत्तर प्रदेश में 46,000 गांवों में 65 हजार किमी लंबी कम वोल्टेज लाइनों के विस्तार हेतु 43 करोड़ डॉलर का क़र्ज़.
- मेघालय में बिजली वितरण क्षेत्र को मज़बूत करने के लिए 133 करोड़ डॉलर, राज्य के 'सभी के लिए 24x7 बिजली' कार्यक्रम को गति देने के लिए.
- उत्तर प्रदेश में ग्रामीण बिजली वितरण नेटवर्क के उन्नयन हेतु 30 करोड़ डॉलर.
- बेंगलुरु में बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए 19 करोड़ डॉलर.
- असम के दिमा हसाओ ज़िले में कोपिली नदी पर 120 मेगावाट की क्षमता वाली लोअर कोपिली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर परियोजना के लिए 23.1 करोड़ डॉलर का ऋण.
- त्रिपुरा सरकार को राज्य के शहरी क्षेत्रों और पर्यटन के विकास के लिए 28.6 लाख डॉलर के ऋण को मंजूरी.

- त्रिपुरा में शहरी सुविधाओं के सुधार और बुनियादी पर्यटन ढांचे के विकास हेतु परियोजनाओं के लिए 42.1 लाख डॉलर की प्रोजेक्ट रेडीनेस फाइनेंसिंग (PRF) सुविधा.

नवंबर

- 21 नवंबर को बेहद लोकप्रिय छठ पूजा का चार दिवसीय उत्सव देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धालुओं द्वारा उदीत्यमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया.
- बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश और इसके आसपास के क्षेत्रों में लोग इस त्योहार को बड़े धूम-धाम से मनाते हैं.
- नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) ने 16 नवंबर को सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली.
- पश्चिम बंगाल परिवहन निगम ने एक अनूठी पहल में कोलकाता में बच्चों के लिए पहली ट्राम लाइब्रेरी सेवा शुरू की है. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी इसका लाभ उठा सकेंगे.
- तिरुवनंतपुरम के कोट्टोर में स्थित हाथी पुनर्वास केंद्र दुनिया में हाथियों का सबसे बड़ा देखभाल और इलाज केंद्र बन रहा है. यहां मौजूदा 16 हाथियों सहित 50 हाथियों के रहने की सुविधा है.
- भारत का पहला मॉस (Moss) गार्डन उत्तराखंड के नैनीताल जिले के खुर्पाताल में विकसित किया गया है.
- केरल 16 प्रकार की सब्ज़ियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तय करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.
- अरुणाचल प्रदेश में भारत की पहली, अनूठी सौर-आधारित एकीकृत बहु-ग्राम जल आपूर्ति परियोजना की शुरुआत की गई है.
- महिलाओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई लिंग-केंद्रित शहरी योजना लागू करने वाला मुंबई पहला ऐसा भारतीय शहर बन गया है.
- केरल के तिरुवनंतपुरम से 12 किमी दूर स्थित वेलि टूरिस्ट विलेज में अपनी तरह की पहली सौर ऊर्जा चालित लघु ट्रेन का उद्घाटन किया गया.
- द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार में, तमिलनाडु ने समग्र जल संरक्षण प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त किया
- 'नागरिक पंजीकरण प्रणाली पर आधारित महत्वपूर्ण आंकड़े' विषय पर आधारित 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में भारत में सबसे अच्छा लिंग अनुपात है.
- अरुणाचल प्रदेश में प्रति हज़ार पुरुषों पर 1,085 महिलाओं जन्म लेती हैं. सबसे खराब प्रदर्शन मणिपुर का रहा है, जहां प्रति हज़ार पुरुषों पर मात्र 757 लड़कियां जन्म लेती हैं.
- उत्तर प्रदेश अयोध्या में सरयू नदी के तट पर 6,06,569 मिट्टी के दीपक 'जलाकर 13 नवंबर को एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया गया.
- उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल ज़िले में नवनिर्मित, देश के सबसे लंबे सिंगल लेन मोटरेबल ब्रिज का उद्घाटन किया गया. 725 मीटर लंबे डोबरा-चांठी सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण टिहरी झील पर हुआ है.
- केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में कोटगढ़ (शिमला) में सतलुज नदी पर 210 मेगावाट के लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट के पहले चरण को मंज़ूरी दे दी.
- तमिलनाडु सरकार 80,000 सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षण माहौल सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट ब्लैक बोर्ड योजना लागू कर रही है.

अक्टूबर

- पर्यटन मंत्रालय द्वारा 2019 के लिए जारी भारतीय पर्यटन सांख्यिकी के अनुसार राज्य में आने वाले 53.6 करोड़ घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है.
- ✓ *विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में तमिलनाडु शीर्ष पर रहा, 2019 में 68 लाख विदेशियों ने राज्य का दौरा किया.*
- हरियाणा एनीमिया मुक्त भारत सूचकांक में सबसे ऊपर है. "एनीमिया मुक्त भारत" स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और यूनिसेफ की एक संयुक्त पहल है.
- भारत का पहला सैंड ड्यून (रेत के टीले) पार्क जल्द ही गोवा में समुद्र तट पर बनने जा रहा है. विश्व बैंक ने इस परियोजना के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि मंज़ूर की है.
- केरल सभी सरकारी स्कूलों में हाई-टेक क्लासरूम बनाने वाला देश का पहला पहला राज्य बन गया है. स्मार्ट कक्षा परियोजना के तहत 16,027 स्कूलों को 3.74 लाख से अधिक डिजिटल उपकरण दिए गए हैं.
- "हर घर जल योजना" के तहत गोवा अपने यहां अपने ग्रामीण क्षेत्रों में 100 फीसद घरों में नल कनेक्शन मुहैया कराने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.
- केरल राज्य में किसानों के कल्याण के लिए 'केरल किसान कल्याण कोष बोर्ड' स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है.
- क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक अनूठा जैविक मसाला बीज पार्क गुजरात में दो स्थानों पर बनाया जायेगा.
- NABARD-समर्थित जैविक मसाले बीज पार्क सौंफ के लिए बनासकांठा ज़िले में और जीरे का पार्क पाटन में स्थापित किया जाएगा.
- पंजाब में मोहाली के निकट घड़ुआं में स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय एक साल में सबसे अधिक पेटेंट दर्ज कराकर इस मामले में भारत में शीर्ष पर उभरा है.
- कुंभारिया- कादोदोरा मार्ग के खुलने के साथ ही सूरत बस रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (BRTS) गलियारा भारत में 108 किलोमीटर लंबा सबसे बड़ा BRTS नेटवर्क बन गया है.

- मेघालय सरकार ने राज्य में उच्च मूल्यवान सब्ज़ियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठे उत्कृष्टता को स्थापित करने हेतु इज़रायल से भागीदारी की.
- 'नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा' ने गंगा नदी पर तीन राज्यों – उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में डॉल्फिन सफारी का शुभारंभ किया.
- सिक्किम में उगाई जाने वाली डल्ले खुर्सानी यानी लाल चेरी मिर्च को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) से भौगोलिक संकेत (GI) टैग मिल गया है.
- पुडुचेरी हवाई अड्डा भारतीय विमान प्राधिकरण का पहला पूर्णतय सौर ऊर्जा-चालित हवाई अड्डा बन गया है जिसके पास 500KWp की क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र हैं.
- हरियाणा सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ग्राम दर्शन' की शुरुआत की, जो राज्य के सभी 6,197 ग्राम पंचायतों के डेटा की पहुँच को ऑनलाइन बनाने वाला एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है.
- वेदांता समूह की फर्म हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 10,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ गुजरात के तापी जिले में भारत के सबसे बड़े ग्रीन फील्ड जिंक स्मेल्टर की स्थापना के लिए गुजरात सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.

योजनाएं एवं नीतियां

जनवरी

- सरकार ने प्रोटोटाइप के विकास, उत्पादों के परीक्षण, मार्किटिंग और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता के तौर पर 1,000 करोड़ रुपये के 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड' की घोषणा की.
- सरकार ने भारतीय मूल्य प्रणाली पर आधारित अभिनव खिलौनों की अवधारणा के लिए एक अंतर-मंत्रालयी उद्यम 'टॉयकैथॉन' का शुभारंभ किया.
- ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया (GHTC-India) के तहत छह राज्यों में छह स्थानों पर छह लाइट हाउस परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी.
- नीति आयोग ने भारत का पहला डिजिटल एसेट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म और स्टोरेज प्लेटफॉर्म DigiBoxx लॉन्च किया, जोसभी फाइलों को एक केंद्रीकृत स्थान पर संग्रहीत करने का आसान और सुरक्षित तरीका प्रदान करता है.
- पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA) ने 16 जनवरी को एक महीने लंबे अभियान 'सक्षम' का शुभारंभ किया.
- इस अभियान का उद्देश्य बढ़ते कार्बन फुटप्रिंट्स के प्रतिकूल प्रभावों को उजागर करना और स्वच्छ ईंधन का उपयोग करने को प्रेरित करना है.
- स्वायत्त निकाय नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन पोर्टल (NIP) नामक राष्ट्रीय नवाचार पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया.
- यह पोर्टल इंजीनियरिंग, कृषि, पशु चिकित्सा और मानव स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से देश के आम लोगों द्वारा लगभग 15 लाख नवाचारों को आधार प्रदान करता है.
- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) में 100 से अधिक महिला आपदा सेनानियों और बचाव दल के पहले बैच को शामिल किया.
- पोर्टल प्रवासी भारतीयों, विदेश मंत्रालय और विदेश में स्थित मिशनों के बीच गतिशील संचार मंच के रूप में कार्य करने हेतु वैश्विक प्रवासी अनुसंधान पोर्टल और ऐप लॉन्च किया गया.
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने ई-कॉमर्स पोर्टल eKhadiIndia.com शुरू किया है. इस नए प्लेटफॉर्म पर परिधान से लेकर घर की सजावट तक 50,000 से अधिक उत्पाद उपलब्ध होंगे.

दिसंबर

- आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली सभी संपत्तियों तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान करने के लिए ई-सम्पदा नामक एक नया वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में फैले सार्वजनिक डेटा कार्यालयों (PDO) के माध्यम से वाई-फाई सेवा प्रदान करने के लिए PM Wi-Fi Access Network Interface (WANI) योजना को मंज़ूरी दी.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने औपचारिक क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने के लिए आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना को मंज़ूरी दी.
- इस योजना के तहत सरकार 1 अक्टूबर, 2020 या इसके बाद और 30 जून, 2021 तक नियुक्त किये गए नए कर्मचारियों को देय प्रोविडेंट फंड पर दो वर्ष के लिए सब्सिडी प्रदान करेगी.

नवंबर

- सरकार ने सीवरों और सेप्टिक टैंकों की ख़तरनाक तरीके से की जाने वाली सफाई प्रथा पर रोक लगाने और उनकी यंत्रीकृत सफाई को बढ़ावा देने हेतु 'सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज' शुरू किया है.
- सरकार ने "आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना" की शुरुआत की है, जिसके तहत सरकार नए भर्ती हुए कर्मचारियों के लिए ईपीएफ-पंजीकृत संगठनों में कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के पीएफ अंशदान का भुगतान करेगी.
- यह योजना उन नए कर्मचारियों को जिनकी मासिक मजदूरी रु 15,000 से कम है और ईपीएफओ-पंजीकृत प्रतिष्ठानों के ऐसे लोग

जिनकी 1 मार्च से 30 सितंबर तक महामारी की अवधि में नौकरी जाती रही, को कवर करेगी.

- राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और आसपास के इलाकों में वायु की गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए आयोग गठित करने संबंधी अध्यादेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं.
- रेलवे ने ट्रेन में सफर करने वाली महिलाओं को उनकी संपूर्ण यात्रा के दौरान शुरुआती स्टेशन से उनके गंतव्य स्टेशन तक सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'मेरी सहेली' योजना शुरू की है.
- भारत के पहले ई-संसाधन केंद्र और "न्याय कौशल" नामक वर्चुअल कोर्ट का उद्घाटन नागपुर (महाराष्ट्र) के न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में किया गया.
- इसका मक़सद प्रौद्योगिकी के उपयोग से सर्वोच्च न्यायालय, हाईकोर्टों और जिला अदालतों में केसों की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग कर त्वरित न्याय दिलाने में मदद करना है.
- विज्ञान और इंजीनियरिंग के प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों को शुरू करने और प्रख्यात महिला शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'SERB – POWER' योजना की शुरूआत की गई है.
- SERB-POWER का अर्थ है Science and Engineering Research Board – Promoting Opportunities For Women in Exploratory Research.
- नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ ने गिद्धों की संरक्षण कार्य योजना 2020-25 को मंज़ूरी दी जिसके तहत उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु, प्रत्येक में एक गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केंद्र स्थापित किया जाएगा.
- सरकार ने बंदरगाहों और जलमार्गों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जहाज़रानी मंत्रालय का नाम बदलकर 'बंदरगाह, जहाज़रानी एवं जलमार्ग मंत्रालय' करने का फैसला किया है.

अक्टूबर

- वित्त मंत्री ने उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहन देने हेतु दो नई योजनाओं की घोषणा की है:
  - ✓ *LTC कैश वाउचर योजना: इसके तहत सरकारी कर्मचारियों को 31 मार्च, 2021 से पहले LTC के अलावा टिकट के दाम का तीन गुना नकदी दी जाएगी, जिसे वे 12 फीसदी या इससे अधिक GST देयता वाले उत्पाद खरीदने पर इस्तेमाल कर पाएंगे.*
  - ✓ *विशेष उत्सव अग्रिम योजना: सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को 10,000 रुपये का अग्रिम प्रीपेड रूपे कार्ड के रूप में दिया जाएगा जिसे 31 मार्च, 2021 तक खर्च करना होगा.*
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नीति आयोग ने 5 से 9 अक्टूबर तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित मेगा वर्चुअल शिखर सम्मेलन "RAISE" (Responsible AI for Social Empowerment) 2020 का आयोजन किया.
- केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की "आयुष्मान सहकार" योजना का शुभारम्भ किया.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विश्व बैंक द्वारा समर्थित STARS यानी Strengthening Teaching-Learning and Results for States" नामक परियोजना को मंजूरी दी.
- *इस परियोजना का उद्देश्य राज्यों को बेहतर शिक्षा परिणामों के लिए सीधे संपर्क के साथ विकास, कार्यान्वयन, मूल्यांकन में सहायता करना है.*
- राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (RKA) ने इस दिवाली महोत्सव के दौरान गाय के गोबर और और इससे बने उत्पादों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक देशव्यापी अभियान शुरू किया.
- ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1 लाख घरेलू संपत्ति धारकों को उनके संपत्ति कार्ड प्राप्त करने के लिए 'स्वामित्व योजना' 11 अक्टूबर को शुरू की गई.
  - ✓ *इसमें अपने पंजीकृत मोबाइल फोन पर आए एसएमएस लिंक के माध्यम से वे अपने संपत्ति कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं*
  - ✓ **SVAMITVA** – *"Survey of Villages and Mapping with Improvised Technology in Village Areas"*
- सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में कलाम बौद्धिक संपदा साक्षरता और जागरूकता शिक्षा अभियान कार्यक्रम 'कपिला' (KAPILA) का शुभारंभ किया.
  - ✓ **KAPILA** – *Kalam Program for Intellectual Property Literacy and Awareness*
- वैश्विक विकास के लिए सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए विदेशी और भारतीय शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाने के लिए 2 अक्टूबर को वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (वैभव) शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- वेंचर कैपिटल फंड के तहत SCs के लिए अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन का शुभारंभ किया गया. इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति के छात्रों के बीच नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देना है.
- आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने स्ट्रीट फूड वेंडर्स को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने हेतु प्रमुख फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म "Swiggy" के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है.

उद्योग-अर्थव्यवस्था

जनवरी

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा 7 जनवरी को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.7% तक की गिरावट (1961-62 के बाद से अब तक का सबसे खराब) आने का अनुमान है.

gyanm.college Follow

1,446 posts 15.1k followers 55 following

Gyanm
🔥 Helping students realize their dreams for more than 10 years
🏆 Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!
Gyanm App👇
bit.ly/38WjkHt

Government Jobs Made Easy

Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत की नई विदेश व्यापार नीति 1 अप्रैल 2021 से पांच साल के लिए लागू होगी.
- वार्षिक विश्व सहकारी मॉनिटर रिपोर्ट, 2020 के अनुसार घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर प्रति व्यक्ति टर्नओवर के अनुपात के आधार पर IFFCO ने दुनिया की 300 अग्रणी सहकारी समितियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है.

दिसंबर

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कड़े लॉकडाउन महीनों के दौरान 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में 7.5% की गिरावट आई जबकि 30 जून को समाप्त तिमाही में गिरावट 23.9% थी.
- रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और ब्रिटेन की बीपी पीएलसी की जोड़ी ने एशिया की सबसे गहरी परियोजना यानी अत्यंत-गहरे पानी के आर-क्लस्टर से प्राकृतिक गैस का उत्पादन शुरू किया.
- यह गैस क्षेत्र 2000 मीटर से अधिक गहराई पर काकीनाड़ा (आंध्र प्रदेश) के निकट बंगाल की खाड़ी में स्थित है.
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित 100 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल दिसंबर 01 को 'XP-100' ब्रांड नाम से लांच किया गया.
- अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान भारत को सिंगापुर से 8.30 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ, जिसकी बदौलत सिंगापुर भारत में FDI का शीर्ष स्रोत बन गया.

नवंबर

- अबू धाबी का MIC Redwood 1 RSC Limited नामक सॉवरेन वेल्थ फंड निर्दिष्ट प्राथमिकता क्षेत्रों में किए जाने वाले दीर्घकालिक निवेश पर 100% आयकर छूट पाने वाला पहला विदेशी SWF बन गया है.

अक्टूबर

- औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI -IW) की आधार वर्ष 2016 पर आधारित नई श्रृंखला जारी की गई.
  - ✓ *CPI-IW का इस्तेमाल सरकारी कर्मचारियों के अलावा सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और बीमा कंपनियों में श्रमिकों को देय महंगाई भत्ते की गणना के लिए किया जाता है.*
- भारत में पहली बार, हिमाचल के लाहौल और स्पीति में हींग (Ferula Asafoetida) की खेती शुरू की गई.
  - ✓ *अभी हींग का उत्पादन भारत में नहीं होता है और इसे ईरान, अफगानिस्तान और उज़्बेकिस्तान से आयात किया जाता है.*
- फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित 'सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (वर्ल्ड्स बेस्ट एम्प्लॉयर) 2020' सूचकांक में भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की सूची में दिग्गज सरकारी कंपनी NTPC शीर्ष पर है.
- अमेज़न इंडिया ने IRCTC के साथ मिलकर उपयोगकर्ताओं को ई-कॉमर्स साइट के माध्यम से ट्रेन टिकट बुक करने के लिए एक समझौता किया है.
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात में कटौती के उद्देश्य से सरकार ने रेफ्रिजरेंट वाले एयर कंडीशनर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है.
- उपभोक्ता मांग और घटते निजी निवेश के चलते अप्रैल से जून तिमाही (Q1 FY21) में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 फीसदी की बड़ी गिरावट आई.
- केंद्र सरकार ने सभी निर्धारित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSPs) में वृद्धि की घोषणा की है.

फसल	2019-20	2020-21	वृद्धि (%)
दाल	4800	5100	6.3
सरसों	4425	4650	5.1
जौ	1525	1600	4.9
चना	4875	5100	4.6
गेहूं	1925	1975	2.6
कुसुम	5215	5327	2.1

- मनीला स्थित एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अपने एशियाई विकास परिदृश्य (ADO) -2020 अपडेट में चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान लगाया है.
- S & P ग्लोबल रेटिंग्स (USA) ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत के बारे में पहले जारी किये गए आर्थिक पूर्वानुमान को (-) 5% से घटाकर (-) 9% कर दिया है.
- इस की वजह COVID-19 के बढ़ते मामलों के कारण अधिक लम्बे समय तक निजी उपभोग और निवेश का निचले स्तरों पर रहना बताया गया है.
- 8 सितंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रक्षा क्षेत्र में स्वत: स्वीकृति के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत कर बढ़ाने से संबंधित नई नीति को मंज़ूरी दे दी
- रेलवे की अपनी ब्रॉड गेज लाइनों का वर्ष 2023 तक शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने की योजना है. इस वर्ष एक अप्रैल तक कुल 63 हज़ार, 631 किलोमीटर लम्बी रेल लाइनों में से लगभग 63 प्रतिशत लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है.
- बांग्लादेश के दाउदकंडी से त्रिपुरा के सोनमुरा तक एक नये अंतर्देशीय जल मार्ग का परीक्षण 3 सितंबर को गुमती नदी से शुरू हुआ.

- 7 सितम्बर को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन $200 बिलियन का आंकड़ा (14,67,350 करोड़ रुपये) पार कर गया. इस मील पत्थर को हासिल करने वाली यह पहली घरेलू कंपनी बन गई.
- लोकप्रिय टेलीकॉम ब्रांड वोडाफोन और आइडिया ने अपने विलयन के दो साल बाद अब अपनी नई एकीकृत ब्रांड पहचान 'VI' (उच्चारण 'वी') का अनावरण किया है.

बैंकिंग एवं फाइनेंस

जनवरी

- RBI ने 5 दिसंबर को टियर -3 से टियर -6 केंद्रों में हर साल 30 लाख नए टच प्वाइंट बनाकर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (PIDF) चालू किया.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत में भुगतान के डिजिटलीकरण के स्तर के आकलन के लिए मार्च 2018 में 100 अवधि के स्कोर के साथ आधार अवधि के रूप में एक समग्र डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स लॉन्च किया.
- तदनुसार मार्च 2019 और मार्च 2020 के लिए DPI का मान क्रमशः 153.47 और 207.84 रहा, जोकि प्रशंसनीय वृद्धि का संकेत है.
- RBI ने वर्ष 2020 के लिए 3 बैंकों- ICICI बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और HDFC बैंक के लिए D-SIB (घरेलू व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण बैंक) की स्थिति जारी रखने की घोषणा की.
- RBI ने डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के कामकाज की समीक्षा करने के लिए जयंत कुमार दास की अध्यक्षता में एक कार्य समूह की स्थापना की है, जिसमें ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म और मोबाइल ऐप के माध्यम से ऋण देना शामिल है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने निर्देश दिया है कि RTGS और NEFT के जरिए संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले 50 करोड़ रुपये अथवा उससे अधिक भुगतान लेनदेन पर लीगल एंटिटी आइडेंटिफ़ायर (LEI) अनिवार्य होगा.
- LEI दुनिया भर में वित्तीय लेनदेन में शामिल दलों की पहचान करने के लिए 20 अंकों की संख्या है.
- एक्ज़िम बैंक ने विदेश में स्थित भारतीय परियोजनाओं और किये गए निवेश को गति देने के लिए 10 वर्षीय बांड के ज़रिये एक अरब डॉलर जुटाए.
- एयरटेल ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से बचाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एक नई अभिनव सुविधा 'एयरटेल सेफ पे' लॉन्च की
- सरकार ने पंजाब और सिंध बैंक की अधिकृत पूंजी को वर्तमान में 3,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया.
- सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) स्थित शिवालिक मर्कैंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक (SMCB) लघु वित्त बैंक के रूप में संचालित करने के लिए RBI से लाइसेंस प्राप्त करने वाला भारत का पहला शहरी सहकारी बैंक बन गया है.

दिसंबर

- रिज़र्व बैंक ने 1 जनवरी, 2021 से कार्ड और UPI के माध्यम से संपर्क-रहित कार्ड और ई-आदेश लेनदेन के मामले में धनराशि की सीमा 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति लेनदेन कर दी है.
- रिज़र्व बैंक ने 14 दिसंबर 2020 से रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (RTGS) सुविधा का समय बढ़ा कर 24 घंटे, सातों दिन कर दिया.
- इंडसइंड बैंक ने मास्टरकार्ड से साझेदारी कर उच्च नेट वर्थ वाले अपने अति- संभ्रांत ग्राहकों के लिए पायोनियर हेरिटेज नामक भारत का पहला मेटल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया.
- इंडिया पोस्ट और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए अपनी बैंकिंग सेवाओं को ऑनलाइन संचालित करने के लिए एक नया डिजिटल भुगतान ऐप 'डाकपे (Dakpay) लॉन्च किया.
- ICICI बैंक ने देश में व्यापार स्थापित करने या इसका विस्तार करने की इच्छुक विदेशी कंपनियों के लिए एक अनूठा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म – Infinite India – लॉन्च किया.
- ICICI बैंक ने iMobile Pay नामक मोबाइल भुगतान ऐप का नया संस्करण लॉन्च किया जिससे किसी अन्य बैंक के ग्राहक भी भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं.
- HDFC बैंक का मार्केट कैप 25 नवंबर को पहली बार 8 लाख करोड़ रुपये पार करके इस मील पत्थर को पार करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है.

नवंबर

- प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा देने वाले वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) बनाया है.
- इंफोसिस के सह-संस्थापक और पूर्व सह-अध्यक्ष रहे क्रिस गोपालकृष्णन RBIH के पहले अध्यक्ष होंगे.
- वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 60 करोड़ से ज़्यादा बेसिक सैविंग्स बैंक डिपॉजिट यानी बुनियादी बचत खातों (जिनमें 40 करोड़ से अधिक जन धन खाते शामिल हैं) पर कोई सेवा शुल्क लागू नहीं होगा.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने लक्ष्मी विलास बैंक की कमज़ोर वित्तीय स्थिति के मद्देनज़र इसका विलय DBS बैंक ऑफ सिंगापुर की दिल्ली स्थित सहायक कंपनी DBS बैंक इंडिया लिमिटेड में करने की घोषणा की है.

- ICICI बैंक ने देश का पहला फुल बैंकिंग स्टैक 'Mine' लॉन्च किया है, जो 18 से 35 साल के आयु वर्ग के टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सिद्धहस्त युवाओं पर केंद्रित है.
- इससे ग्राहकों को मोबाइल-फर्स्ट, अत्यधिक व्यक्तिगत और अनुभवात्मक नेतृत्व वाला बैंकिंग अनुभव मिलेगा.
- NPCI ने 10 क्षेत्रीय भाषाओं में देश भर के उपयोगकर्ताओं के लिए व्हाट्सएप पर भुगतान सुविधा को मंजूरी दे दी है.
- न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रकाशन ग्लोबल फाइनेंस ने दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे बड़े बैंक DBS बैंक (सिंगापुर) को लगातार 12वें वर्ष एशिया का सबसे सुरक्षित बैंक क़रार दिया है. इसे दुनिया का "सर्वश्रेष्ठ बैंक" भी कहा गया है.
- एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को भारत में वित्तीय क्षेत्र की सर्वोत्तम कंपनी क़रार दिया गया है, यह सर्वेक्षण ब्रिटेन के प्रसिद्ध प्रकाशन एशियामनी द्वारा कराया गया था.

अक्टूबर

- RBI के वरिष्ठतम कार्यकारी निदेशक एम. राजेश्वर राव को केंद्रीय बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है.
- RBI ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल उन छह सार्वजनिक बैंकों को इस सूची से बाहर कर दिया है, जिनका अन्य बैंकों के साथ विलय हो गया है.
  - ✓ *ये छह बैंक हैं – सिंडिकेट बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, आंध्रा बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक और इलाहाबाद बैंक.*
- 1 अक्टूबर, 2020 से ग्राहक अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड से ऑप्ट-इन/ऑप्ट-आउट, ऑनलाइन लेनदेन, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन, संपर्क-रहित लेनदेन और अन्य सेवाओं के लिए पंजीकरण करा सकेंगे.
- RBI ने 50,000 रुपये से अधिक के चेक भुगतान के लिए एक "सकारात्मक भुगतान प्रणाली" शुरू की. यह प्रणाली 1 जनवरी, 2021 से NPCI द्वारा लागू होगी.
- ✓ *ग्राहकों को अब चेक से जुड़ी जानकारी जैसे चेक की तारीख, लाभार्थी का नाम, आदाता और राशि जैसे विवरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से SMS, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम के ज़रिये बैंक को पहले से देनी होगी.*
- IDBI बैंक ने व्हाट्सएप पर बैलेंस की जानकारी, पिछले पांच लेनदेन, चेक बुक के लिए अनुरोध, खाता विवरण आदि जैसी सेवाएं प्रदान करने के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग शुरू की.
- FAO -खाद्य एवं कृषि संगठन (रोम, इटली) की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 रुपये का एक स्मारकी सिक्का जारी किया गया.
- विजया राजे सिंधिया के सम्मान में उनकी 100 वीं जयंती पर 100 रुपये का स्मारकी सिक्का जारी किया गया.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को अपने ग्राहक जागरूकता अभियान "RBI कहता है...जानकार बनिए, सतर्क रहिए" में काम करने के लिए चुना है.

रक्षा/विज्ञान टेक्नोलॉजी

जनवरी

- DRDO ने ओडिशा तट से हॉक- I विमान से स्वदेशी रूप से विकसित स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन (SAAW) का SAAW का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।.
- यह 125 किलोग्राम वर्ग का स्मार्ट हथियार है, जो 100 किलोमीटर की रेंज तक दुश्मन के हवाई क्षेत्र की संपत्ति जैसे राडार, बंकर और रनवे आदि पर हमला करने में सक्षम है.
- DRDO के केंद्र और भारतीय सेना के महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल ने संयुक्त रूप से भारत की पहली स्वदेशी 9 एमएम मशीन पिस्तौल 'अस्मि' (ASMI) को विकसित किया.
- सरकार ने स्वदेश निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंज़ूरी दे दी.
- जिसकी रेंज 25 किलोमीटर है. और यह लड़ाकू जेट, क्रूज़ मिसाइल, ड्रोन और अन्य अस्त्रों पर निशाना साध सकती है.
- DRDO ने सुदूर नक्सल हिंसा और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में आकस्मिक निकासी कार्यों के लिए इक्कीस 'बाइक एंबुलेंस' को केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) में शामिल किया.
- न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज (INMAS), नई दिल्ली द्वारा 350cc रॉयल एनफील्ड क्लासिक बाइक पर अनुकूलित 'रक्षिता' एम्बुलेंस विकसित की गई.
- DRDO ने भारतीय नौसेना के सहयोग से SAHAYAK-NG नामक एयर ड्रॉप्ड कंटेनर का गोवा के तट पर भारतीय नौसेना के IL 38SD विमान से सफल परीक्षण किया.
- सैन्य अभ्यास कवच: अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) के तत्वावधान में जनवरी के अंतिम सप्ताह में भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल का एक वृहद संयुक्त सैन्य अभ्यास किया गया.
- 'सी विजिल' -21': भारतीय नौसेना ने 12-13 जनवरी को 7516 कि. मी. लंबी तटरेखा पर दो दिवसीय सबसे बड़े रक्षा तटीय रक्षा अभ्यास सागर सतर्कता (सी विजिल -21) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया.
- एक्स डेज़र्ट नाइट -21: भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल ने 20 से 24 जनवरी द्विपक्षीय हवाई युद्धाभ्यास किया.
- PASSEX: भारतीय और वियतनामी नौसेना ने समुद्री सहयोग और संपर्क को बढ़ावा देने के प्रयासों के अंतर्गत दक्षिण चीन सागर में 26-27 दिसंबर को दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास किया.

- इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने अमेज़ॅन वेब सेवाओं के साथ साझेदारी में भारत में अपनी तरह की पहली क्वांटम कम्प्यूटिंग एप्लीकेशन लैब की स्थापना की घोषणा की.
- इस कदम से चुनिंदा शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों को अमेज़ॅन की ब्राकेट क्लाउड-आधारित क्वांटम कंप्यूटिंग सेवा तक पहुंच मिलेगी.
- पुणे की सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) ने 28 दिसंबर को भारत के पहले स्वदेश विकसित न्यूमोकोकल वैक्सीन का अनावरण किया.
- हैदराबाद की स्काईरुट एयरोस्पेस ने अपने ठोस ईंधन वाले प्रोपल्शन रॉकेट मोटर कलाम - 5 का सफल परीक्षण करने वाली पहली निजी कंपनी बनकर अंतरिक्ष इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज करा लिया है.

दिसंबर

- भारत ने अमेरिकी फर्म जनरल एटॉमिक्स से लीज़ पर लिए गए - MQ -9 BC गार्जियन नामक दो अमेरिकी ड्रोन भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किये.
- इन ड्रोनों को तमिलनाडु के अरकोनम में भारतीय नौसेना के बेस INS राजली में परिचालन में लगाया गया.
- सरकार ने सेना के उप-प्रमुख - रणनीति के एक नए पद को मंजूरी दी, जो परिचालन मुद्दों पर सेना के उप-प्रमुख को "एकल-बिंदु सलाह" के रूप में कार्य करेगा.
- DRDO की भारत की पहली उन्नत हाइपरसोनिक विंड टनल सुविधा हैदराबाद में शुरू की गई, जो मैक 5 से 12 तक की गति का अनुभव देने में सक्षम है.
- ICGS सक्षम और ICGS सुजीत: गोवा में स्वदेशी तौर पर निर्मित अपतटीय गश्ती पोतों को तटरक्षक बल में शामिल किया गया.
- आईएनएस हिमगिरी: गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) कोलकाता द्वारा नौसेना के लिए प्रोजेक्ट -17 ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का फ्रिगेट लॉन्च किया गया.
- IND-INDO CORPAT: भारत और इंडोनेशियाई नौसेनाओं की भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त का 35वां संस्करण 17 से 18 दिसंबर तक हिंद महासागर में आयोजित किया गया.
- पासेक्स (PASSEX): भारतीय नौसेना ने 4 और 5 दिसंबर को पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में रूसी नौसेना के साथ संयुक्त नौसेना अभ्यास किया.
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से PSLV-C50 रॉकेट से देश का नया संचार उपग्रह CMS-01 लॉन्च किया.
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने बेंगलुरु के पीन्या में अपने ISTRAC परिसर में "NETRA" नामक समर्पित अंतरिक्ष परिस्थितिक जागरूकता (SSA) नियंत्रण केंद्र स्थापित किया.
- "NEtwork for space object TRacking and Analysis (NETRA)" भारत की अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की निगरानी, ट्रैकिंग और सुरक्षा करेगा.
- रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने प्लासेत्स्क कॉस्मोड्रोम से 14 दिसंबर को अपने हैवी लिफ्ट स्पेस रॉकेट अंगारा A -5 का सफल परीक्षण किया. यह 20 टन से अधिक भारी पेलोड ले जाने में सक्षम है.
- ईस्ट कोस्ट रेलवे (ECoR) ब्रेक वैन और गार्ड के बिना ट्रेनों के संचालन के लिए "एंड ऑफ़ ट्रेन टेलीमेट्री प्रणाली" शुरू करने वाला देश का पहला रेलवे ज़ोन बन गया है.
- 40 से अधिक वर्ष बाद चीन के चंद्रयान 'चांग' A -5' की विशेष प्रोब चांद की सतह से चांद से नमूने लेने के बाद पृथ्वी पर लौट आई.
- 'चांग' A -5' ने 3 दिसंबर को चंद्रमा की सतह पर चीन का राष्ट्रीय ध्वज लगाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की.
- इससे पहले केवल अमेरिका ने ही 1969 में अपोलो मिशन के दौरान चंद्रमा पर अपना झंडा फहराया था.
- जापानी स्पेसशिप हायाबुसा -2 ने पृथ्वी से करीब 30 करोड़ कि मी दूर स्थित क्षुद्रग्रह रयुगु से एकत्र किए गए नमूनों से भरे एक छोटे से कैप्सूल को 5 दिसंबर को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर भेज दिया.
- चीनी वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला प्रकाश-आधारित जियूझांग" नामक प्रोटोटाइप क्वांटम कंप्यूटर बनाया है, जो सबसे उन्नत सुपर कंप्यूटर की तुलना में 100 खरब गुना तेज़ है.
- यह सुपर कंप्यूटर जो गणना तीन मिनट में कर सकता है, उसे करने में पारंपरिक पद्धति से बने दुनिया के सबसे तेज कंप्यूटर को 60 करोड़ साल लगेंगे.
- अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मेमोरी स्टोरेज डिवाइस के क्रॉस सेक्शनल एरिया को सिकुड़ा कर मात्र एक वर्ग नैनोमीटर कर दुनिया का सबसे छोटा मेमोरी डिवाइस बनाया.

नवंबर

- भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा निर्मित हैवीवेट टॉरपीडो 'वरुणास्त्र' भारतीय नौसेना में शामिल होने से इसकी की मारक क्षमता नई ऊँचाइयों पर पहुँच गई है.
- भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने हेतु अमेरिका से मिला नौवां बोइंग P-8I निगरानी विमान 18 नवंबर को गोवा के नौसैनिक हवाई अड्डे पर भारतीय नौसेना को सौंपा गया.
- भारतीय नौसेना की पांचवी स्कॉर्पीन श्रेणी की उन्नत स्टेल्थ पनडुब्बी आईएनएस वागीर, 12 नवंबर को दक्षिण मुंबई के मझगांव डॉक पर लॉन्च की गई.
- भारत के तटरक्षक जहाज सी-452 को स्वदेशी तौर पर एल एंड टी, सूरत द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था, जिसे महाराष्ट्र के रत्नागिरी बेस में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया.

- चार नवंबर को तीन फ्रांसीसी राफेल लड़ाकू जेट गुजरात के जामनगर में उतरे, जिससे कुल राफेल जेट विमानों की संख्या आठ तक पहुंच गई. बाद में, उन्होंने हरियाणा के अंबाला में अपने होम बेस के लिए उड़ान भरी.
- सेनाध्यक्ष जनरल एम एम नरवने को काठमांडू में नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने नेपाली सेना के "जनरल" का मानद रैंक प्रदान किया.
- 'बुल स्ट्राइक': अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3 से 5 नवंबर तक सेना, नौसेना और वायु सेना ने संयुक्त सैन्य अभ्यास किया.
- मालाबार अभ्यास: क्वाड के सदस्य देशों (भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) ने 3 से 6 नवंबर तक दशक का अपना सबसे बड़ा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया.
- SIMBEX-20: सिंगापुर नौसेना ने भारतीय नौसेना के साथ 23 से
- 25 नवंबर तक अंडमान सागर में भारत- सिंगापुर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास के 27वें संस्करण की मेजबानी की.
- SITMEX-20: भारत, सिंगापुर और थाईलैंड की नौसेनाओं ने अंडमान सागर में दो-दिवसीय (21-22 नवंबर) त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास SITMEX-20 का आयोजन किया.
- इंडो-थाई कॉर्पेट: भारतीय नौसेना और रॉयल थाई नौसेना की भारत-थाईलैंड समन्वित गश्त का 30वां संस्करण 18 से 20 नवंबर तक अंडमान तट के पास आयोजित किया गया.
- भारत के एआई सुपर कंप्यूटर 'परम सिद्धि' ने दुनिया के शीर्ष 500 सबसे शक्तिशाली गैर-वितरित कंप्यूटर सिस्टमों में 63वीं रैंक हासिल की. इसे पुणे, महाराष्ट्र में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) में स्थापित किया गया है.
- भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम – IRNSS को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम (WWRNS) के एक भाग के रूप में मान्यता देने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है.
- इसरो के रॉकेट PSLV-C49 ने भारत के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-01 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया और इसे 7 नवंबर को अपनी इच्छित कक्षा में रखा गया.
- पूर्वोत्तर भारत के जंगलों में चल रही मशरूम दस्तावेज़ीकरण परियोजना के दौरान मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के जंगलों में मशरूम की जैव विविध या प्रकाश उत्सर्जक किस्म मिली है.
- चीन कथित रूप से शांक्सी प्रांत के ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 6G संचार परीक्षण उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है.

अक्टूबर

- स्टेल्थ कोरवेट INS कवारत्ती को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) स्थित नौसेना डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया.
- ओडिशा तट पर चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से स्वदेशी स्टैंड-ऑफ एंटी-टैंक (SANT) मिसाइल का सफल परीक्षण गया.
  - ✓ यह एंटी-टैंक मिसाइल, हेलीकॉप्टर लॉन्चेड नाग (HeliNa) का उन्नत संस्करण है. DRDO द्वारा विकसित यह मिसाइल 15 से 20 किमी की दूरी तक लक्ष्यों को नष्ट कर सकती है.
- भारत ने 21 अक्टूबर को राजस्थान के पोखरण रेंज में तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'नाग' का सफल परीक्षण किया.
- DRDO ने Su-30 MKI लड़ाकू विमान से नई पीढ़ी के स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल 'रुद्रम' का सफल परीक्षण किया.
- सतह से सतह पर मार करने वाली परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम लगभग 1,000 किमी की स्ट्राइक रेंज वाली हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल 'शौर्य' का सफल परीक्षण किया गया.
- DRDO और भारतीय नौसेना ने आईएनएस चेन्नई से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सफलतापूर्वक परीक्षण किया.
- लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निर्मित ऑफशोर पैट्रोल वेसल 'विग्रह' को चेन्नई (तमिलनाडु) के कट्टुपल्ली बंदरगाह पर भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया.
- भारतीय वायु सेना ने 8 अक्टूबर को अपनी 88वीं वर्षगांठ पर लेह के पास खार दुंगला में सर्वाधिक ऊंचे स्काईडाइव (17,982 फीट) की लैंडिंग का नया रिकॉर्ड बनाया.
- **सागर कवच:** - पश्चिमी तट के साथ अरब सागर में 8-9 अक्टूबर को दो दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया गया.
- **बोंगोसागर -2:** भारत-बांग्लादेश नौसेना के द्विपक्षीय अभ्यास का दूसरा संस्करण 3 से 5 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया.
- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स (कोलकाता) द्वारा निर्मित एक तेज़ गश्ती जहाज ICGS कनकलता बरुआ को 1 अक्टूबर को कोलकाता में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया.
- **SLINEX-20:** भारतीय और श्रीलंकाई नौसेनाओं के बीच 8वां वार्षिक संयुक्त अभ्यास 19 से 21 अक्टूबर तक श्रीलंका के त्रिनकोमाली तट पर हुआ.
- DRDO ने ओडिशा के तट से व्हीलर द्वीप से 5 अक्टूबर को "सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज़ ऑफ़ टॉरपीडो" SMART का सफलतापूर्वक परीक्षण किया.
- रूस ने हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल जिरकॉन (Zircon) जिस की गति 8 मैक से अधिक और रेंज 1,000 किमी तक की है, का सफल परीक्षण किया.

अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

जनवरी

- जो बाइडेन ने 20 जनवरी को वाशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल बिल्डिंग में स्केल-बैक समारोह में संयुक्त राज्य अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली.
- भारतीय और जमैकन प्रवासियों की बेटी कमला हैरिस ने भी देश की 49वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेकर पहली अमेरिका और दक्षिण एशियाई महिला के रूप में उपराष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया.
- 13 जनवरी को, डोनाल्ड ट्रम्प दो बार महाभियोग लाने वाले अमेरिकी इतिहास में पहले राष्ट्रपति बने.
- उनपर 9 जनवरी को कैपिटल कॉम्प्लेक्स में उनके समर्थकों द्वारा हिंसक हिंसक घटनाओं के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था.
- हेनले के पासपोर्ट सूचकांक ने दुनिया के 199 पासपोर्टों में से जापान को पासपोर्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बनाए रखा, जबकि भारत 85वें स्थान पर रहा.
- यह दुनिया भर में 191 गंतव्यों के लिए वीज़ा-मुक्त पहुँच प्रदान करता है. इसके बाद सिंगापुर (190) और जर्मनी और एस कोरिया (189) का नंबर आता है.
- फ्रांस सरकार ने 11 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे 'वन प्लैनेट समिट' का आयोजन किया.
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य " प्रकृति के लिए एक साथ कार्य करें के साथ दुनिया की जैव विविधता की रक्षा करना है.
- 200 से अधिक वर्षों में यूएस कैपिटल (संसद भवन) पर हुए सबसे भीषण हमले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सैंकड़ों समर्थकों ने उनकी चुनावी हार का बदला लेने के लिए धावा बोल दिया.
- दंगाइयों ने धातु से बने सुरक्षात्मक नाके (बैरिकेड्स) तोड़ कर ज़बरदस्ती अपना रास्ता बनाया, खिड़कियों को तोड़ा और कुछेक ने अंदर जाने के लिए दीवारें तक फांदीं.
- पुरातत्वविदों ने कम से कम 45,500 साल पहले इंडोनेशिया में चित्रित की गई जंगली सूअर की आदमकद तस्वीर (सबसे पुरानी ज्ञात गुफा पेंटिंग) की खोज की.

दिसंबर

- ब्रिटेन दिग्गज अमेरिकी दवा कंपनी फाइज़र और जर्मन बायोटेक फर्म बायोएनटेक (BioNTech) द्वारा विकसित Pfizer-BioNTech नामक वैक्सीन को मंजूरी देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया.
- सिंगापुर में खुले आसमान के नीचे स्थित हॉकर केंद्रों (जिन्हें फूड कोर्ट कहा जा सकता है) में सामुदायिक भोज की परंपरा को UNESCO की Representative List of the Intangible Cultural Heritage of Humanity में शामिल किया गया.
- अमेरिकी मध्यस्थता की बदौलत मोरक्को इज़रायल के साथ सामान्य संबंध स्थापित करने वाला चौथा अरब लीग देश बन गया है.
- यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) ने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर 'रचनात्मक अर्थव्यवस्था' के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने का निर्णय लिया.
- नवंबर 2021 में शुरू किया जाने वाला यह सम्मान दो साल में एक बार युवाओं को उनकी वैश्विक पहलों के लिए दिया जाएगा, जिसमें 50,000 डॉलर की इनामी राशि भी शामिल होगी.
- नेपाल और चीन ने संयुक्त रूप से घोषणा की कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई अब 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) हो चुकी है.
- यह आंकड़ा 1954 में भारत द्वारा लिए गए पिछले माप (8,848 मीटर) से लगभग 86 सेंटीमीटर अधिक है.
- फोर्ब्स द्वारा जारी की गई दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल लगातार 10वें साल शीर्ष पर मौजूद हैं.
- 1 दिसंबर को जारी किये गए अमेरिकी वायु गुणवत्ता सूचकांक में पाकिस्तानी शहर लाहौर को एक बार फिर से दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है.
- वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2020 के अनुसार अफगानिस्तान आतंकवाद के मामले में 163 देशों में सबसे अधिक प्रभावित देश रहा, जहां 1422 आतंकी घटनाओं में 5725 से अधिक लोगों की जान गई.
- अमेरिका के सबसे भरोसेमंद ऑनलाइन शब्दकोश मेरियम-वेबस्टर ने Pandemic को 2020 का सर्वाधिक लोकप्रिय शब्द घोषित किया है.
- कैम्ब्रिज शब्दकोश ने शब्द 'Quarantine' को वर्ड ऑफ द ईयर 2020 का नाम दिया है.
- अरब खाड़ी देशों का पहला कोयला-आधारित पावर प्लांट 'हास्यान' दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) के सआह शोएब में स्थापित किया गया है.

नवंबर

- सऊदी अरब की अध्यक्षता में 15वां G20 शिखर सम्मेलन 21-22 नवंबर को वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया. इस सम्मेलन का विषय था- "सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों को साकार करना"

- 15 एशिया प्रशांत देशों ने दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक ब्लॉक का गठन किया, जिसमें 10 दक्षिणपूर्व एशियाई देश और दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड शामिल हैं.
- क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (RCEP) नामक इस ब्लॉक का नेतृत्व चीन कर रहा है.
- संयुक्त राष्ट्र के FAO ने दुनिया भर की खाद्य प्रणालियों और कृषि पर COVID-19 के पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निकाय "खाद्य गठबंधन" की औपचारिक शुरुआत की है.
- डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जो बिडेन रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति चुने गए हैं.
- डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी अमेरिकी उप-राष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला का गौरव हासिल किया.
- 4 नवंबर को तीन साल की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के पूरा होने पर अमेरिका ने औपचारिक रूप से पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होने की घोषणा कर दी है.
- ट्रम्प ने आर्थिक रूप से हानिकारक इस समझौते की बार-बार आलोचना की है और दावा किया है कि इसकी वज़ह से 2025 तक देश में 2.5 मिलियन नौकरियां छिन जाने का ख़तरा है.
- दुनिया भर में सरकारों द्वारा कोविड महामारी के फैलाव को रोकने के लिए लगाई गई बंदिशों का सूचक शब्द “लॉकडाउन” 2020 के लिए कॉलिंस ऑनलाइन शब्दकोश, ग्लासगो, स्कॉटलैंड द्वारा कॉलिंस का Word of the Year चुना गया है.

अक्टूबर

- 16 अक्टूबर को अंडोरा राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का 190वां सदस्य बन गया. यह उत्तर में फ्रांस और दक्षिण में स्पेन के बीच फँसा हुआ एक सूक्ष्म राष्ट्र है.
- विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस वर्ष (2020) में गहरी वैश्विक मंदी और विश्व आर्थिक विकास में 4.4 प्रतिशत के संकुचन की संभावना जताई है.
- सिंगापुर फेस स्कैन की तकनीक के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है.
- विश्व व्यापार संगठन (WTO) ने 2020 में वस्तुगत व्यापार की मात्रा में 9.2 प्रतिशत गिरावट होने का अनुमान लगाया है. यह अप्रैल में दी गई अनुमानित 12.9 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में काफ़ी कम है.

चर्चित चेहरे

जनवरी

आर्य राजेंद्रन: 21 वर्षीय कॉलेज छात्र को तिरुवनंतपुरम निगम, केरल में भारत में सबसे कम उम्र के मेयर के रूप में चुना गया है.

दिसंबर

रोशनी नादर मल्होत्रा: दिग्गज आईटी कंपनी HCL टेक्नोलॉजीज़ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी 54,850 करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति की स्वामिनी देश में सबसे अमीर महिलाओं की सूची में शीर्ष पर हैं.

गीतांजलि राव: भारतीय मूल की 15 वर्षीय अमेरिकी युवा वैज्ञानिक जिन्होंने टेक्नोलॉजी की बदौलत दूषित पेयजल से लेकर नशों की लत और साइबरबुलिंग जैसी समस्याओं के हल खोजे, को टाइम पत्रिका ने पहला ‘किड ऑफ द ईयर” नामित किया है.

प्रकाश सिंह बादल: पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के नेता ने नये कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए 2015 में मिला पद्म विभूषण पुरस्कार लौटाने की घोषणा की.

डॉ. गौरव शर्मा: न्यूज़ीलैंड के सांसद ने विदेशी भूमि पर संस्कृत भाषा में शपथ लेने वाले भारतीय मूल के पहले सांसद बनकर इतिहास रच दिया.

काइली जेनर: फोर्ब्स मैगज़ीन ने अपनी सर्वाधिक कमाऊ सेलिब्रिटी सूची 2020 में अमेरिकी मीडिया की सुप्रसिद्ध हस्ती, मॉडल और बिज़नेसवुमन को सर्वाधिक कमाऊ (59 करोड़ डॉलर) शख़्सियत का खिताब दिया है.

प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका ने नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को '2020 पर्सन ऑफ द ईयर' के रूप में नामित किया है.

नवंबर

अज़ीम प्रेमजी: एडेलगिव ह्यूरन भारत परोपकार सूची 2020 में विप्रो लिमिटेड के संस्थापक-अध्यक्ष 7,904 करोड़ रुपये के योगदान के साथ शीर्ष पर रहे.

प्रियंका राधाकृष्णन: 41 वर्षीय भारतवंशी राजनेता ने न्यूज़ीलैंड सरकार में मंत्री बनने वाली पहली भारतीय-न्यूज़ीलैंडी महिला बनकर इतिहास रच दिया है.

अक्टूबर

आयुष्मान खुराना: बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता का नाम टाइम मैगजीन के 100सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है.

फॉर्च्यून 40 अंडर 40

रिलायंस जियो बोर्ड के निदेशक ईशा अंबानी और आकाश अंबानी, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्त कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला और बायजू के सह-संस्थापक बाइजू रवींद्रन 40 वर्ष से कम आयु के प्रभावशाली लोगों की वार्षिक फॉर्च्यून सूची में दुनिया भर के "उभरते अगुआओं" में शामिल किये गए हैं.

ख़ुशी चिंदालिया: सूरत (गुजरात) की 17 वर्षीय लड़की को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम - टुंजा इको-जेनरेशन द्वारा भारत का क्षेत्रीय राजदूत नियुक्त किया गया है.

नयी नियुक्तियां

जनवरी

- सुबोध कुमार जायसवाल: 1985 बैच के IPS अधिकारी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है.
- सुनीत शर्मा: रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किये गए हैं.
- योवेरी मुसेवेनी: युगांडा के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति के रूप में रिकॉर्ड छठे कार्यकाल के लिए निर्णायक चुनावी जीत हासिल की.
- सदिर ज़ापारोव: किर्गिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री देश के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं.
- फाउस्टिन-आर्कवेज़ तौडेरा: पुनः मध्य अफ्रीकी गणराज्य (मध्य अफ्रीका में स्थित एक भूमि रक्षित (लैंडलॉक) देश) के राष्ट्रपति चुने गए हैं.
- अलेक्जेंडर एलिस: सर फिलिप बार्टन के बाद भारत में नए ब्रिटिश उच्चायुक्त नियुक्त किये गए हैं.

दिसंबर

- उत्पल कुमार सिंह: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा 1 दिसंबर से लोकसभा के महासचिव नियुक्त किये गए हैं.
- विनीत अग्रवाल: एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं.
- उदय शंकर: वर्ष 2020-21 के लिए FICCI के नए अध्यक्ष चुने गए हैं. वर्तमान में वे वॉल्ट डिज़नी कंपनी एशिया-पैसिफिक के अध्यक्ष के तौर पर सेवारत हैं.
- नाना अकुफो-एडो: पुनः पश्चिम अफ्रीका के देश घाना के राष्ट्रपति चुने गए हैं.
- शेख सबा अल-खालिद अल-सबाह: कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-सबाह द्वारा पुनः कुवैत के प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए
- रोच मार्क क्रिश्चियन काबोर: पुन: पश्चिमी अफ्रीका के छोटे से भू-सीमित देश बुर्किना फासो के राष्ट्रपति चुने गए हैं.
- फ्लोरिन सीटू: रोमानिया (दक्षिण पूर्वी यूरोप का एक देश) के नये प्रधान मंत्री चुने गए हैं.

नवंबर

यशवर्धन कुमार सिन्हा: भारत सरकार ने पूर्व विदेश सेवा अधिकारी को केंद्रीय सूचना आयोग नामक सांविधिक निकाय के नए मुख्य सूचना आयुक्त के तौर पर नियुक्त करने का फैसला किया है.

गिरीश चंद्र मुर्मू: भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को तीन साल के कार्यकाल के लिए इंटर संसदीय संघ (IPU), जिनेवा का बाहरी लेखा परीक्षक चुना गया है.

डॉ. एम. एम. कुट्टी: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पूर्व सचिव को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए गठित नए आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

माइया सैंडू: रोमानिया और यूक्रेन के बीच सटे हुए छोटे से पूर्व यूरोपीय, स्थल -सीमित देश माल्डोवा के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता.

जॉन मगुफुली: हालिया चुनावों में 84% से अधिक वोटों से शानदार जीत हासिल कर तंज़ानिया के राष्ट्रपति दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गये हैं.

अलसाने औटारा: तीसरी बार आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति चुने गए. आइवरी कोस्ट को कोटे डी आइवर के तौर पर भी जाना जाता है, आधिकारिक तौर पर कोटे डी आइवर गणराज्य, पश्चिम अफ्रीका के दक्षिण तट पर स्थित देश है.

लुइस एर्से: 2020 के बोलीविया के आम चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद इसके राष्ट्रपति चुने गए हैं.

अक्टूबर

शेखर कपूर: प्रसिद्ध फिल्म निर्माता को फिल्म एंड टेलिविज़न इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) सोसाइटी का अध्यक्ष और FTII (पुणे) की गवर्निंग काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया गया.

डॉ. पी. डी. वाघेला: भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के अध्यक्ष नियुक्त किये गए.

राजकिरण राय जी: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 2020-21 के लिए भारतीय बैंक संघ (IBA) का अध्यक्ष चुना गया.

Books To Change Your World



Rs. 199/-



Rs.540/-

Rs. 499/-

Rs. 170/-



Rs. 390/-



Rs. 650/-

TO ORDER ANY BOOK CALL: 9646-888-377

एम. ए. गणपति: नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) के महानिदेशक नियुक्त किये गए.

वैवेल रामकलावन: भारतीय मूल के विपक्षी उम्मीदवार (जिनके दादा बिहार में गिरमिटिया मज़दूर थे) ने भारी बहुमत के साथ सेशेल्स का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया.

अल्फा कॉनडे: तीसरे कार्यकाल के लिए गिनी के राष्ट्रपति के रूप में चुने गए. गिनी पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है.

साद अल-हरीरी: लेबनान के सुन्नी मुस्लिम राजनेता को राष्ट्रपति मिशेल एउन ने देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है.

जेसिंडा अर्डर्न: तीन साल के कार्यकाल के लिए फिर से न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री चुनी गयी.

बिशर अल-खसावने: जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने इन्हें देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया.

शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह: तेल के मामले में समृद्ध छोटे से देश कुवैत के अमीर (क्राउन प्रिंस) के तौर पर शपथ ली.

मोक्टर ओअने: माली के पूर्व विदेश मंत्री को माली का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया.

पुरस्कार एवं सम्मान

जनवरी

- गोल्डन पीकॉक अवार्ड: गोवा (भारत) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के 51वें संस्करण के समारोह में एंडर्स रेफन द्वारा निर्देशित डेनिश फिल्म “Into the Darkness” ने जीता.
- राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड: श्री माता वैष्णो देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कटरा (जम्मू और कश्मीर) की प्रिंसिपल डॉ. शैला केनी ने जीता. यह नर्सों या नर्सिंग सहयोगियों को दिया जाने वाला सर्वोच्च राष्ट्रीय गौरव है.
- एमिनेंट इंजीनियर पुरस्कार - 2020: रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कुमार यादव को इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IET), लंदन द्वारा भारतीय रेलवे का आधुनिकीकरण करने के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए नवाज़ा गया.
- सर्वश्रेष्ठ DRDO वैज्ञानिक पुरस्कार: ल्यूकोडर्मा के इलाज के लिए लोकप्रिय दवा लुकोस्किन सहित कई हर्बल दवाओं को विकसित करने में उनके योगदान के लिए हेमंत कुमार पांडे ने जीता.
- स्कॉच चैलेंजर पुरस्कार: जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को ई-गवर्नेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है.
- कनाडा साहित्य गौरव: साहित्य के प्रति उनके समृद्ध योगदान के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को हिंदी राइटर्स गिल्ड, कनाडा द्वारा दिया गया.
- 2021 माइकल और शीला हेल्ड पुरस्कार: कैडिसन-सिंगर समस्या और रामानुजन ग्राफ पर लंबे समय तक अनुत्तरित सवालों को हल करने के लिए युवा भारतीय गणितज्ञ, निखिल श्रीवास्तव ने दो अन्य लोगों के साथ यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता.

दिसंबर

- **ग्लोबल टीचर प्राइज़ 2020:** महाराष्ट्र के परितेवाड़ी गाँव के प्राथमिक विद्यालय के 32 वर्षीय शिक्षक रंजीत सिंह दिसाले ने अपने गांव में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और भारत में QR कोड पर आधारित पाठ्यपुस्तक क्रांति को बल देने में किये अपने प्रयासों के लिए यह पुरस्कार जीता.
- युवा गणितिज्ञों के लिए रामानुजन पुरस्कार 2020: ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो स्थित इंस्टीट्यूट फॉर प्योर एंड एप्लाइड मैथेमेटिक्स (IMPA) की गणितज्ञ डॉ. कैरोलिना अरुजो को प्रदान किया गया.
- यह पुरस्कार प्रतिभाशाली गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिया जाता है.
- यह पुरस्कार हर साल उत्कृष्ट अनुसंधान करने वाले 45 वर्ष से कम उम्र के युवा गणितज्ञों को दिया जाता है.
- ASSOCHAM एंटरप्राइज ऑफ़ द सेंचुरी अवार्ड: प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की प्रगति में टाटा समूह के उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार इसके मानद चेयरमैन रतन टाटा को दिया गया.
- रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020: भारतीय पत्रकार-लेखक राजकमल झा को उनके उपन्यास "The City and The Sea" के लिए इस पुरस्कार से नवाज़ा गया है.
- दिल्ली क्राइम: नेटफ्लिक्स की वेब श्रृंखला ने 48वें अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार 2020 में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज़ पुरस्कार जीता.
- अंतर्राष्ट्रीय राजा भूमिबोल विश्व मृदा दिवस पुरस्कार: नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की ओर से स्वस्थ मिट्टी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता.

नवंबर

चिल्ड्रन क्लाइमेट प्राइज़: तमिलनाडु की 14 साल की छात्रा विनीशा उमाशंकर ने स्टीम इस्त्री बॉक्स को पावर देने के लिए सोलर पैनल का इस्तेमाल कर मोबाइल इस्त्री कार्ट डिजाइन करने के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता.

UN ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवार्ड: ग्लोबल हिमालयन एक्सपेडिशन, लेह द्वारा दूरस्थ समुदायों की सौर ऊर्जा तक पहुँच बनाने में मदद करने के लिए जीता गया.

फिक्शन के लिए बुकर पुरस्कार: न्यूयॉर्क स्थित 44 वर्षीय स्कॉटिश लेखक डगलस स्टुअर्ट ने अपने आत्मकथात्मक उपन्यास "शुगी बैन" के लिए 50,000 पाउंड का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता.

अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार: किशोरों के साथ होने वाली साइबर बदमाशी को रोकने के लिए एक बांग्लादेशी किशोर सआदत रहमान को उनके काम के लिए सम्मानित किया गया.

अक्टूबर

नोबेल पुरस्कार - 2020

नोबेल फिज़ियोलॉजी/ चिकित्सा पुरस्कार: हेपेटाइटिस सी वायरस की खोज करने वाले हार्वे जे. अल्टर (अमेरिका), माइकल ह्यूटन (ब्रिटेन) और चार्ल्स एम. राइस (अमेरिका) तीनों ही संयुक्त रूप से 1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर की पुरस्कार राशि आपस में बांटेंगे.

नोबेल भौतिकी पुरस्कार: ब्रह्मांड में पाए जाने वाले सर्वाधिक विलक्षण खगोलीय पिंडों 'ब्लैक होल' के राज़ उजागर करने वाले तीन वैज्ञानिकों रोजर पेनरोज़ (ब्रिटेन), रेनहार्ड गेनज़ेल (जर्मनी) और सुश्री एंड्रिया गेज़ (अमेरिका) ने वर्ष 2020 का नोबेल पुरस्कार जीता.

रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार: जीन प्रौद्योगिकी के सबसे तेज उपकरणों में से एक CRISPR-Cas9 DNA "कैंची" के रूप में जाने जाने वाली जीनोन एडिटिंग तकनीक को खोजने के लिए सुश्री इमैनुअल चरपोनियर (फ्रांस) और सुश्री जेनिफर ए. डोडना (यूएसए) को सम्मानित किया गया.

नोबेल साहित्य पुरस्कार: अमेरिकी कवयित्री लुईस ग्लूक को दिया गया है. येल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहीं ग्लुक ने 1968 में 'फर्स्टबोर्न' शीर्षक वाले काव्य संग्रह से अपनी काव्य यात्रा की शुरुआत की थी.

नोबेल शांति पुरस्कार: दुनिया भर में भूख और खाद्य पदार्थों की तंगी झेल रहे क्षेत्रों में खाद्य असुरक्षा से निपटने के प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार: अमेरिकी अर्थशास्त्रियों पॉल मिलग्रोम और रॉबर्ट विल्सन ने नीलामी के सिद्धांत को बेहतर बनाने और नीलामी के नए प्रारूपों का अविष्कार करने के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान जीता.

सखारोव पुरस्कार 2020: यूरोपीय संघ ने अपना शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार बेलारूस के विपक्षी आंदोलन और इसकी नेता स्वेतलाना एलेक्ज़ेंडर को दिया है, जो राष्ट्रपति एलेक्ज़ेंडर लुकाशेंको के लंबे समय से चले आ रहे दमनकारी शासन को चुनौती दे रही हैं. पुरस्कार में 50,000 यूरो की नकद राशि दी जाती है.

वाइल्डलाइफ़ फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर अवार्ड -2020: मुंबई की युवा फ़ोटोग्राफ़र ऐश्वर्या श्रीधर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं. यह पुरस्कार ब्रिटेन के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय द्वारा प्रदान किया जाता है.

2020 SASTRA रामानुजन पुरस्कार: प्रिंसटन यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के शाई एवरा को कॉम्बीनेटोरियल और ज्यामितीय टोपोलॉजी में उच्च आयामी विस्तारकों और गोल्डन गेट्स पर 3-डी एकात्मक समूहों के उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया.

पर्यावरण रक्षा के लिए "अर्थशॉट प्राइज़": ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज (ब्रिटेन के राजकुमार विलियम) ने इतिहास में अब तक का सर्वाधिक प्रतिष्ठित वैश्विक पर्यावरण पुरस्कार 'अर्थशॉट प्राइज़' की घोषणा की.

✓ *इस घोषणा के अनुसार दुनिया के कुछ शीर्ष पर्यावरणीय समस्याओं के लिए कम से कम 50 समाधान प्रदान करने के लिए अगले 10 वर्षों के लिए हर साल 10-10 लाख पाउंड के पांच पुरस्कार दिए जाएंगे.*

ग्रैंड टाइटल विनर 2020: केरल टूरिज़्म के ह्यूमन बाय नेचर प्रिंट कैंपेन को बीजिंग में वर्चुअल पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) ट्रैवल मार्ट 2020 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाज़ा गया.

SDG विशेष मानवीय कार्य अवार्ड: बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को लाखों प्रवासियों को अपने घरों में वापस लाने में मदद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार- 2020: 26 सितंबर को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के स्थापना दिवस पर विज्ञान के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए 14 वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की गई.

श्रद्धांजलि

जनवरी

- उस्ताद मुस्तफा खान: 89 वर्षीय रामपुर-सहसवान घराने के जाने-माने भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ का 17 जनवरी को अपने मुंबई स्थित आवास पर निधन हो गया. उन्होंने ए आर रहमान, शान, हरिहरन, मन्ना डे, आशा भोसले, सोनू निगम और अलीशा चिनॉय जैसे कई अन्य जाने माने गायकों को संगीत सिखाया. उन्हें 1991 में पद्मश्री, 2006 में पद्म भूषण और उसके बाद 2018 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था.
- डॉ. वी. शांता: विश्व प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ एवं चेन्नई की अडयार कैंसर संस्थान की अध्यक्षा का 94 साल की उम्र में चेन्नई में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया. उन्होंने 60 वर्ष से अधिक का अपना

कॅरियर कैंसर रोगियों की देखभाल को समर्पित किया. कैंसर विज्ञान में उनके योगदान हेतु उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण और रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था.

- नरेंद्र चंचल: अमृतसर के लोकप्रिय भजन गायक का नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. वे 80 वर्ष के थे. उन्हें हमेशा देवी दुर्गा (शेरों वाली माता) को समर्पित उनके कई प्रतिष्ठित भजनों के लिए याद किया जाएगा.
- माधवसिंह सोलंकी: चार बार गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का गांधीनगर में उनके निवास पर 9 जनवरी को 93 साल की आयु में निधन हो गया.
- बूटा सिंह: वयोवृद्ध कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री का 2 जनवरी को AIIMS (नई दिल्ली) में निधन हो गया. उन्होंने भारत और विदेशों में कई गुरुद्वारों के निर्माण और पुनर्निर्माण (विशेष तौर पर 1984 में हुए ऑपरेशन ब्लूस्टार के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के मामले) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.
- पियरे कार्डिन: फ्रांसीसी फैशन किंग, जो आमजन को डिज़ाइनर कपड़े मुहैया कराने के लिए विख्यात थे, का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया. कार्डिन 1950 के दशक के अंत से डिपार्टमेंटल स्टोर्स में कपड़े बेचने वाले पहले डिज़ाइनर थे और इत्र, एसेसरीज़ और भोजन में लाइसेंसिंग शुरू करने वाले पहले शख्स थे.

दिसंबर

मोतीलाल वोरा: अरसे से पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी के विश्वासपात्र रहे दिग्गज कांग्रेसी नेता का उनके 93वें जन्मदिन के एक दिन बाद ही निधन हो गया.

रोडम नरसिम्हा: कर्नाटक के प्रख्यात एयरोस्पेस वैज्ञानिक और 2013 में भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण विजेता का 87 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में निधन हो गया.

विद्यावाचस्पति बन्नंजय गोविंदाचार्य: सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वान, माधव विचारधारा के प्रचारक और महान वक्ता का 84 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों के कारण कर्नाटक के उडुपी में निधन हो गया.

अस्ताद देबू: कथक और कथकली की एक अनोखे रूप में शादी करने के लिए प्रसिद्ध समकालीन नर्तक और 2007 में पद्म श्री के प्राप्तकर्ता का 10 दिसंबर को मुंबई में 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

महाशय धर्मपाल गुलाटी: भारत में मसालों के बादशाह कहे जाने वाले और मसाला ब्रांड 'MDH' (महाशियां दी हट्टी) के मालिक और प्रसिद्ध परोपकारी, जो पीढ़ियों से अपनी कंपनी के विज्ञापनों में नज़र आते थे, का 3 दिसंबर को 98 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.

फ़कीर चंद कोहली: भारतीय आईटी उद्योग के पितामह कहे जाने वाले टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) के संस्थापक और पहले CEO का 96 वर्ष की आयु में 26 नवंबर को मुंबई में उनके निवास पर निधन हो गया.

नवंबर

अहमद पटेल: पर्दे के पीछे रहने वाले दिग्गज कांग्रेसी रणनीतिकार, संकटमोचक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) कोषाध्यक्ष का 25 नवंबर को 71 साल की उम्र में निधन हो गया.

तरुण गोगोई: असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे दिग्गज कांग्रेसी नेता का लंबी बीमारी के बाद 23 नवंबर को गुवाहाटी में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

सौमित्र चटर्जी: वयोवृद्ध अभिनेता का कोलकाता के नर्सिंग होम में निधन हो गया. वे 85 वर्ष के थे. उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार, पद्म भूषण और लेजियन डी' ऑनर (फ्रांस) सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले.

डिएगो माराडोना: वर्ष 1986 में अर्जेंटीना को विश्व कप खिताब दिलाने वाले विश्व-प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी (अर्जेंटीना) का दिल का दौरा पड़ने के बाद 25 नवंबर, 2020 को निधन हो गया.

प्रिंस ख़लीफ़ा: दुनिया में सबसे लंबे समय तक सेवारत रहने वाले प्रधानमंत्री बहरीन के राजकुमार ख़लीफ़ा बिन सलमान अल ख़लीफ़ा का 11 नवंबर को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.

सर सीन कॉनरी: शिष्टता से सराबोर और सजीले चित्तचोर से दिखने वाले स्कॉटिश फिल्म अभिनेता, जिन्होंने फिल्मों में सीक्रेट ब्रिटिश एजेंट 007 जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाकर अकल्पनीय अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि पाई थी, का 90 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई. उन्हें हमेशा उनके ज़बरदस्त, अविस्मरणीय शुरुआती डायलॉग 'बॉन्ड नाम है मेरा ... जेम्स बॉन्ड' के लिए याद किया जाएगा. 2000 में उन्हें महारानी एलिज़ाबेथ ने नाइटहुड से नवाज़ा था.

अक्टूबर

रामविलास पासवान: केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री और देश के प्रमुख दलित नेताओं में से एक रहे राजनेता का 8 अक्टूबर को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

जसवंत सिंह: बीजेपी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे राजस्थान के बीजेपी नेता ने लंबी बीमारी के बाद 27 सितंबर को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में अंतिम सांस ली.

डॉ. ईशर जज आहलूवालिया: 74 वर्षीय प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, जिन्होंने बड़े पैमाने पर शहरीकरण और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी काम किया था, का कैंसर की वजह से नई दिल्ली में निधन हो गया.

भानु अथैया: भारत की प्रथम ऑस्कर विजेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर रहीं भानु का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया. वे 91 वर्ष की थीं. 'गांधी' फिल्म में उनके बेहतरीन कार्य के लिये उन्हें 1983 में ऑस्कर पुरस्कार मिला था.

ली कुन-ही: दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े समूह औद्योगिक समूह सैमसंग के करिश्माई प्रमुख का दिल का दौरा पड़ने के छह महीने बाद 25 अक्टूबर को निधन हो गया.

एडी वैन हेलन: रॉक संगीत के महानतम गिटारवादकों में शुमार ब्रिटिश गिटारिस्ट का लॉस एंजेल्स (अमेरिका) में 65 साल की उम्र में निधन हो गया. वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे.

चर्चित स्थान

जनवरी

नुब्रा घाटी: भारत में पहली बार बर्फ पर चढ़ने का त्यौहार लेह (लद्दाख) स्थित नुब्रा घाटी में मनाया गया. सात दिवसीय यह कार्यक्रम नुब्रा एडवेंचर क्लब द्वारा आयोजित किया गया.

तीर्थन वन्यजीव अभयारण्य, कुल्लू: देश के 146 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट में सर्वश्रेष्ठ अभयारण्य घोषित किया गया.

जांस्कर: खेलो इंडिया पहल के तहत लद्दाख के कारगिल जिले के ज़ांस्कर में भारत का पहला शीतकालीन खेल महोत्सव आयोजित किया गया.

सुलावेसी द्वीप: इंडोनेशिया में आये शक्तिशाली भूकंप ने इस द्वीप को हिला दिया, जिसमें कम से कम 92 लोगों की मौत हो गई और बचाव दल इस हादसे में बचे जिंदा लोगों की खोज की.

दिसंबर

त्सो कर वेटलैंड: भारत ने लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र में समुद्र तल से 4,500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित त्सो कर वेटलैंड (आर्द्रभूमि) परिसर को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया है.

हैदराबाद स्थित नेहरू जूलॉजिकल पार्क इसकी मानक कार्य प्रक्रियाओं के लिए ASCB, इंग्लैंड द्वारा ISO 9001: 2015 गुणवत्ता प्रबंधन मानक प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला चिड़ियाघर बन गया है.

निवार: गंभीर चक्रवाती तूफान के कारण 3 दिसंबर को तड़के चेन्नई के विल्लुपुरम ज़िले के मरक्कानम में भूस्खलन हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और फसलों और खेतों को काफी नुकसान पहुंचा.

नवंबर

चक्रवात निवार: बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम से उठा मज़बूत उष्णकटिबंधीय चक्रवात 25 नवंबर की देर शाम कराईकल और मामल्लपुरम के बीच तमिलनाडु- पुडुचेरी तटों को पार कर गया, जिससे इन क्षेत्रों में बहुत भारी वर्षा हुई.

बागजान तेल कुआं: असम के तिनसुखिया में स्थित इस कुएं में लगी आग पर कई महीनों की कड़ी मशक्कत के बाद अंतत: पूरी तरह काबू पा लिया गया. कनाडा के विशेषज्ञों ने 60 टन की स्नबिंग यूनिट की मदद से इस ब्लोआउट कुँए को पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया.

कबरताल वेटलैंड, बेगूसराय (बिहार), जिसे 'कंवर झील' के नाम से भी जाना जाता है; आगरा, उत्तर प्रदेश में सुर सरोवर, जिसे कीथम झील भी कहा जाता है और महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के लोनार में क्रेटर झील, तीनों को 'रामसर कन्वेंशन' के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि के रूप में घोषित किया गया है.

पन्ना नेशनल पार्क (मध्य प्रदेश): इस अभ्यारण्य द्वारा किये गए उत्कृष्ट संरक्षण प्रयासों के कारण इसे UNESCO Biosphere Reserve घोषित किया गया है.

नागोर्नो-कराबाख: आर्मेनिया और अजरबैजान ने नागोर्नो-काराबाख़ नामक विवादित हिस्से पर कब्ज़े के लिए छह सप्ताह से चल रहे सैन्य संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं.

इज़मिर (तुर्की): 30 अक्टूबर को आये 6.8 रिक्टर स्केल तीव्रता वाले भूकंप की वजह से पूर्वी तुर्की के इलाज़िग प्रांत में 90 लोग और पड़ोसी प्रांत मालत्या में 4 लोग मारे गए जबकि 1,600 से अधिक लोग घायल हुए.

तूफान आयोटा: इस शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय तूफान से मध्य अमेरिका में 18 नवंबर को विनाशकारी बाढ़ से कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया, जिससे हजारों लोग अपने घरों को छोड़ने को मज़बूर हो गए.

टाइफून वामको: 13-14 नवंबर को आये तूफ़ान में फिलीपींस की राजधानी मनीला के उत्तर में कैगन क्षेत्र के दर्जनों शहर बाढ़ के पानी में डूब गए.

तूफान एटा: 3 नवंबर को मध्य अमेरिका के निकारागुआ में 225 किमी / घंटा तक की तेज़ हवाओं के साथ आये शक्तिशाली तूफान के कारण मूसलाधार बारिश हुई.

टाइफून गोनी: फिलीपींस के लूज़ोन नामक मुख्य द्वीप के दक्षिणी हिस्से में 290 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आये इस शक्तिशाली तूफ़ान ने तबाही मचाई.

अक्टूबर

तूफान सैली: उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण अमेरिका के खाड़ी तट पर स्थित कैरोलिनास और जॉर्जिया में भारी बारिश हुई, जिसके फलस्वरूप बाढ़ आ गई. इसके प्रभाव से फ्लोरिडा और अलबामा को भारी बारिश और तूफान का सामना करना पड़ा, बिजली के कई खंभे गिर गए, सड़के नदियां बन गईं और घर जलमग्न हो गए.

टाइफून हैशन: दक्षिणी जापान के द्वीपों में दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लेने के बाद दक्षिण कोरिया पहुंचे इस शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, घरों की बिजली गुल हो गई, सड़कें जलमग्न हो गईं.

तूफान लॉरा: संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफानों में शामिल इस तूफ़ान ने दक्षिण पूर्वी राज्य लुसियाना में भयंकर तबाही मचाई.

खेल जगत

जनवरी

अंशु मलिक: सर्बिया के बेलग्रेड में हुए व्यक्तिगत कुश्ती विश्व कप टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गयी हैं.

भारत ने जीती ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला

भारत ने ब्रिसबेन के द गाबा में हुए चौथे और अंतिम टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर इतिहास रच दिया और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर भी अपना कब्ज़ा बरक़रार रखा.

अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

योनेक्स थाईलैंड ओपन – 2021

बैंकॉक (थाईलैंड) में वर्ष का पहला अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया.

पुरुष एकल खिताब: विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)

महिला एकल खिताब: कैरोलिना मारिन (स्पेन)

सर लुईस हैमिल्टन: फॉर्मूला वन में सात बार विश्व चैंपियन रहे और 95वीं F1रेस अपने नाम कर चुके विजेता को यूनाइटेड किंगडम न्यू ईयर ऑनर्स सूची में नाइटहुड से सम्मानित किया गया, जिसमें उनके नाम के साथ 'सर' का खिताब जोड़ा गया.

प्लेयर ऑफ द सेंचुरी अवार्ड: पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने ग्लोब सॉकर अवार्ड्स में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता. वे क्लब जुवेंटस की ओर से सॉकर खेलते हैं.

क्लेयर पोलोस्क: ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कोच ने 7 जनवरी को पुरुषों के टेस्ट मैचों के 144 वर्षीय इतिहास में पहली महिला मैच अधिकारी बनकर इतिहास रचा. उन्होंने सिडनी में खेले गए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए पिंक टेस्ट में चौथे अंपायर की भूमिका निभाई.

ICC दशकीय पुरस्कार घोषित

28 दिसंबर को दुबई में ये प्रतिष्ठित पुरस्कार घोषित किए गए:

दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड: विराट कोहली

दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए रशेल हेहो-फ्लिंट अवार्ड: एलिस पेरी (ऑस्ट्रेलिया)

टेस्ट / वनडे / टी -20 दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर: स्टीव स्मिथ / विराट कोहली / राशिद खान

एक-दिवसीय / टी -20 सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर: एलिस पेरी / एलिसे पेरी

दशक का ICC स्पिरिट ऑफ द क्रिकेट अवार्ड: एम एस धोनी

दिसंबर

यश वर्धन: राजस्थान के 17 वर्षीय भारतीय निशानेबाज़ ने अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप (IOSC) के 6वें संस्करण में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता.

अमित पंघाल: रोहतक (हरियाणा) के धांसू मुक्केबाज़ ने जर्मनी के कोलोन में हुए विश्व कप में 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता. महिला वर्ग में मनीषा मौन (57 किग्रा भार वर्ग) और सिमरनजीत कौर (60 किग्रा भार वर्ग) ने भी स्वर्ण पदक जीते.

अंशु मलिक: हरियाणा की 19 वर्षीय महिला पहलवान ने बेलग्रेड (सर्बिया) में हुए विश्व कप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता.

जेहान दारूवाला: 22 वर्षीय भारतीय शीर्ष फार्मूला ड्राइवर ने 6 दिसंबर को साखिर (बहरीन) में हुई स्प्रिंट दौड़ में जीत हासिल कर एफआईए फॉर्मूला 2 सर्किट में रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बनकर इतिहास रचा.

FICCI स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर

पुरुष: बजरंग पुनिया (पहलवान)

महिला: इलावेनिल वलारिवन (निशानेबाज़)

खेल मंत्रालय ने हरियाणा में होने वाले खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2021 में चार स्वदेशी खेलों को शामिल करने को मंज़ूरी दे दी है.

इन खेलों में गतका (पंजाब की युद्ध कला), कलरीपायट्टु (केरल की युद्ध कला), थांग-ता (मणिपुर की युद्ध कला) और मल्लखंब (पारंपरिक पोल आधारित जिमनास्टिक जो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बहुत लोकप्रिय है) शामिल किये गये हैं.

सरकार ने योग को प्रतिस्पर्धात्मक खेल का दर्जा देने और इसे सभी राष्ट्रीय और विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल करने का निर्णय लिया है.

विश्व स्तर पर खेलकूद का स्वच्छ माहौल सुनिश्चित करने के लिए भारत ने वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) को 10 लाख डॉलर की सहायता देने का फैसला किया है.

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने वर्ष 2023 FIH पुरुष हॉकी विश्व कप की मेज़बानी लगातार दूसरी बार ओडिशा को सौंपने का फैसला किया है.

चेतन शर्मा: पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज को BCCI की क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया.

पार्थिव पटेल: 17 साल की उम्र में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल बाएं हाथ के बल्लेबाज़ एवं विकेटकीपर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी.

अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

सर्जियो पेरेज़: टीम रेसिंग प्वाइंट के लिए बहरीन सखिर ग्रैंड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस जीतने वाले पहले (1970 के बाद से) मैक्सिकन विजेता बने.

मैक्स वेरस्टापेन: नीदरलैंड के टीम रेड बुल ड्राइवर ने अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित सीज़न की आख़िरी रेस अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2020 जीत ली.

लुईस हैमिल्टन: ब्रिटेन के फॉर्मूला वन ड्राइवर ने टीम मर्सिडीज़ के लिए शकहीर (बहरीन) के बहरीन इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित फॉर्मूला 1 गल्फ एयर बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2020 खिताब जीता.

किबिवोत कांडी: केन्या के धावक 7 दिसंबर को स्पेन में हुई हाफ मैराथन (21 किमी) में 29 सेकंड के अंतर से पिछला विश्व रिकॉर्ड ध्वस्त कर 58 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं.

उन्होंने स्पेन में हुई वालेंसिया हाफ मैराथन में 57 मिनट और 32 सेकंड का समय लेकर सितंबर 2019 में अपने हमवतन ज्योफ्री काम्वोर का 58:01 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया.

बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ़ द इयर 2020: फॉर्मूला 1 के विश्व चैंपियन ब्रिटेन के लुईस हैमिल्टन ने जीता. वे टीम मर्सिडीज़ की ओर से ड्राइव करते हैं.

सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी 2020: बायर्न म्यूनिख क्लब के फॉरवर्ड खिलाड़ी पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने खिताब जीता.

सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी 2020: मैनचेस्टर सिटी क्लब की डिफेंडर लुसी ब्रॉन्ज़ ने खिताब जीता.

विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार - 2020

वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर (पुरुष): स्वीडन के मोंडो डुपलांटिस ने पोल वॉल्ट में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए, फरवरी, 2020 में लगातार दो हफ्ते 6.17 मीटर और 6.18 मीटर.

वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर (महिला): वेनेज़ुएला की युलिमार रोजास (25), मैड्रिड में 7 सेमी से ट्रिपल जंप का विश्व इनडोर रिकॉर्ड तोड़ने के लिए यह खिताब जीता.

ग्रेग बारक्ले: न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के प्रमुख को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) दुबई का नया स्वतंत्र चेयरमैन (अध्यक्ष) चुना गया है.

ओलंपिक परिषद ने 2030 एशियाई खेलों की मेज़बानी कतर की राजधानी दोहा द्वारा किये जाने की घोषणा की है. 2034 में इन खेलों की मेज़बानी सऊदी अरब की राजधानी रियाद द्वारा की जाएगी.

ध्यान रहे कि 2022 एशियाई खेलों की मेजबानी हांगझोऊ, चीन और 2026 संस्करण की नागोया, जापान द्वारा की जानी है.

17 दिसंबर को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने रूस पर अगले दो साल ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने या अगले दो साल के लिये किसी भी विश्व चैंपियनशिप में अपने नाम, ध्वज और राष्ट्रीय गान का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है.

यह प्रतिबंध 2014 के सोची ओलंपिक खेलों के बाद रूसी सरकार पर लगे सरकार -समर्थित डोपिंग और इस पर पर्दा डालने के आरोपों के कारण लगाया गया.

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पेरिस ओलिंपिक्स-2024 से ब्रेक डांसिंग को आधिकारिक ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता देने की घोषणा की है.

इसके अतिरिक्त स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग और सर्फिंग नामक तीन अन्य खेलों को भी ओलंपिक एजेंडा 2020 में शामिल करने को मंज़ूरी दी गयी है.

नवंबर

विश्व रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किग्रा) और संजीत (91 किग्रा) ने कोरोनोवायरस के कारण हुए ज़बरन विराम के बाद फ्रांस के नांटेस में हुए एलेक्सिस वास्टीन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता.

10 नवंबर को दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार IPL (इंडियन प्रीमियर लीग) के खिताब पर कब्ज़ा कर लिया.

ज्ञानेंद्रो निन्गोमबम: मणिपुर हॉकी के पूर्व सीईओ को निर्विरोध भारत में हॉकी को बढ़ावा देने वाले आधिकारिक राष्ट्रीय शासी निकाय हॉकी इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है.

फीफा ने भारत की मेज़बानी में होने वाले महिला अंडर -17 फुटबॉल विश्व कप 2020 (जिसे पहले 2021 तक स्थगित कर दिया गया था) को रद्द कर दिया है. यह प्रतियोगिता अब भारत की मेज़बानी में ही 2022 में आयोजित की जाएगी.

अंतर्राष्ट्रीय

ब्रिटिश F 1 चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने इस्तांबुल में हुई तुर्की ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतकर फॉर्मूला वन के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया. अपना सातवां विश्व चैम्पियनशिप ख़िताब हासिल कर उन्होंने माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली.

लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन) ने इमोला (इटली) में हुई एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स में अपने करियर की रिकॉर्ड 93वीं जीत हासिल की.

राफेल नडाल: टेनिस इतिहास में एटीपी टूर में 1000 एकल मैच जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं. नडाल ने यह उपलब्धि 4 नवंबर को हुए पेरिस मास्टर्स में फेलेसियानो लोपेज (स्पेन) को) हराकर हासिल की.

ICC ने साउथ अफ्रीका में 2022 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को तीन महीने आगे बढ़ा दिया है और अब यह टूर्नामेंट फरवरी (9-26 तक) 2023 में खेला जाएगा.

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष कर दी है.

अक्टूबर

गुरप्रीत सिंह संधू, भारतीय पुरुष टीम के गोलकीपर और महिला टीम की मिड-फील्डर संजू यादव को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने वर्ष 2019-20 का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर पुरस्कार देने का ऐलान किया है.

नीतू डेविड: 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में भारत की सबसे बेहतरीन महिला क्रिकेटरों में शामिल रहीं डेविड को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने चार साल की अवधि के लिए 5 सदस्यीय महिला राष्ट्रीय चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया है.

विष्णु शिवराज पांडियन: 16 वर्षीय भारतीय शूटर ने अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप के पांचवें संस्करण में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता जीती.

ओडिशा सरकार ने भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के साथ अगले तीन वर्षों के लिए भारतीय राष्ट्रीय रग्बी टीम को प्रायोजित करने और उच्च कोटि प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कंडीशनिंग से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.

Model Test For सामान्य / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग जागरूकता

मार्च GK - 01

1. **47वां खजुराहो नृत्य महोत्सव किस राज्य में आयोजित किया गया था?**
   A. राजस्थान
   B. मध्य प्रदेश
   C. छत्तीसगढ
   D. झारखंड
   E. ओडिशा

2. **'राष्ट्र प्रथम - 82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक किस सशस्त्र बल से सम्बंधित है?**
   A. CRPF
   B. BSF
   C. CISF
   D. NSG
   E. ITBP

3. **सरकार ने किस उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन शुरू किया?**
   A. शहरी क्षेत्रों के ऑनलाइन नक्शे प्रदान करने के लिए
   B. शहरी सड़कों का डिजिटल नक्शा प्रदान करने के लिए
   C. नागरिक केंद्रित शासन की सुविधा प्रदान करने के लिए
   D. सभी नगरपालिकाओं के केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने के लिए
   E. शहरी क्षेत्रों में भूमि उपयोग में सुधार करने के लिए

4. **एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) ने किस राज्य में इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम एनहांसमेंट प्रोजेक्ट के लिए 30.40 करोड डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए?**
   A. ओडिशा
   B. मणिपुर
   C. केरल
   D. असम
   E. सिक्किम

5. **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने फरवरी के अंतिम सप्ताह में किस राज्य स्टेट बैंक को अपने नियमन के तहत शामिल कर लिया था?**
   A. गोवा
   B. मेघालय
   C. असम
   D. सिक्किम
   E. झारखंड

6. **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर सूचीबद्ध प्रमुख शेयरों के सूचकांक को CNX निफ्टी के रूप में जाना जाता है. निफ्टी के मूल्य की गणना कितने कंपनियों के बड़े, तरल शेयरों के बाजार मूल्य के आधार पर की जाती है?**
   A. 50
   B. 40
   C. 35
   D. 30
   E. 25

7. **राज्य विधानसभा के चुनाव लड़ने के लिए पात्र होने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?**
   A. 18 वर्ष
   B. 21 वर्ष
   C. 25 वर्ष
   D. 30 वर्ष
   E. 35 वर्ष

8. **_____ 22 फरवरी को राज्य विधानसभा में कागज रहित बजट पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.**
   A. कर्नाटक
   B. उत्तर प्रदेश
   C. तेलंगाना
   D. आंध्र प्रदेश
   E. केरल

9. **हाल ही में किस अरब देश ने महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने की अनुमति दी है?**
   A. कुवैत
   B. जॉर्डन
   C. सीरिया
   D. सऊदी अरब
   E. यमन

10. **किस राज्य ने देश का पहला डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित किया है?**
    A. केरल
    B. दिल्ली
    C. तेलंगाना
    D. ओडिशा
    E. आंध्र प्रदेश

11. **"Unfinished: A Memoir" किस बॉलीवुड सेलिब्रिटी की आत्मकथा है?**

A. दीपिका पादुकोण
B. अनुष्का शर्मा
C. प्रियंका चोपड़ा
D. माधुरी दिक्षित
E. कंगना रनौत

12. **केंद्र ने निजी बैंकों पर _____ से जुड़े बैंक लेनदेन पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है.**

A. उद्योग
B. प्राथमिकता क्षेत्र
C. कृषि
D. सरकार
E. ग्रामीण

13. **अहमदाबाद में नवनिर्मित विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का औपचारिक नाम क्या है?**

A. मोटेरा स्टेडियम
B. नरेंद्र मोदी स्टेडियम
C. सरदार पटेल स्टेडियम
D. गुजरात गौरव स्टेडियम
E. गुजरात क्रिकेट स्टेडियम

14. **कौन सा अधिनियम स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज को नियंत्रित करता है?**

A. भारतीय अनुबंध अधिनियम
B. अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम
C. प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम
D. स्टॉक एक्सचेंज विनियमन अधिनियम
E. इनमें से कोई नहीं

15. **यदि आप रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर सफारी का आनंद लेने की योजना बना रहे हैं, तो आपको किस राज्य में जाना होगा?**

A. मध्य प्रदेश
B. उत्तर प्रदेश
C. राजस्थान
D. पश्चिम बंगाल
E. गुजरात

16. **किसे राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**

A. जुगल किशोर
B. निहाल चंद
C. डॉ. संबित पात्रा
D. विजय सांपला
E. अर्जुन राम मेघवाल

17. **दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड्स 2021 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार किस फिल्म को मिला?**

A. थप्पड़
B. सर
C. तान्हाजी
D. छलांग
E. छपाक

18. **किस देश ने अपनी नई न्यूज़ मीडिया बार्गेनिंग संहिता में गूगल और फेसबुक जैसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म को स्थानीय मीडिया से लिए गए समाचारों के एवज़ में भुगतान करने हेतु संशोधन पारित किया है?**

A. ऑस्ट्रेलिया
B. न्यूज़ीलैंड
C. स्विट्ज़रलैंड
D. फ्रांस
E. ब्रिटेन

19. **कौन सा देश संयुक्त राज्य अमेरिका को दूसरे स्थान पर धकेलकर 2020 में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में उभरा है?**

A. अमेरीका
B. संयुक्त अरब अमीरात
C. सऊदी अरब
D. चीन
E. जापान

20. **उत्तर भारत के किस हिल स्टेशन को तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिकता संवर्धन अभियान यानी 'प्रसाद योजना' (PRASAD) के राष्ट्रीय मिशन के तहत चुना गया है?**

A. धर्मशाला
B. चमोली
C. कुल्लू
D. लेह
E. कुमाऊं

21. **किस धारा / अधिनियम के तहत सरकार भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) को निर्देश जारी कर सकती है?**

A. बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 2
B. कंपनी अधिनियम की धारा 5
C. बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 138
D. RBI अधिनियम की धारा 7
E. इनमें से कोई नहीं

22. **भारत के सबसे बड़े बहु-सांस्कृतिक स्ट्रीट फेस्टिवल में से एक फरवरी के पहले सप्ताह में मुंबई में आयोजित किया जाता है. इसका क्या नाम है?**

A. लाल घोड़ा कला पर्व
B. काला घोड़ा कला महोत्सव
C. आमची मुंबई कला मेला
D. मुंबई कला महोत्सव
E. काला मृग पर्व

23. **केंद्र सरकार ने स्वच्छ आइकॉनिक स्थानों की पहल के तहत कुल 12 पर्यटक स्थलों का चयन किया है. इस परियोजना को कौन सा केंद्रीय मंत्रालय लागू करेगा?**

A. पर्यटन मंत्रालय
B. समाज कल्याण मंत्रालय
C. गृह मंत्रालय
D. जल शक्ति मंत्रालय
E. कला और संस्कृति मंत्रालय

24. **सरकार ने किस IIT के सहयोग से गेमिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र बनाने का निर्णय लिया है?**

A. IIT दिल्ली
B. IIT मद्रास

C. IIT बॉम्बे D. IIT गुवाहाटी

E. IIT कानपुर

25. इसरो ने 28 फरवरी को श्रीहरिकोटा से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-C51 (PSLV-C51) रॉकेट के माध्यम से 19 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया. इन 19 उपग्रहों में प्रमुख उपग्रह किस देश से था?

A. अमेरीका B. ब्राज़ील

C. संयुक्त अरब अमीरात D. मिस्र

E. ब्रिटेन

26. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने हाल ही में किस राज्य के हजारीबाग जिले में 900 साल पुराने बौद्ध मठ की खोज की?

A. बिहार B. उत्तर प्रदेश

C. छत्तीसगढ D. झारखंड

E. पश्चिम बंगाल

27. केंद्र सरकार ने माटम वेंकट राव को किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का प्रबंध निदेशक और और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया?

A. बैंक ऑफ बड़ौदा B. केनरा बैंक

C. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया D. इंडियन बैंक

E. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

28. आज की बैंकिंग प्रणाली में डेटा को डिजिटल रूप में संग्रहीत किया जाता है और इसे कभी भी, कहीं भी एक्सेस किया जा सकता है. इस कम्प्यूटरीकृत परिवेश (एनवायरनमेंट) को क्या कहा जाता है?

A. कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म

B. कोर बैंकिंग सोल्यूशन

C. सेंट्रल बैंकिंग सोल्यूशन

D. नेट बैंकिंग सोल्यूशन

E. ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म

29. निम्नलिखित में से कौन सा कथन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के लिए सही है?

1. यह संवैधानिक संस्था है जो 123वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से बनाई गई है.

2. यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन है.

3. भगवान लाल साहनी पिछड़ा वर्ग (NCBC) के राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष हैं.

A. केवल 1 और 2 B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3 D. केवल 3

E. 1, 2, और 3 सभी

30. सरकार ने 'सेतु भारतम' योजना किस उद्देश्य के लिए शुरू की है?

A. राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क रेलवे क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए

B. बहुत पुराने पुलों के प्रतिस्थापन के लिए

C. रेल पुलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए

D. राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए

E. सभी राजधानी शहरों के सड़क संपर्क में सुधार के लिए

31. 2 मार्च से 4 मार्च तक वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर तीन दिवसीय मैरीटाइम इंडिया समिट -2021 आयोजित किया गया था? इस शिखर सम्मेलन में कौन सा देश भागीदार देश था?

A. नॉर्वे B. न्यूज़ीलैंड

C. ब्रिटेन D. फ्रांस

E. डेनमार्क

32. 21वीं राष्ट्रीय स्काय चैम्पियनशिप जयपुर (राजस्थान) में आयोजित की गई थी. स्काय किस राज्य का पारंपरिक मार्शल आर्ट है?

A. मणिपुर B. नागालैंड

C. ओडिशा D. कश्मीर

E. झारखंड

33. किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर – ड्रामा श्रेणी के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता?

A. The Father B. Mank

C. Nomadland

D. Promising Young Woman

E. The Trial of the Chicago 7

34. विराट कोहली सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं. इंस्टाग्राम पर किस स्पोर्ट्सपर्सन के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं?

A.क्रिस्टियानो रोनाल्डो B. लियोनेल मेस्सी

C. नेमार D. रोजर फ़ेडरर

E. सेरेना विलियम्स

35. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 28 फरवरी को भारत की निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने हेतु एक उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च किया. इसका नाम क्या है?

A. सुरक्षा B. सुपर नेत्रा

C. नभ नेत्रा D. सिंधु नेत्रा

E. नभ प्रहरी

36. **एक रुपए के करेंसी नोटों पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?**

A. वित्त मंत्री
B. RBI के गवर्नर
C. भारत के राष्ट्रपति
D. वित्त सचिव
E. मुख्य आर्थिक सलाहकार

37. **स्टॉकहोम कन्वेंशन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से जुड़ी एक वैश्विक संधि है?**

A. अड़ियल जैविक प्रदूषकों से पर्यावरण का संरक्षण
B. हाइड्रो-फ्लोरोकार्बनस का प्रयोग घटाने के लिए
C. खतरनाक कचरे के ट्रांस बॉर्डर प्रसार को प्रतिबंधित करने के लिए
D. वनक्षेत्रों का दीर्घकालिक उपयोग करने के लिए
E. परमाणु हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध के लिए

38. **भारतीय वायु सेना के एक विशेष दल ने 3 मार्च को बहुराष्ट्रीय अभ्यास " डेज़र्ट फ्लैग" में भाग लिया. यह अभ्यास किस स्थान पर आयोजित किया गया था?**

A.इजराइल
B. संयुक्त अरब अमीरात
C. ब्रिटेन
D. फ्रांस
E. अमेरिका

39. **खेलो इंडिया विंटर नेशनल गेम्स का दूसरा संस्करण किस स्थान पर आयोजित किया गया था?**

A. लेह
B. पहलगाम
C. गुलमर्ग
D. कारगिल
E. स्पीति

40. **इस वर्ष 01 मार्च को मनाये जाने वाले शून्य भेदभाव दिवस का विषय क्या था?**

A. Fight Discrimination
B. End Inequalities
C. Let's end Discrimination
D. Calling all to resist Inequalities
E. Say No to Discrimination

41. **विश्व वन्यजीव दिवस ___ मार्च को मनाया जाता है?**

A. 3
B. 13
C. 17
D. 21
E. 27

42. **4 मार्च को जारी 'ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स' के अनुसार सूचकांक में शामिल 111 शहरों में से रहने के मामले में कौन सा शहर सर्वश्रेष्ठ है?**

A. नई दिल्ली
B. बेंगलुरु
C. जयपुर
D. इंदौर
E. हैदराबाद

43. **भारत सरकार ने पहली बार 14 बड़े वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष किया था?**

A. 1956
B. 1959
C. 1969
D. 1971
E. 1980

44. **निम्नलिखित में से कौन सी झील एशिया में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है?**

A. चिल्का झील
B. लोकटक झील
C. वुलर झील
D. नल सरोवर
E. डल झील

45. **भारत द्वारा निर्यात की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए 4 मार्च को 'लाल चावल' की पहली खेप अमेरिका भेजी गई. यह चावल भारत के किस राज्य में उगाया जाता है?**

A. पश्चिम बंगाल
B. ओडिशा
C. तमिलनाडु
D. उत्तराखंड
E. असम

46. **भारत ने किस देश के साथ 2 मार्च को ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?**

A. जापान
B. ब्रुनेई
C. फिलीपींस
D. वियतनाम
E. दक्षिण कोरिया

47. **किस देश में भारत ने तीन और सांस्कृतिक विरासती स्थलों के पुनर्निर्माण के लिए 15.50 करोड़ रु की मदद देने का निर्णय लिया है?**

A. म्यांमार
B. नेपाल
C. अफ़ग़ानिस्तान
D. श्री लंका
E. भूटान

48. **किस देश ने 26 फरवरी को वर्चुअल मोड में G20 के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (FMCBG) की बैठक की मेजबानी की?**

A. फ्रांस
B. इटली
C. जापान
D. स्वीडन
E. कनाडा

49. **किस भारतीय राजनेता को CERAWeek ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है?**

A. निर्मला सीतारमण
B. राजनाथ सिंह
C. नरेंद्र मोदी
D. प्रकाश जावड़ेकर
E. स्मृति ईरानी

50. **प्रित्जकर आर्किटेक्चर प्राइज -2021, आर्किटेक्चर का सर्वोच्च सम्मान युगल एनी लैकटॉन और जीन-फिलिप वासल ने जीता है. वे किस देश से हैं?**

A. जर्मनी
B. पुर्तगाल
C. नॉर्वे
D. फ्रांस
E. बेल्जियम

Telegram

Government Jobs Made Easy



For Free Learning

Join the

Gyanm Telegram Channel

http://t.me/gyanm34

www.gyanm.in

मार्च GK - 02

1. **10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में नगर निगम प्रदर्शन सूचकांक (MPI) 2020 की अंतिम रैंकिंग में कौन सा शहर शीर्ष पर है?**

A. दिल्ली B. बेंगलुरु
C.चेन्नई D. इंदौर
E. विशाखापत्तनम

2. **04 मार्च को जारी QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 11वें संस्करण में किस विश्वविद्यालय ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा?**

A.कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यूके
B. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके
C. MIT, अमेरिका
D. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका
E. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका

3. **संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट) वर्ष घोषित किया है. निम्नलिखित में से कौन मोटे अनाज में शामिल नहीं है?**

A. रागी B. बाजरा
C. मकई D. ज्वार
E. कोर्रा

4. **वैश्विक समुद्रिक इतिहास में पूर्णतया महिला अधिकारियों द्वारा संचालित मालवाहक समुद्री जहाज़ एमटी स्वर्ण कृष्णा को किस बंदरगाह से रवाना किया गया था?**

A.कांडला B. मोरमुगाओ
C.कांडला
D. जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, मुंबई E. कोच्चि

5. **नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने किस कंपनी के साथ भागीदारी में लाखों भारतीय व्यापारियों के लिए "RuPay SoftPoS" लॉन्च किया है?**

A. SBI Payments B. Paytm
C. PhonePay D. PNB Pay
E. RazorPay

6. **निम्न में से कौन सा कंबोडिया में स्थित है?**

1. अंगकोर थोम 2. बेयोन मंदिर
3. अंगकोर वाट
सही विकल्प चुनें:
A. 1 और 2 B. 2 और 3
C. 1 और 3 D. उपरोक्त सभी
E. इनमें से कोई नहीं

7. **महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बेहतर कार्यान्वयन के लिए अपने सभी प्रमुख कार्यक्रमों को तीन समग्र योजनाओं के तहत चलाने का निर्णय लिया है. सही विकल्प चुनें:**

A. मिशन महिला, मिशन पोषण 2.0, और मिशन बालक
B. मिशन शक्ति, मिशन पोषण और मिशन वात्सल्य
C. मिशन शक्ति, मिशन पोषण 2.0 और मिशन वात्सल्य
D. मिशन शक्ति, मिशन आहार 2.0, और मिशन शिशु
E. मिशन जननी, मिशन आहार 2.0 और मिशन वात्सल्य

8. **भारत में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करने के लक्ष्य से गूगल ने नया वेब प्लेटफॉर्म _____ लॉन्च किया.**

A. Stree Shakti B. Mahila Shakti
C. Naree Udyam D. Women Will
E. Internet Saathis

9. **किस देश ने UNCTAD के बिजनेस-टू-कंज़्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स 2020 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया?**

A. नॉर्वे B. स्विट्ज़रलैंड
C. स्वीडन D. कनाडा
E. सिंगापुर

10. **भारत की थल सीमा (लैंड बॉर्डर) की कुल लंबाई 15,106.7 किलोमीटर है और समुद्री सीमा 7516.6 किलोमीटर लंबी है. भारत अपनी भूमि सीमा कितने देशों के साथ साझा करता है?**

A. छह B. सात
C. आठ D. नौ
E. चार

11. **खारदुंग ला पर्वतीय दर्रा भारत के किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?**

A. हिमाचल प्रदेश B. उत्तराखंड
C. जम्मू और कश्मीर D. सिक्किम
E. लद्दाख

12. **किस वैश्विक संगठन ने 2021-22 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 4.7 प्रतिशत बढ़ाकर 12.6 प्रतिशत कर दिया है.**

A. IMF B. World Bank
C. OECD D. UNDP
E. ADB

13. **प्रधान मंत्री मोदी ने फेनी नदी पर मैत्री सेतु (मैत्री पुल) का उद्घाटन किस राज्य में किया?**

A. मेघालय B. असम
C. मणिपुर D. त्रिपुरा E.मिजोरम

14. **भारतीय रेलवे ने अपनी सभी हेल्पलाइनों को रेल मदद हेल्पलाइन नाम से सिंगल नंबर _____ में एकीकृत किया है.**

A.131 B. 139
C. 121 D. 189
E. 112

15. **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?**

A. गंभीर आतंकवाद ऑपरेशंस
B. संयुक्त राष्ट्र शांति संचालन
C. गहन इंसर्जेंसी ऑपरेशंस
D. गंभीर सांप्रदायिक संघर्ष
E. वीवीआईपी की पुख्ता सुरक्षा

16. **किस भारतीय खिलाड़ी ने पब्लिक वोट के बाद 2020 के लिए "बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (ISWOTY) पुरस्कार जीता?**

A. दुती चंद B. मनु भाकर
C. विनेश फोगाट D. कोनेरू हम्पी
E. पी वी सिंधु

17. **देश के पहले वन चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन रानीखेत में किया गया है? यह किस राज्य में है?**

A. उत्तर प्रदेश B. उत्तराखंड
C. लद्दाख D. हिमाचल
E. अरूणाचल

18. **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने मुंबई में एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (AIP) तकनीक का सफल परीक्षण किया. इसका उपयोग _____को अधिक घातक बनाने में किया जाना है?**

A.विमान B. मिसाइल
C. पनडुब्बियों D. युद्धपोतों
E. मुख्य युद्धक टैंक

19. **किस बैंक ने महिला उद्यमियों के उत्थान हेतु समर्पित मेंटरिंग प्रोग्राम 'स्मार्टअप उन्नति' लॉन्च किया?**

A. ICICI बैंक B. HDFC बैंक
C.बैंक ऑफ बड़ौदा D.पंजाब नेशनल बैंक
E. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

20. **भारत ने किस देश के साथ वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' का दूसरा संस्करण 10 से 19 मार्च तक रानीखेत (उत्तराखंड) के विदेशी प्रशिक्षण नोड (चौबटिया) में आयोजित किया?**

A. तंजानिया B. थाईलैंड
C.ब्रिटेन D. उज़्बेकिस्तान
E. मंगोलिया

21. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

A. यह सदस्य देशों को तरीके और साधन निधि प्रदान करता है.
B. यह विश्व बैंक की एक एजेंसी है और न्यूयॉर्क में स्थित है.
C. यह राष्ट्रों के B.च विश्व व्यापार के संबंध में सभी नियम और कानून बनाता है.
D. इसके सदस्य बनने पर देश अस्थाई भुगतान असंतुलन को पूरा करने के लिए ऋण के पात्र हैं.
E. यह नाटो के सदस्यों द्वारा बनाई गई एक आर्थिक संस्था है

22. **हेरिटेज फाउंडेशन (अमेरिका) द्वारा जारी किए गए 184 देशों के लिए "आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक" में कौन सा देश शीर्ष पर है?**

A. स्वीडन B. न्यूज़ीलैंड
C. सिंगापुर D. ऑस्ट्रेलिया
E. स्विट्ज़रलैंड

23. **किस देश ने 8 से 12 मार्च तक अंतरिक्ष में दुनिया का पहला सैन्य अभ्यास किया?**

A.फ्रांस B. चीन
C. ब्रिटेन D. रूस
E. अमेरिका

24. **क्वाड नेताओं के पहले वर्चुअल शिखर सम्मेलन का आयोजन 12 मार्च को किया गया था. निम्नलिखित में से कौन सा देश क्वाड का सदस्य नहीं है?**

A.भारत B. ऑस्ट्रेलिया
C.न्यूज़ीलैंड D.अमेरीका
E.जापान

25. **कौन सा बैंक 10 मार्च को वियर 'एन' पे (Wear 'N' Pay) सेवाओं के तहत पहनने-योग्य संपर्क-रहित भुगतान उपकरण लॉन्च करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है?**

A.केनरा बैंक B. भारतीय स्टेट बैंक
C. HDFC बैंक D. ऐक्सिस बैंक
E. ICICI बैंक

26. **थॉमस बाक को किस अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है?**

A. FIFA B. ICC
C. IBA D. IOC
E. BWF

27. **केंद्र सरकार द्वारा भारत के नए मुख्य सांख्यिकीविद् के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

A. बिबेक रॉय
B. टीसीए अनंत
C. प्रवीण कुमार
D. वी. श्रीनिवासन
E. जी पी सामंत

28. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने उन राशन कार्ड धारकों के लाभ के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया जो आजीविका की तलाश में नए स्थानों पर चले जाते हैं. इस ऐप का क्या नाम है?

A. प्रवासी मित्र
B. श्रमिक अनाज
C. मेरा राशन
D. राशन बंधु
E. राशन मित्रा

29. भारत की आजादी के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में विभिन्न आयोजनों की योजना के लिए _____ की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है.

A. नरेंद्र मोदी
B. राम नाथ कोविंद
C. अमित शाह
D. जे पी नड्डा
E. ओम बिरला

30. महिला वनडे क्रिकेट में 7,000 रन पूरे करने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी कौन बनी?

A. शैफाली वर्मा
B. लौरा मार्श
C. मिताली राज
D. स्मृति मंधाना
E. सारा टेलर

31. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्यालय _____ में स्थित है.

A. दोहा
B. जिनेवा
C. रोम
D. न्यूयॉर्क
E. ब्रसेल्स

32. भारत को ओलंपिक खेलों में पहला व्यक्तिगत पदक दिलाने वाले पहले भारतीय कौन थे?

A. ध्यानचंद
B. के डी जाधव
C. प्रिथीपाल सिंह
D. राजपाल सिंह
E. मिल्खा सिंह

33. बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी- सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (BIMSTEC) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है. निम्नलिखित में से कौन सा देश BIMSTEC का सदस्य नहीं है?

A.पाकिस्तान
B. भूटान
C. नेपाल
D. म्यांमार
E. भारत

34. "फुगाकू" नामक दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर किस देश द्वारा विकसित किया गया है?

A.दक्षिण कोरिया
B. जापान
C.अमेरीका
D.फ्रांस
E.स्वीडन

35. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 मार्च को _____ के प्रधान मंत्री सनना मारिन के साथ एक आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया.

A.नॉर्वे
B. पुर्तगाल
C.अर्जेंटीना
D.स्वीडन
E.फिनलैंड

36. कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत सभी कंपनियों को उनके नाम में "लिमिटेड" शब्द का उपयोग करना आवश्यक है. कंपनी अधिनियम के संदर्भ में शब्द लिमिटेड का क्या अर्थ है?

A. कंपनी अपने कारोबार के लिए "लिमिटेड" पूंजी जुटा सकती है.
B. कंपनी अधिनियम में उल्लिखित केवल "लिमिटेड" गतिविधियाँ कर सकती है.
C. शेयरधारक की देयता उसके निवेश की सीमा तक "लिमिटेड" है.
D. व्यवसाय चलाने में प्रमोटरों का "लिमिटेड" हित है.
E. इनमें से कोई नहीं

37. भारत में मुद्रा बाज़ार निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा विनियमित है?

A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
B. वित्त मंत्रालय
C. भारतीय रिज़र्व बैंक
D. वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
E. मुद्रा बाज़ार नियामक प्राधिकरण

38. भारत में नाबार्ड बैंक किसको पुनर्वित्त प्रदान नहीं करता है?

A. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
B. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
C. राज्य भूमि विकास बैंक
D. निर्यातकों / आयातकों
E. सहकारी बैंक

39. रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को इस वर्ष 30 सितंबर तक सभी शाखाओं में इमेज़ (छवि) आधारित चेक ट्रंकेशन प्रणाली (CTS) लागू करने को कहा है. CTS में 'T' अक्षर क्या दर्शाता है?

A. Transaction
B. Transmission
C. Truncation
D. Transfer
E. Transit

40. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने तीन पेशेवर योग्यताओं को स्नातकोत्तर डिग्री के समकक्ष मान्यता दी है. सही विकल्प चुनें:

A. CFA--CA--CS
B. CA--CFA--ICWA
C. CS--CA--ICWA
D. ICWA--CPA--CA
E. CFA--CPA--CS

41. ग्रैमी पुरस्कार किस क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं?

A. कला
B. सिनेमा
C. टीवी
D. संगीत
E. साहित्य

42. पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मण पई का निधन 14 मार्च को हुआ. वे एक प्रसिद्ध _____ थे?

A. संगीतकार
B. चित्रकार
C. कार्टूनिस्ट
D. कवि
E. शास्त्रीय नर्तक

43. एटीएम के किस सीमित कारण से लोगों को बैंक की शाखाओं में जाना पड़ता है?

1. यह गंदे नोटों का आदान-प्रदान नहीं करता है.
2. इसमें सीमित नकदी संवितरण क्षमता है.
3. इसमें मानवीय इंटरफ़ेस का अभाव है.

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. सभी 1, 2 और 3
E. इनमें से कोई भी नहीं

44. देश का पहला समर्पित एक्सप्रेस कार्गो टर्मिनल किस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लॉन्च किया गया है?

A. दिल्ली
B. मुंबई
C.चेन्नई
D.बेंगलुरु
E.कोच्चि

45. जेएलएल द्वारा जारी एशिया पैसिफिक क्षेत्र मानव प्रदर्शन संकेतक (HPI) में कौन सा देश शीर्ष पर है?

A. थाईलैंड
B. जापान
C. भारत
D. फिलीपींस
E. न्यूज़ीलैंड

46. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस उद्देश्य के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी के साथ एक विकास वित्त संस्थान (DFI) स्थापित करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी है?

A. राजमार्ग परियोजनाओं के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु
B. बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु
C. सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए धन जुटाने हेतु
D. कृषि बाजारों के निर्माण के लिए धन जुटाने हेतु
E. हवाई अड्डों के निर्माण के लिए धन जुटाने हेतु

47. _____ विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया मुक्त प्रमाणित होने वाला मध्य अमेरिका का पहला देश बना.

A. पनामा
B. कोस्टा रिका
C. निकारागुआ
D. अल साल्वाडोर
E. होंडुरास

48. किस राजधानी शहर को 2020 के विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में तीसरे सीधे वर्ष के लिए दुनिया का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर घोषित किया गया है?

A. बीजिंग
B. ढाका
C. नई दिल्ली
D. दमिश्क
E. बेरूत

